






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 249
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 23 जून, 2024


# बरेली में बवाल

## प्लाट पर कब्जे को लेकर सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग, दुकान में तोड़फोड़, बुलडोजर में लगाई आग





- बरेली में सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग, 6 पुलिसवाले सस्पेंड
- बिल्डर के गुर्गों ने कार-डिवाइडर की आड़ लेकर चलाई गोली

जन एक्सप्रेस | बरेली

बरेली में बिल्डर के गुर्गों और मार्बल कारोबारी के बीच सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग हुई। किसी थ्रिलर मूवी की तरह दोनों पक्ष कभी कार तो कभी डिवाइडर की आड़ लेकर फायरिंग करते रहे। फायरिंग से सड़क पर दहशत फैल गई। 30 मिनट तक बवाल चला। मामला शनिवार सुबह इज्जतनगर पीलीभीत बाईपास रोड का है। घटना के बाद एसएसपी ने इंस्पेक्टर समेत 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इज्जतनगर क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय की पीलीभीत बाईपास रोड पर बजरंग ढाबे के पास शंकरा महादेवा मार्बल्स के नाम से मार्बल्स की दुकान है। थाना इज्जतनगर प्रभारी ने बताया कि शनिवार सुबह सात बजे सूचना प्राप्त हुई कि बिल्डर राजीव राणा, उसका पुत्र, केपी यादव अपने 40-50 अज्ञात लोग एवं दो जेसीबी लेकर आदित्य उपाध्याय की दुकान पर पहुंचे और तोड़फोड़ करने लगे। देखते ही देखते बवाल हो गया। घटना में दोनों पक्षों की ओर से जमकर फायरिंग की गई। जेसीबी में आग लगी दी गई। वहीं कार की टक्कर से संजय और रोहित नाम के दो युवक घायल हो गए। ये दोनों राजीव राणा पक्ष के बताए गए हैं।

### 30-40 गुर्गों के साथ प्लाट कब्जाने पहुंचा था बिल्डर

स्स्क्कघुले सुशील चंद्रभान ने बताया- इज्जतनगर थाना के गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय की पीलीभीत बाईपास रोड पर शंकरा महादेवा मार्बल्स के नाम से शॉप है। शनिवार सुबह बिल्डर राजीव राणा 30-40 अज्ञात लोगों के साथ 2 बुलडोजर लेकर आदित्य की दुकान पर पहुंचे। दुकान और ह्लाट पर कब्जा करने की कोशिश की।

### कारोबारी और उनका बेटा हिरासत में

कब्जे का विरोध कारोबारी आदित्य और उनके साथियों ने किया। मामला गरमाया तो बिल्डर के दोनों बुलडोजर में आग लगा दी गई। फिर, बिल्डर के गुर्गों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। काउंटर में कारोबारी आदित्य की तरफ से भी गोलियां चलीं। पुलिस के पहुंचने से पहले बिल्डर और उनके गुर्गे भाग निकले। पुलिस ने कारोबारी आदित्य और उनके बेटे अविरल को हिरासत में लिया। उनकी लाइसेंसी बंदूक भी कब्जे में ली है। एसएसपी का कहना है- दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने तत्काल पहुंचकर आग बुझाई और ला एंड ऑर्डर को संभाला।

### बैरियर लगाकर दोनों तरफ से रोड ब्लॉक किया

स्स्क्कबरेली घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फायर विभाग की 3 गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं। पुलिस ने पीलीभीत बाईपास रोड पर दोनों तरफ बैरियर लगाए। बवाल शांत होने पर ट्रैफिक सामान्य हुआ।

### पुलिस भी दर्ज करवा रही एफआईआर

एसएसपी बरेली घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि इज्जतनगर इंस्पेक्टर जयशंकर, एक दरोगा और चार सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस की तरफ से भी एक एफआईआर की दर्ज की जा रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तारी के लिए 3 टीम लगाई गईं है।

### ये पुलिसकर्मी हुए निलंबित

1. निरीक्षक जयशंकर सिंह
2. उप निरीक्षक राजीव प्रकाश
3. कांस्टेबल सन्नी कुमार
4. कांस्टेबल विनोद कुमार
5. कांस्टेबल राजकुमार
6. कांस्टेबल अजय तोमर

### सीओ ने कहा, कोई घायल नहीं

अभी तक की पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि इससे पहले किसी भी पक्ष ने ह्लॉट को लेकर पुलिस या प्रशासन से कोई शिकायत नहीं की थी। सड़क किनारे खाली पड़ी जमीन को लेकर विवाद क्यों था? जमीन की रजिस्ट्री किसके नाम है? इस संबंध में तहसील से पुलिस ने रिकॉर्ड मांगे हैं। फायरिंग में छत पर खड़े एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। हालांकि सीओ थर्ड अनीता ने कहा- गोली से कोई घायल नहीं हुआ है।

### यह था मामला

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय की पीलीभीत बाईपास रोड पर बजरंग ढाबे के पास शंकरा महादेवा मार्बल्स के नाम से मार्बल्स की दुकान है। शनिवार सुबह सात बजे दूसरे पक्ष के बिल्डर राजीव राणा, उसका पुत्र, केपी यादव अपने 40-50 अज्ञात लोग एवं दो जेसीबी लेकर आदित्य उपाध्याय की दुकान पर पहुंचे थे। इन लोगों पर बुलडोजर से दुकान में तोड़फोड़ करने का आरोप है। सूचना पर आदित्य उपाध्याय पक्ष के लोग पहुंचे। देखते ही देखते यहां बवाल हो गया था। संबंधित खबर- बरेली में बवाल- ह्लाट पर कब्जे को लेकर सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग, बुलडोजर में लगाई आग, इलाके में फैली दहशत दोनों पक्षों की ओर से जमकर फायरिंग हुई। दो जेसीबी में आग लगी दी गई। करीब 30 मिनट तक बीच सड़क पर बवाल होता रहा, जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी। इस घटना में कार की टक्कर से संजय और रोहित नाम के दो युवक घायल हो गए। ये दोनों राजीव राणा पक्ष के बताए गए हैं। घटना के बाद ये लोग मौके से फरार हो गए। इनकी तलाश में पुलिस जुटी है।

### फिल्मी स्टाइल में दागी थीं गोलियां

पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। घटना के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें कई युवक फिल्मी स्टाइल में बीच सड़क पर फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। इस घटना में पुलिस की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने इज्जतनगर थाना प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि घटना काफी संगीन है। इसमें जो लोग शामिल रहे, उनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

# नहीं चलेगी, नहीं चलेगी... स्कूलों की मनमानी नहीं चलेगी

## राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण प्रदेश में स्कूलों की मनमानी पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है

- यूपी के स्कूलों में नए नियम लागू होंगें, नई नियमावली बनाई जा रही है
- जल्द ही इस नियमावली को मंजूरी दिलाई जाएगी
- दावा है कि अब स्कूल मनमानी फीस नहीं वसूल सकेंगे



जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। गर्मियों की छुट्टियों के बाद जुलाई में स्कूल खुलने के लिए तैयार हैं। नया सत्र अप्रैल से ही शुरू हो गया है। इधर, प्रदेश सरकार का दावा है कि स्कूल अब फीस व अन्य मामलों में मनमानी नहीं कर पाएंगे। उनकी निरंकुश कार्यशैली पर राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण लगाम कसेगा। राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण प्रदेश में स्कूलों की मनमानी पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। यूपी के स्कूलों में नए नियम लागू होंगें। नई नियमावली बनाई जा रही है और जल्द ही इसे मंजूरी दिलाई जाएगी। प्राधिकरण का गठन होने के बाद निजी स्कूलों की अनियंत्रित कार्यशाली पर रोक लगेगी। वह मनमानी फीस वसूल नहीं सकेंगे। स्वतंत्र संस्था होगी, सदस्यों और अध्यक्ष के लिए योग्यता तय की जाएगी।

### नियमावली बनाई जा रही है

स्कूलों को नियंत्रित करने के लिए राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है।फिलहाल इसकी नियमावली बनाई जा रही है और जल्द ही इसे मंजूरी भी दी जाएगी। विभिन्न मानकों को सख्त किया जाएगा। यह स्वतंत्र संस्था होगी और सदस्यों और अध्यक्ष के लिए योष्यता तय की जाएगी।

### शासन सभी स्कूलों का मूल्यांकन करेगा, जिसके आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी

यह नियमावली माध्यमिक शिक्षा विभाग को बनानी है। प्राइमरी और माध्यमिक स्कूल अभी बेसिक शिक्षा परिषद व माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से तैयार किए गए नियमों के अनुसार चलाए जा रहे हैं। ऐसे में आवश्यकतानुसार नियमों को अपडेट किया जाएगा और सख्ती से लागू किया जाएगा। शासन सभी स्कूलों का मूल्यांकन करेगा, जिसके आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी।

# लखनऊ एयरपोर्ट : नए टर्मिनल में फ्लाइटें हुईं शिफ्ट

## अब 500 मीटर तक बढ़ाई जाएगी रनवे की लंबाई



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल पर घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय विमानों की शिफ्टिंग के बाद अब एयरपोर्ट प्रशासन का पूरा फोकस रनवे की लम्बाई बढ़ाने पर है। 27 सौ मीटर लम्बे रनवे की लम्बाई पांच सौ मीटर और बढ़ाई जाएगी। इससे बड़े जहाजों को उतारने में आसनी होगी तथा लखनऊ से यूरोप व अमरीका के लिए उड़ानों को शुरू किया जा सकेगा। चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट उत्तर भारत का प्रमुख हवाई अड्डा बनकर उभरा है। एयरपोर्ट पर हाल ही में नया टर्मिनल टी-थ्री बनकर तैयार हुआ है, जिस पर घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को शिफ्ट किया जा चुका है। इससे यात्रियों को खासी राहत हो जाएगी। इसी क्रम में अब एयरपोर्ट के रनवे को लम्बा करने की तैयारी है। दरअसल, वर्ष 2012 में एयरपोर्ट के रनवे की लम्बाई बढ़ाने का खाका तैयार किया। लेकिन केंद्र व राज्य सरकारों की आपसी तनातनी के बीच यह काम अटक गया। पर, अब रनवे विस्तार की फाइल को गति मिल रही है। सूत्र बताते हैं कि रनवे लम्बाई बढ़ाने को लेकर कई चरणों में वार्ता हो चुकी है, लेकिन फाइल अटकी ही रही।

### डबल रनवे भी बनेगा!

दिल्ली व मुम्बई में दो-दो रनवे हैं। जिनकी लम्बाई 4000 मीटर से अधिक है। चूंकि अमौसी एयरपोर्ट पर एक और टर्मिनल टी-4 को बनाने के लिए पर्यावरण क्लीयरेंस लिया जा चुका है। इसलिए इसका निर्माण भी पाइपलाइन में है। लिहाजा विमान व यात्रियों की संख्या बढ़ने पर रनवे की आवश्यकता भी बढ़ेगी, जिसके लिए डबल रनवे पर भी मंथन किया जा रहा है।

# 50 लाख की घूस मांगने पर सहायक लेखाधिकारी निलंबित, संपत्ति प्रबंधक हटे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

आवास एवं विकास परिषद के व्यावसायिक भूखंड का आवंटन करने के लिए 50 लाख रुपए की घूस मांगे जाने पर गाजियाबाद संपत्ति कार्यालय के दो अफसरों पर गाज गिरी है। इनमें एक सहायक लेखाधिकारी एवं संपत्ति प्रबंधक शामिल हैं। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने सहायक लेखाधिकारी राजकुमार को निलंबित एवं संपत्ति अधिकारी आनंद कुमार गौतम को उनके पद से हटा दिया है। इनमें राजकुमार को गाजियाबाद एवं संपत्ति प्रबंधक को मुख्यालय लखनऊ में संबद्ध किया गया है। पूरे मामले पर जांच बैठ गई, जिसकी कमान मेरठ जोन के जोनल आयुक्त को सौंपी गई है। गाजियाबाद निर्माण खंड दो अधिशासी अभियंता को दोनों अफसरों के आरोप पत्र तैयार करने का जिम्मा दिया गया है। सचिव ने यह कार्रवाई गत शुक्रवार को वीडियो क्लिप के आधार पर की। वीडियो में सहायक लेखाधिकारी के द्वारा गाजियाबाद की सिद्धार्थ विहार योजना में व्यावसायिक भूखंड का आवंटन करने के लिए 50 लाख रुपए की घूस मांगी जा रही है। इस मामले की वीडियो क्लिप सहित आयुक्त डॉ. बलकार सिंह से शिकायत की गई थी। आयुक्त ने मुख्यालय के अफसरों की उपस्थित में वीडियो को देखा तो सहायक लेखाधिकारी राजकुमार एवं संपत्ति प्रबंधक आनंद कुमार गौतम की पहचान हुई।

# समय पर और बिना त्रुटि के हर उपभोक्ता के घर तक पहुंचाएं बिजली का बिल : मुख्यमंत्री योगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ऊर्जा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रजेंटेशन का अवलोकन किया। सीएम योगी ने कहा कि बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ मैकेनिज्म तैयार करे। सीएम योगी ने प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर विशेष जोर दिया और कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाए। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि बिजली का बिल सही समय पर और बिना गड़बड़ी के हर उपभोक्ता के घरों तक पहुंचना चाहिए। मीटर रीडर को इसके लिए जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। उपभोक्ताओं को ओटीएस के बारे में जागरूक करें, ताकि बकाया बिजली के बिल को जमा करने में मिलने वाली सहूलियत के बारे में उसे अच्छी तरह से पता हो। बिजली के बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को किसी भी सूरत में परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर क्वालिटी मेंटेन करने पर देना होगा। मेंटेनेंस के कारण अगर बिजली कटौती की जाती है तो कब और कितनी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि स्मार्ट मीटर की कवायद तो तेजी से आगे बढ़ाया जाए। ईज ऑफ लिविंग के लिए यह बहुत जरूरी है, जिससे सच्चे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

### 40 प्रतिशत उपभोक्ता ऑनलाइन जमा कर रहे बिल

अफसरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से और 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। ऑनलाइन सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए लोड बढ़ाने से लेकर नाम, पता बदलने तक की सुविधा ऐप के माध्यम से दी जा रही है। साथ ही बिजली का बिल जमा करने के लिए प्रतिमाह औसतन 7 एसएमएस भी भेजे जाते हैं।

# यूपी का मौसम : पूरे प्रदेश से खत्म हुआ लू का प्रकोप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में मानसून पूर्व राहतों की बारिश जारी है। राज्य के कई जिलों में शनिवार को बारिश हुई। उत्तर प्रदेश में बारिश का औसत 1.8 मिमी रहा। सर्वाधिक 27.2 मिमी बरसात बांदा में रिकार्ड हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में जारी मानसून पूर्व बरसात के कारण दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में अधिकतम तापमान में आई गिरावट के कारण शनिवार को प्रदेश से लू की स्थिति पूरी तरह से समाप्त हो गई। हालांकि 25 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं तापमान में वृद्धि की संभावना बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, आगामी तीन से चार दिन में मानसून का संभावित आगमन तय है। 24 जून से बरसात में बढ़ोतरी हो सकती है। इसी क्रम में 24 से 26 जून के दौरान पूर्वांचल के कुछ जिलों में भारी वर्षा होने की भी संभावना है। साथ ही वज्रपात की चेतावनी भी मौसम विभाग ने दी है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# जिले के सबसे बड़े गांजा तस्कर को दो माह बाद भी नहीं पकड़ पायी थाना पुलिस?

जन एक्सप्रेस। प्रदीप कुमार त्रिपाठी

- सपा-बसपा सरकारों का पोषित है जिले का सबसे बड़ा गांजा तस्कर मोहित निगम
- भाजपा की सरकार आते ही पुलिस ने कई बार मोहित निगम को गांजा की बड़ी खेप के साथ पकड़ा
- क्या बांदा पुलिस को गैंगस्टर जैसी कार्यवाही नहीं करनी चाहिए गांजा तस्कर मोहित निगम के ऊपर
- गांजा तस्कर की हनक तो देखिए यहीं दिनभर बांदा शहर में खुलेआम घूमता है
- पुलिस को गुमराह कर जेल जाने से बचना चाहता है जिले का सबसे बड़ा गांजा तस्कर
- गांजा तस्करी से बनाई करोड़ों-अरबों की सम्पत्ति

बांदा। आपको बताते चलें कि मामला बांदा जिले के पैलानी थाने का है, जहां क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह की टीम ने चेकिंग के दौरान 101 किलो गांजा की खेप पकड़ी थी और उसी खेप में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिन्होंने फरार तस्कर मोहित निगम का नाम लिया था लेकिन दो माह बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है और जब जन एक्सप्रेस संवाददाता ने क्षेत्राधिकारी से इस मामले में बात की तो क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि मौकाये वारदात में पकड़े गए आरोपियों ने फरार गांजा तस्कर मोहित निगम का नाम लिया था और आरोपी मोहित निगम ने अपने कुछ साक्ष्य दिए हैं जिनकी जांच विवेचक कर रहे हैं। आगे जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।

### कौन है जिले का सबसे बड़ा गांजा तस्कर मोहित निगम

आइये जानते हैं-आपको बताते चलें कि ये सपा-बसपा सरकारों में सेटिंग व राजनीतिक दबाव के कारण भारी मात्रा



फरार गांजा तस्कर मोहित निगम

में खुला गांजा तस्करी करता था और इस गांजा तस्करी के लिए इसने नये लड़कों का इस्तेमाल किया खुद घर में बैठा रहता है और लड़कों से फोन व रूपयों के लालच के माध्यम से मंडल के सभी जिलों में गांजा तस्करी कराता रहा और गांजा तस्करी करके करोड़ों रुपए की संपदा चल-अचल खड़ी कर ली लेकिन जबसे सूबे में भाजपा की सरकार आयी तब से मानों मोहित निगम की सामत ही आ गयी। बांदा पुलिस ने तस्कर मोहित निगम पर कसाव कसना शुरू किया और निगरानी कर इसे सैकड़ों किलो गांजा के साथ इसकी सभी दो नम्बर की गांजा तस्करी में इस्तेमाल होने वाली लक्जरी गाड़ियों को भी सीज किया, जो आज भी पुलिस लाइन में जंग खा रही हैं। लेकिन पुलिस इसके हौसले को नहीं तोड पायी अब मोहित थोड़ा सतर्क हो गया और अब पुलिस को दिखाने के लिए खुद अपने घर में रहता है। इस तस्कर के घर में कैमरे लगे हैं और फोन के माध्यम से गांजा तस्करी नये-नये लड़कों से कराता है ताकि पुलिस की आंखों में धूल झोंक सके। इस गांजा तस्कर मोहित निगम के ऊपर गांजा तस्कर के कई बड़े मुकदमे दर्ज हुऐ और पुलिस ने जेल भी भेजा लेकिन रूपयों से मजबूत होने के कारण ये तुरंत जेल से बाहर आ वापस गांजा तस्करी में लग जाता है। लेकिन आज तक पुलिस इस गांजा तस्कर के ऊपर लगाम नहीं लगा पायी।जिसकी बानगी दो माह पूर्व 101 किलो गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी हैं।

### मोहित निगम के पास जेल से भी आते हैं फोन

आपको बताते चलें कि जिले के सबसे बड़े गांजा तस्कर के पास बाहर ही नहीं बल्कि जेल के पीसीओ से भी फोन आते हैं और जिससे ये अपने पकड़े गए तस्करों की मदद करता है । रूपयों के लालच के चक्कर में नये-नये लड़कों की जिंदगी बर्बाद कर उसे गांजा तस्कर बना दिया। आज भी जिले में गांजा तस्करी में सबसे पहला नाम मोहित निगम का आता है। इससे पहले भी कई बार पुलिस के हाथ सिर्फ खाली ही रह गए हैं। या तो मोहित निगम ने उन्हें खरीद लिया या फिर उन सख्त अफसरों का ट्रांसफर हो गया।

### क्या बांदा पुलिस को गुमराह कर पाऐगा तस्कर मोहित निगम

क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि बीते दो माह पूर्व 101 किलो(एक कुंतल) गांजा की खेप में 5 आरोपियों ने फरार तस्कर का नाम लिया था लेकिन आरोपी ने कुछ साक्ष्य दिऐ हैं जिनकी जांच चल रही है।विवेचक साक्ष्यों की जांच कर रहे हैं। आगे कार्यवाही की जाएगी

## फास्ट फॉरवर्ड

### 6 जुआरी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि उप निरीक्षक यूटी पवन चौधरी एवं आरक्षी निवोद यादव, भास्कर शुक्ला, अमित द्विवेदी द्वारा अशरफनवाज, रसूल मोहम्मद, सोनू यादव निवासीगण महावीर नगर, लवकुश निवासी शास्त्री नगर, विजय कुमार निवासी आर्यनगर, धनकुमार निवासी एलाह बड़हिया थाना मानिकपुर को गिरफ्तार किया गया। मालफ्ढ 27600 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 1900 रुपये बरामद किये गये। आरोपियों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### क्षेत्राधिकारी ने थाना रैपुरा में फरियादियों की समस्याओं को सुना

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट** थाना समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

### राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ वर्चुअल संगोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** संत कबीर जयंती में वर्चुअल संगोष्ठी का गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विभाग विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में संत कबीर जयंती के अवसर पर डिजिटल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वर्चुअल संगोष्ठी के संस्थाध्यक्ष डॉ विनय कुमार चौधरी (प्राचार्य) ने हिंदी विभाग के इस पहल के लिए उन्हें बधाई दी। संगोष्ठी में प्रो आशुतोष कुमार (दिल्ली विश्वविद्यालय) एवं डॉ. किरण त्रिपाठी (जगद्?गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्व विद्यालय) ने वर्चुअल संगोष्ठी के मुख्य प्रतिपाद्य 21 वीं सदी के भारत में कबीर की आवश्यकता व कबीर का समाज पर अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये। प्रो आशुतोष कुमार ने 21वीं शदी में कबीर को जीवंत बताया। डॉ. किरण त्रिपाठी ने कबीर को मानवता का पोषक बताया। इस मौके पर हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. नीरज गुप्ता एवं डॉ गौरव पाण्डेय भी उपस्थित रहें हैं।

### मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत महिलाओं का ई-रिक्शा चलाने के प्रशिक्षण का हुआ शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट :** मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत 100 महिलाओं का दस दिवसीय ई-रिक्शा चलाने के प्रशिक्षण का शुभारम्भ शारदा आदर्श इण्टरमीडिएट कॉलिज भरतकूप में सहायक उपायुक्त रुपेश कुमार आनन्द एवं सहायक प्रबन्धक विकास कुमार ने किया। सहायक उपायुक्त रुपेश कुमार आनन्द ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं के आर्थिक रुप से ससक्त बनाना है। साथ ही स्वरोजगार को बढ़ावा देना है, जिससे धनोपार्जन करके अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सकते हैं। सहायक प्रबन्धक विकास कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण सरकार की मंशानुरुप सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनायेगा।

# कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने ट्रक (ट्रेलर) लूट की घटना का किया अनावरण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी पुलिस एवं एसओजी चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली कर्वी अन्तर्गत हुयी ट्रक (ट्रेलर) लूट की घटना का अनावरण करते हुये 4 लूटेरों को लूट का 22 चक्का ट्रक (ट्रेलर) सीमेण्ट लदा, घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल, तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया। वादी हरिओम गुप्ता पुत्र स्व मंगल शरण गुप्ता निवासी संग्राम कॉलोनी जनपद सतना ने कोतवाली कर्वी में बीती 17 जून को सूचना दी थी कि 15 जून को उनका सीमेण्ट से लदा ट्रेलर दिन में ड्राइवर, खलाशी द्वारा नो एंट्री में सोनेपुर के पास रोड पर खडा किया गया था, जिसको अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि में सीमेन्ट से भरे ट्रेलर को चोरी कर लिए थे। जिस पर थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात लोगों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस दौरान विवेचना में वादी मुकदमा व खलाशी इन्द्रबहादुर के बयान से यह तथ्य प्रकाश में आया कि राधे उर्फ फुल्लू, जाकिर, प्रसादे व अली काले रंग की चार पहिया से आकर खलाशी से मारपीट कर ट्रेलर की चाभी व उसका मोबाइल छिनकर ट्रेलर को कर्वी होते हुए जनपद से बाहर राजापुर रोड की तरफ भाग गए थे।

पुलिस अधीक्षक ने घटना को संज्ञान में लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी को घटना के अनावरण के लिए लगाया। घटना के अनावरण के लिए कोतवाली कर्वी एवं एसओजी टीम लगातार प्रयासरत थे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी एवं एसओजी टीम द्वारा राजापुर से पहाडी की ओर आ रही चार पहिया गाड़ी से राधे उर्फ फुल्लू निवासी मुहम्मदपुर असवा, जाकिर निवासी लाइन बाबा दरगाह नई बाजार भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी से आरोपी राधे के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि बीती 15 जून की रात्रि में अपने दोस्तों के चक्कर में व पैसों के लालच में आकर नो एंट्री सोनेपुर रोड़ किनारे खडे सीमेण्ट से लदे ट्रेलर (ट्रक) को खलाशी से मारपीट कर उससे ट्रेलर की चाबी व मोबाइल छीनकर उसी ट्रेलर में लदी सीमेण्ट को बेचने के चक्कर में राधे उर्फ फुल्लू निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज, जाकिर निवासी लाइन बाबा दरगाह नई बाजार भरवारी, प्रसादे निवासी मुहम्मदपुर असवा, अली निवासी पुलिस चौकी के पीछे भरवारी गांधीनगर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी भाग गए थे। लूटे हुए ट्रेलर के बारे में आरोपियों ने बताया कि हम दोनों ने अपने साथियों अली, नीलू, प्रसादे, अंकेश व राधेश्याम के साथ मिलकर ट्रेलर को छिपाने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक लूटे गए ट्रेलर को मूरतगंज कस्बा के आगे मेला बाग के मैदान में पीछे की ओर छिपा दिया और निरगानी के लिए तीनों साथियों राधेश्याम, अंकेश, नीलू को लगा दिया। आरोपियों द्वारा बताए गये स्थान पर जाकर देखा तो ट्रेलर तिरपाल से ढका हुआ दिखाई दिया, जिसमें तीन आरोपी बैठे दिखाई दिए। अचानक पुलिस वालों को देखकर कूदकर भागने की कोशिश की। जिसमें से 2 आरोपी राधेश्याम, अंकेश को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान नीलू निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा।

गिरफ्तारी के दौरान कोतवाली कर्वी अपराध निरीक्षक लाखन सिंह, उप निरीक्षक अंशुल कुमार, आरक्षी राहुल देव, नीतू द्विवेदी व एसओजी टीम के आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, रोहित सिंह, रोशन सिंह, गोलू भार्गव, राघवेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने के बाद मिलने आई युवती के साथ दोस्त ने किया दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। उरई

### युवक के बुलाने पर युवती मिलने के लिए घर से ग्वालियर जाने की बात कहकर निकली

इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने के बाद युवक से मिलने आई युवती को होटल में नशीला पदार्थ खिलाकर युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। कोतवाली पहुंची युवती ने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

म.प्र. के डबरा निवासी एक युवती इंस्टाग्राम पर रील बनाने के साथ साथ पोस्ट करती थी। इस दौरान उसका जिले के कस्बा बंगरा निवासी एक युवक से इंटाग्राम से संपर्क हो गया, और कुछ ही दिन बाद दोनों में दोस्ती हो गई। इतना ही नहीं दोस्ती इसकदर गहरी हुई कि युवक के बुलाने पर युवती उससे मिलने के लिए घर से ग्वालियर जाने की बात कहकर निकली थी और शहर के एक होटल में आ गई। जहां पर पहुंचे युवक ने रुककर युवती को कुछ नशीला पदार्थ खिला दिया। इसके बाद उसने युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जब युवती होश में आई तो उसने देखा कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है और उसका साथी युवक मौके से फरार हो गया है। इसके बाद युवती ने कोतवाली पहुंचकर पूरी घटना पुलिस को बताई। पुलिस ने जब युवती से होटल के बारे में पूछा तो दूसरे प्रदेश की होने के कारण वह होटल का सही पता नहीं बता सकी। हालांकि कोतवाली पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर चल रही हैं, क्योंकि युवती स्वेच्छा से युवक से मिलने आई थी। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा कि अभी मामला संदिग्ध है। घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है, और युवक को तलाश शुरू कर दी गई है।

# साइबर अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए 9 पीड़ितों के वापस कराए रुपए

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आम जनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर साइबर अपराध रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय राज कमल के पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशीकान्त राय तथा आरक्षी सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार द्वारा माह जून में कुल 9 साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के कुल 3,73,971 रुपये उनके खातों में वापस कराये गये।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी जिनके पास एन्ड्राइड मोबाइल उपलब्ध है। आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं, लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। आँनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को यह जानकारी जरुरी है कि कुछ सावधानी अपनाकर साइबर ठगी से बचा जा सकता है। जनपदीय साइबर सेल द्वारा लगातार लोगों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुक किया जाता हैं एवं साइबर अपराध की शिकायत प्राप्त होने पर पीडितों की शिकायत दर्ज कर सम्बन्धित बैंकों से समन्वय स्थापित कर पीड़ितों की धनराशि वापस करायी जाती है।

### एडीएम व एएसपी ने सुनी जन समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना सरधुवा एवं थाना पहाड़ी में थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह आदि मौजूद रहे।

# अभाविप ने एनटीए के विरोध में किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत द्वारा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के विरोध में पुतला दहन व प्रदर्शन किया गया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा कराया गया नीट एग्जाम में भ्रष्टाचार पाया गया, उसके तुरंत बाद बीती 18 जून को यूजीसी नेट की परीक्षा टेस्टिंग एजेंसी द्वारा कराई गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नेट की परीक्षा को रद्द कर दिया गया। एनटीए में लगातार भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी करोडों छात्रों के भविष्य के साथ खेल रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का विरोध करती है और इसके ऊपर सीबीआई की जांच की मांग करती है। आज के दिन पूरे देश में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री रामजी, जिला सहसंयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, जिला संयोजक रोहित पांडेय, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नितेश त्रिपाठी, कमल रंजन शुक्ला, विजय किशोर, शनि अग्रहरि, प्रियांशु मिश्रा, अमानत अग्रहरि, रोहन शुक्ला, नितिन पांडेय, अनुराग द्विवेदी, सत्यम केसरवानी, प्रशांत मिश्रा, अमन आदि मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चालक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीए मवई निवासी अनुज 28 वर्ष शुक्रवार को बाइक से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह आटा स्टेट बैंक के पास पंहुचा। तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया, और घायल हो गया। राहगीरो ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना परिजनों को दी। ल खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी। मृतक की पत्नी लड़ेता देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### गिट्टी लदे डंफर में लगी आग, चालक और खलासी ने कूदकर बचाई जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में गिट्टी लादकर जा रहे डंपर में अचानक लग गई। आग का धुंआ उठता देख चालक व खलासी ने डंपर को खड़ाकर कूंदकर अपनी जान बचाई। लेकिन तब तक डम्फर का केबिन बुरी तरह से जल गया। झांसी निवासी चालक धर्मेंद्र 35 वर्ष अपने खलासी अजय 20 वर्ष व साथी मोनू 19 वर्ष के साथ शनिवार की सुबह झांसी से डम्फर में गिट्टी लादकर बांगरमऊ जा रहा था। तभी आटा थाने के सामने डंपर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग के साथ धुंए के गुब्बारे उठने लगे। डंपर में लगी आग व धुंआ उठता देख चालक व खलासी ने कूंद कर अपनी जान बचाई। वहीं डंपर में लगी आग को देखकर थाने में मौजूद सिपाही दौड़ कर मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक डम्फर का केबिन पूरी तरह जल चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# 26 जून से 31 जुलाई तक चलेगा बाल स्वास्थ्य पोषण अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि विटामिन ए सम्पूरण अभियान राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस विभाग के सहयोग से संचालित बाल स्वास्थ्य पोषण आगामी 26 जून से 31 जुलाई तक चलाया जायेगा। विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम टीकाकरण का एक अभिन्न अंग है जो प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं शनिवार को नियमित टीकाकरण वीएएनडी सत्रों में प्रतिवर्ष माह जून-जुलाई एवं दिसम्बर में 2 चरणों में आयोजित किया जाता है। बाल स्वास्थ्य पोषण माह का उददेश्य 9 माह से 5 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों में निम्न लक्ष्यों को प्राप्त करना है, जिसमें रोगों से लडने की क्षमता में वृद्धि 5 वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु दर में कमी लाना, रतौधी एवं कुपोषण से बचाव एवं उपचार, टीकाकरण के दौरान लक्षित बच्चों के साथ छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण, आयोडीन युक्त नमक के प्रयोग से बच्चों में शारीरिक एवं विकृतियों में कमी लाना। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विटामिन ए सम्पूरण अभियान का आगामी 26 जून से शुभारम्भ होना है, इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अभियान के दौरान स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस विभाग के सहयोग से सेवाएं प्रदान की जा रही है। 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित कराना, नियमित टीकाकरण के दौरान लक्षित बच्चों का टीकाकरण एवं मिजिल्स (खसरा) के प्रथम टीके 9 से 12 माह एवं द्वितीय टीके 16 से 24 माह के साथ विटामिन ए की कमशः प्रथम खुराक एवं द्वितीय खुरॉक का आच्छादन किया जायेगा, अभियान के दौरान बच्चों का वजन एवं चिन्हित अति कुपोषित बच्चो का संदर्भन किया जाना, 6 माह तक स्तनपान एंव 6 माह के बाद पूरक आहार को बढ़ावा देना, आयोडीन युक्त नमक के प्रयोग के लिए समुदाय को जागरूक करना है। विटामिन-ए वसा में एक घुलनशील विटामिन है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है तथा यह सूक्ष्मपोषक तत्व कुपोषण से भी बचाता है। प्रदेश में 50 प्रतिशत बच्चों में विटामिन ए की कमी होने का खतरा होता है, जो कि बच्चों में बीमारी एवं मृत्युदर की संम्भावनाओं को बढाता है। 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को 1 वर्ष में 2 विटामिन ए की निर्धारित खुराक दिये जाने से उनके जीवित रहने की सम्भावना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए पिलाये जाने से सभी कारणों से होने वाली मृत्यु में 23 प्रतिशत की कमी, खसरे के कारण होने वाली मृत्यु में 50 प्रतिशत की कमी, अतिसार रोग के कारण होने वाली मृत्यु में 33 प्रतिशत की कमी होती है। बताया कि विटामिन ए सम्पूरण अभियान माह जून 2024 में आयोजित प्रथम चरण के लिए आयु वर्ग के अनुसार जनपद के लिए राज्य स्तर से लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसके अन्तर्गत 9 से 12 माह के बच्चों की सख्या 13819, 1 वर्ष से 2 वर्ष के बच्चों की संख्या 26116, 2 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों की कुल संख्या 83103 एवं 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों की कुल संख्या 123038 है।

### अनियंत्रित होकर हाइवे से खंदक में पलटा डंफर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र में डंपर चौरासी गुम्बद के पास अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गया। जिसमें दबकर खलासी घायल हो गया, जबकि चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खलासी को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। कानपुर से झांसी की ओर जा रहा एक डम्फर शुक्रवार की रात चौरासी गुम्बद के पास अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गया। इस दौरान चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन खलासी संदीप यादव केबिन में बुरी तरह फंस गया। राहगीर मौके पर पहुंच गए और सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल नागेन्द्र पाठक पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुचे और क्रेन व जेसीबी मंगवाकर डम्फर के केबिन में दबे खलासी को निकालने का प्रयास शुरू कर दिया। लगभग दो घंटे की? कडी मशक्कत के बाद लोगों व पुलिस ने खलासी को सकुशल बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। वही इस घटना के चलते दो घंटे तक हाइवे झांसी जाने वाली लेन में जाम लग गया। जिस से वाहनों की लम्बी कतार लग गई।

# एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना मानिकपुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर तहसीलदार मानिकपुर अवधेश कुमार गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर व ट्रक की भिड़ंत में चालक व हेल्पर घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में ट्राली पर ईटा लादकर जा रहे ट्रेक्टर की चमारी नाला के पास ट्रक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रेक्टर पर सवार चालक व हेल्पर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। कानपुर देहात के भोगनीपुर निवासी ट्रेक्टर चालक मोसम सिंह 30 वर्ष ईंटा से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर विपरित दिशा से उरई की ओर आ रहा था। जैसे ही वह चमारी नाला के पास पंहुचा। तभी सामने से आ रहे ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में चालक व हेल्पर दोनों घायल हो गए। राहगीरो ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वही पुलिस ने हाइवे से ट्रैक्टर ट्रॉली को क्रेन से हटवाकर हाईवे साफ करवाया। फिलहाल एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# डीएम एसपी ने आटा व कालपी के थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। उरई



शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने आटा व कालपी थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पूरी तैयारी के साथ गये थे। लेखपाल की क्षेत्रवार भूमि विवाद की सूची उनके पास थी। आवेदकों और शिकायतकर्ताओं को पहले से ही पता था लेखपाल और राजस्व निरीक्षक नायब तहसीलदार और पुलिस की पूरी टीम मौजूद थी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के समक्ष 15 शिकायत कालपी में और 08 आटा में प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें आज सूचीबद्ध हैं उनका आज ही मौके पर जाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो तथा थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जितने भी भूमि विवाद व विविध जन समस्याएं हैं, उन सभी भूमि विवादों से संबंधित यथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो तो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर विधिपूर्वक निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कालपी हेमन्त पटेल, थानाध्यक्ष, लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive



# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | रविवार | 23 जून 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 38.2 (-0.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.8 (-1.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 71 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 46 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 14.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 2.4

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# दर्जनों की संख्या में कटे पड़े मिले गौवंश बचाने में नाकाम रही कमिश्नरेट पुलिस





जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर/लखनऊ।** कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारी न ही तो लुटेरों चोरों के द्वारा दिनदहाड़े की जा रही घटनाओं पर रोक लगा पा रहे हैं, और न ही उनके द्वारा गौवंशों की रक्षा के लिए कोई व्यापक कदम उठाए गए हैं, जिसका फायदा उठाकर गौकश कानपुर नगर के कुछ थाना क्षेत्रों में धड़ल्ले से गौ माता और उनके गोवंश की निर्मम हत्या कर दिन दूनी रात चौगुनी अपने धन का कोष बढ़ा योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को धता बता रहे हैं। बकरीद के दो दिन पहले ही जॉइंट पुलिस कमिश्नर हरिश्चंद्र को ज्ञापन देते हुए बजरंग दल के नेता कृष्ण तिवारी ने आशंका जताई थी कि बकरीद पर प्रतिबंधित जानवर और गोवंशों की हत्या जरूर होगी, ज्ञापन लेकर रोक लगाने का आश्वासन भी जॉइंट पुलिस कमिश्नर के द्वारा दिया गया था लेकिन कल शनिवार के दिन बजरंग दल के नेताओं ने दर्जनों की संख्या में प्रतिबंधित पशु और गौवंश के अवशेष पुलिस अधिकारियों को दिखाकर के पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता का खुलासा किया है।

ज्ञातव्य हो कि शनिवार को थाना कर्नलगंज क्षेत्र स्थित एक पुराने स्लॉटर हाउस के पास उस समय हड़कंप मच गया जब बजरंग दल के नेता कृष्णा तिवारी द्वारा यह सूचना पुलिस को दी गई की भारी मात्रा में गौवंश और अन्य प्रतिबंधित जानवर के शव फेंके गए है। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची और वहां पड़े अवशेषों को जेसीबी के माध्यम से एकत्रित कराते हुए परीक्षण कराने के लिए भेजा है साथ ही साथ उन लोगों की तलाश में भी जुट गई है जिन्होंने इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया है।

### योगी आदिन्यनाथ को जिनसे सबसे ज्यादा है प्यार उसे ही नहीं बचा पा रहे खाकीधारी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे ज्यादा प्रेम गोवंशों से करते हैं और यह बात सभी जानते हैं, इनके संरक्षण के लिए विशेष बजट भी जारी किया जाता है। अक्सर योगी आदित्यनाथ गोवंशों संग प्यार दुलार करते हुए सोशल मीडिया पर भी नजर आते हैं। उनके द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी जनपद के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिबंधित पशुओं के साथ-साथ गोवंशों की हत्या पर रोक लगाई जाए, लेकिन कानपुर में जिस कदर कल गोवंशों की लाशें नजर आई है इससे स्पष्ट होता है कि कानपुर पुलिस इन बेजुबानों की भी जान बचाने में फेल हो गई है।

### गौवंश के साथ घोड़े के भी मिले अवशेष

सीएम योगी के सख्त आदेश है की प्रतिबंधित पशु का वध किसी भी दशा में ना हो अगर किसी की मृत्यु हो जाती है तो उसका अंतिम संस्कार किया जाए, शहर के कर्नलगंज थाना अंतर्गत पुराने स्लॉटर हाउस के पास कई गौवंश के शव, घोड़े के शव और भैंस के शव पड़े हुए थे। यहां पर पड़े मिले प्रतिबंध जानवर और गोवंश के अवशेष यह बात प्रदर्शित करते हैं कि कानपुर पुलिस के कुछ लोगों ने अपना जमीर बेच रखा है।



"ईदगाह के पास बड़ी संख्या में जो अवैध स्लाटर हाउस है, उनमें जिहादी मानसिकता के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में गौवंशों का वध गैर कानूनी तरीके से किया जा रहा है, आज शनिवार को मिली सूचना के आधार पर पाया गया कि लगभग ढाई से तीन दर्जन की संख्या में सिर्फ गौवंश के अवशेष पड़े हुए थे पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी गई है, जिहादी मानसिकता के लोगों को चेतावनी देना चाहता हूं कि अभी भी समय है सुधर जाओ, और गोवंशों की नृसंश हत्या करना बंद करो सीसामऊ विधानसभा में यह सब होने नहीं दिया जाएगा।

**कृष्णा तिवारी**
**नेता बजरंग दल**



"पुलिस टीम जांच में जुट गई है और सभी पशुओं के शव को नगर निगम के डंपिंग यार्ड में भेजा जा रहा है। पुलिस मुकदमा भी दर्ज कर रही है।सीसीटीवी के माध्यम से आरोपियों की पहचान की जाएगी।

**महेश कुमार**
**एसीपी कर्नलगंज**

# साकेत नगर के फिटनेस मंत्रा में कराया गया योगाभ्यास




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साकेत नगर स्थित फिटनेस मंत्रा में संरक्षक राजीव गोयल, मुख्य अतिथि डाक्टर बीना आर्या के द्वारा दीप प्रज्वलित कर योगाच्यास का शुभारंभ कराया गया। प्रशिक्षक दीपिका सचान द्वारा सैकड़ों लोगों को योग अच्यास में प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म क्रिया, ताड़ासन, वृक्ष आसान, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, पश्चिमोत्तानासन, वक्रासन, उत्थान मंडूकासन, वज्रासन, प्राणायाम ध्यान अच्यास कराया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक दीपिका सचान ने योग से होने वाले फायदे भी बताए जैसे योग करने से आपको कभी गठिया बाई नही होगा, पाचन क्रिया हमेशा ठीक रहेगी, सास की बीमारी कभी नही होगी। राजीव गोयल ने बताया विटनेस मंत्रा पिछले 13 वर्षो से लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए में कार्य कर रहा है।



इस मौके पर अर्दिका गुप्ता, ऋषब गोयल, एस के सचान, डाक्टर सूर्य कुमार, डा.दिवाकर चतुर्वेदी दीपक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बदला लेने के लिए पिता ने की थी बेटे की हत्या



### ✳ पिता ने बेटे का सिर कूचकर हत्या कर दी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के हनुमंत विहार थाना अंतर्गत बीती 16 जून को कमरे मे एक युवक की सोते समय हत्या किए जाने के मामले का बीते दिन शनिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार हत्या की घटना को किसी और ने अंजाम नही दिया था बल्कि युवक के पिता ने संपति बेचने को लेकर उसकी हत्या कर दी थी। जहां संपत्ति बेचने का विरोध करना एक बेटे को भारी पड़ गया था। जिस पर पिता ने बेटे का सिर कुचकर हत्या कर दी।

ज्ञातव्य हो कि थाना हनुमंत विहार क्षेत्र के अंतर्गत आशनगर मे रहने वाले राकेश की पत्नी कुसमा देवी की बीते माह मार्च मे मौत हो गई थी। कुसमा कैंसर की बीमारी से ग्रसित थी। आरोपी राकेश का आरोप था कि उसकी पत्नी की मौत सुभाष के कारण हुई है। उसने पत्नी को भूत प्रेत बाधा करवाई थी। सुभाष की पत्नी ने भी आरोप लगाया था कि सास की मौत के बाद ससुर पति को उनकी मौत का जिम्मेदार ठहराने लगे थे। फिर ताने मार कर कहते थे तुम लोगों की वजह से उनकी पत्नी की मौत हुई है।

तुमको भी मै जिंदा नही छोड़ूंगा। वह बेटे को पाठ पढ़ाना चाहता था, इधर सुभाष की पत्नी बच्चों के साथ मायके गई थी। जिसके बाद मौका पाकर पिता राकेश ने बुधवार रात सो रहे बेटे पर भारी वस्तु से ताबड़तोड़ सिर पर वार कर मौत के घाट उतार दिया था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे सिर पर छह चोटों की पुष्टि हुई है। डीसीपी साउथ ने बताया कि शक के आधार पर राकेश को जब हिरासत मे लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया।

# नौकरानी और उसका प्रेमी निकला पंद्रह लाख की चोरी का आरोपी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर पुलिस ने काकादेव थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल डॉक्टर के घर हुई 15 लाख की चोरी का पर्दाफाश कर नौकरानी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। नौकरानी और उसके प्रेमी ने डॉक्टर के घर चोरी का प्लान बनाया था पुलिस ने नौकरानी और उसके प्रेमी के पास से चोरी किए गए जेवर बरामद किए हैं डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि ह्यूमन इंटेलिजेंस ऑपरेशन त्रिनेत्र के कैमरे और सर्विलांस की मदद से खुलासा हुआ है नौकरानी और उसके प्रेमी को जेल भेज दिया गया है।

### 24 घण्टे में खुलासा

डीसीपी विजय ढुल ने बताया कि 21 जून को एक निजी अस्पताल के डॉक्टर गोपाल कुमार ने चोरी का प्रार्थना पत्र दिया था वह विला रतन ऑर्बिट इंदिरा नगर कल्याणपुर के रहने वाले हैं। प्रार्थना पत्र पर 15 लाख रुपए की चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था, पुलिस ने रतन आर्बिट में लगे कैमरे चेक किए तो घर के अंदर केवल नौकरानी शिल्पी निषाद आती जाती दिखाई दी,फोन की कॉल डिटेल चेक करने पर शिल्पी के प्रेमी दिलशाद शेख से कई बार बात करने की बात भी सामने आई है पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी की तो शिल्पी की जानकारी मिल गई पुलिस ने पकड़ कर सख्ती से पूछताछ की तो मामला खुलकर सामने आ गया।

# कानपुर बुंदेलखंड व्यापार प्रकोष्ठ के नेतृत्व में किया योगाभ्यास

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा




अंतराष्ट्रीय योगदिवस पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र, कानपुर कपड़ा कमेटी, दि नयागंज किराना मर्चेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में व्यापारियों के लिए भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य रूप से बालयोगी अरुण पुरी महाराज जी एवं एसीपी कलक्टरगंज उपस्थित रहे, योगाचार्य रितेश तिवारी द्वारा शिविर में उपस्थित व्यापारियों को योग के विभिन्न आसनों का अच्यास कराया गया जिसमें सर्वप्रथम प्राणायाम, सूर्य नमस्कार के समस्त आसनों का अच्यास व्यापारियों को कराया गया, शिविर में मौजूद व्यापारियों ने योग के विभिन्न आसनों का अच्यास किया, कार्यक्रम के आयोजक व्यापारी नेता विनोद गुप्ता ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि घंटाघर चौराहा कानपुर शहर का प्रवेश द्वार है जहां सेंट्रल स्टेशन से लेकर बस स्टैंड और कानपुर के सभी क्षेत्रों को जोड़ने वाला शहर की प्रमुख बड़ी बाजारों को स्वयं में विद्यमान करने वाला चौराहा है यहां योग शिविर आयोजन का मुख्य उद्देश्य कानपुर के माध्यम से पूरे शहर और आस पास जिलों में भी यह संदेश जाना चाहिए कि 10 वें योग दिवस पर आज पूरा विश्व एक साथ योग कर रहा हैं वहीं कानपुर का व्यापारी समाज भी योग को लेकर पूर्ण रूप से जागरूक है और व्यापारी प्रातः 06 बजे से ही घंटाघर पर एकत्रित होकर योग अच्यास हेतु उत्साहित था और योग करने में बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, शहर का व्यापारी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वाहन पर योग करने हेतु एकजुट होकर एकत्रित हुआ है, योग ने समाज को एक नई दिशा दी है जहां एक ओर व्यापारी अपने व्यापार के कारण जीवनशैली में ध्यान नही दे पाता वही योग दिवस जैसे कार्यक्रम व्यापारी को स्वस्थ के प्रति जागरूक रखने में और व्यापारी एवं आम जनमानस को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

प्रमुख रूप से उपस्थित रोशन लाल अरोड़ा, शेष नारायण त्रिवेदी, अमित दोसर, अलंकार ओमर, ईश्वर वर्मा, पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू, पार्षद आदर्श गुप्ता, विशाल अग्रवाल, शिव कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजय त्रिवेदी, आदि उपस्थित है।

# योग प्रतियोगिता के लिए घर से निकले किशोर लापता





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मामला बीती 21 तारीख 9 बजे सुबह का है जब दोनों किशोर भूपेंद्र12 वर्ष व धीरेंद्र 15 वर्ष साढ़ पथिक इंटर कालेज में योगा प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए निकले थे।लेकिन कालेज नही पहुंचे जब दोनो किशोर समय ज्यादा बीत जाने के बाद वापस नही आये तो परिजनों ने तलाश शुरु कर दी। काफी तलाश करने के बाद जब किशोरों का कहीं पता नही चला तो परिजनों ने साढ़ पुलिस को प्रार्थना पत्र लिखकर दिया है। हालांकि साढ़ पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके तलाश शुरु कर दी है ।लेकिन परिजन अभी भी दोनो बच्चों के लिए दर- दर भटक रहे। परिजनों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तलाश करने के दौरान रमईपुर हाजीपुर में बच्चों की साइकिल मिली है और रमईपुर में सीसीटीवी में छोटा पुत्र एक गाड़ी में बैठा नजर आ रहा है।

### साढ़ पुलिस ने उतरवाए ब्लैक फ़िल्म और हूटर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़ पुलिस हर चौराहे और हर थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाने में जुटी है. इस संबंध में पुलिस लग्जरी गाड़ियों पर लगे हूटर, पार्टी का झंडा और काली फिल्म को हटाने के अलावा जुर्माना लगाने की कार्रवाई कर रही है.दरअसल, सीएम योगी ने लोकसभा चुनाव के बाद अफसरों के साथ बैठक की। इसमें कानून व्यवस्था से लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की और लापरवाही करने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी दौरान सीएम ने ऐसे लग्जरी गाड़ियों, जिसमें हूटर और बत्ती लगाकर भौकाल बनाते हैं। ऐसे लोगों पर मुख्यमंत्री ने प्रभावी कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। बीती शाम को साढ़ पुलिस ने गाड़ियों की चेकिंग करना सुरु कर दिया जिसमें कई गाड़ियों के हूटर व काली फ़िल्म उतारी गई। इसके बाद उनके ऊपर वैधानिक कार्यवाही की गई।जिसे देख कर कार में हूटर व काली फ़िल्म लगाने वालो के हाथ पांव फूल गए।

# राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी में प्रदीप श्रीवास्तव को मिली जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष की कमान उनके हाथों में सौंपी है।

शहर के बर्रा क्षेत्र निवासी प्रदीप श्रीवास्तव पेशे से अधिवक्ता एवं समाज सेवी हैं। उनकी लगन और निष्ठा को देखते हुये राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी के निर्देश पर राष्ट्रीय महामंत्री नवीन चंद्र शुक्ला के अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष शरद नामदेव ने जिलाध्यक्ष संजय शुक्ला की संतुती पर अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव को कानपुर के जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया है। उनके मनोनयन पर एड. राजेश वर्मा, एड. राकेश यादव, एड. संजय सक्सेना, एड. विकास श्रीवास्तव सहित तमाम अधिवक्ता एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# दिव्यांगों ने अधिकार पाने के लिए खटिया लेकर सपा विधायक का घेरा घर

जन एक्सप्रेस । कानपुर



दिव्यांगजनों का सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा पुरा करवाने, सामाजिक समानता कानून बनाकर नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फसदी गारन्टी देने की मांग को लेकर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी सत्ता पक्ष व विपक्ष के विधायकों व सांसदो के कार्यालयों में खाट बिछाकर प्रदर्शन की घोषणा के चलते आज विधायक अमिताभ बाजपेई के आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी द्वारा उठाई गयी मांगों को विधायक अमिताभ बाजपेई ने अगले विधानसभा में उठाने का आस्वाशन दिया।

इस दौरान दिव्यांगजन हांथों में तख्ती लिये था जिसमें लिखा था भिक्षा नहीं रोजगार चाहिए -जिने का अधिकार चाहिए हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आन्दोलन की शुरूआत विपक्ष व सत्ता पक्ष के विधायको व सांसदों को दिव्यांगजनो के प्रति उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराने लिये किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी इस आन्दोलन को कानपुर से शुरू किया गया है, उसके बाद इसे देश व्यापी आन्दोलन बनाया जायेगा। अगली खटिया सत्ता पक्ष के विधायक सुरेन्द मैथानी के यहाँ 25 जून को बिछेगी। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजन नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा के लिये मारे मारे घुम रहे है। कोई सुनने वाला नही है। सरकारी विभागों में दिव्यांगजन के रिक्त पद हैं सरकार उन्हें भर नहीं रही है। प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी ने कहा कि दिव्यांगजन के आन्याय के खिलाफ राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी सड़क पर उतर चुकी है। सरकार न चेती तो परिणाम जिला अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि सरकार एक हजार रूपया पेंशन देकर हमें बरगलाना चाहती है। सरकार नौकरियों में आरक्षण कोटा पुरा करे, सरकार को पेंशन हम देंगे। प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी अल्पना कुमारी, रंजीत सिंह, तृप्ति खरे, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, कमलेश कुमार सिंह, आदि शामिल थे।

### यू.पी.कैटेट 2024 का परिणाम किया घोषित



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा यू.पी.कैटेट 2024 का परिणाम शनिवार को ऑनलाइन मोड पर घोषित किया गया। यह परीक्षा परिणाम उत्तर प्रदेश के कृषि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही की उपस्थिति में ऑनलाइन मोड पर घोषित किया गया जिसमें कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश डॉ.मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ.देवेश चतुर्वेदी, महानिदेशक उपकार उत्तर प्रदेश डॉ.संजय सिंह, डॉ.विजेन्द्र सिंह, डॉ.एन.पी.सिंह, डॉ.ए.के.सिंह मौजूद रहे।

### एलुमिनाई एसोसिएशन ने किया व्याख्यान का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट एवं सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कैंपस एलुमिनाई एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार को एक व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें कैलिफोर्निया अमेरिका में कार्यरत स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट के पूर्व छात्र मानस मिश्रा ने कहा कि किसी भी कंपनी में नौकरी प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास जिसमें छात्र-छात्राओं का व्यवहार, उनका आत्मविश्वास, उनका स्वभाव, उनका लोगों के प्रति नजरिया एवं बातचीत का अंदाज प्रमुख बिंदु हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बायोडाटा बनाने व कंपनियों में किस तरह से इंटरव्यू दिया जाए संबंधी तैयारी के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विभाग की निदेशक प्रोफेसर अंशु यादव ने कहा कि सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कैंपस एलुमनाई एसोसिएशन वर्तमान एवं पुरातन छात्राओं के मध्य एक कड़ी के रूप में कार्य कर रही है जिससे कि वर्तमान छात्राओं को पुरातन छात्राओं के ज्ञान एवं अनुभव का सतत रूप से लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट द्वारा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किए जाने वाले इस तरह के कार्यक्रमों की वजह से बी.बी. ए की समस्त सीटें भर गई हैं एम. बी.ए. और एम.कॉम में प्रवेश शुरू है।

# अयोध्या धाम में नि:शुल्क आयोजित हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



आज के दौर में तेजी से पैर पसारती बल्ड प्रेशर और शुगर जैसी बीमारियों की निश्शुल्क जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। ये शिविर खालसा फ़ाउंडेशन और मेदांता अस्पताल लखनऊ के सहयोग से आयोजित किया गया। इस आयोजन में जिले के तमाम लोगों ने अपनी जांच कराई उन्हें गंभीर बीमारियों से जुड़े परामर्श भी दिए गए। ये परामर्श मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों ने दिए हैं।जिले के खालसा फ़ाउंडेशन ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक गोविंद नज़र बाग अयोध्या में आयोजित शिविर में बीपी, शुगर के अलावा वजन प्रबंधन और लंबाई से जुड़ी मुश्किलों को लेकर भी चिकित्सीय जांचें हुई हैं। इसके अलावा शिविर में लोगों को जांच के आधार पर परामर्श देने के लिए न्यूरो, गैस्ट्रो समेत जनरल फिजीशियन विभाग से जुड़े चिकित्सकों की टीम भी मौजूद थी। इन डॉक्टरों ने लोगों को उनकी बीमारी के बारे मे गंभीरता से बताने के साथ-साथ जरूरी दवाओं पर भी परामर्श दिया शनिवार को ये शिविर सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया। इस शिविर में आप पास के इलाकों के दर्जनों लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। खालसा फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष श्री जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह ने कहा कि आज की जीवन शैली की वजह से आसानी से लोग शुगर और बीपी जैसी बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। खालसा फ़ाउंडेशन की कोशिश है कि लोगों को न केवल इन बीमारियों के बारे में जागरुक किया जाए बल्कि अच्छी चिकित्सा व्यवस्था से भी परिचित कराया जाए। इस मौके पर खालसा फ़ाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ साथ मेदांता अस्पताल का स्टाफ भी आगे बढ़कर लोगों की मदद करता नजर आया।

# साकेत सदन के पर्यटन विकास का 58 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**अयोध्या धाम में ऐतिहासिक भवनों को सजाने-सँवारने का कार्य चरणबद्ध रूप से प्रगति पर**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



जिलाधिकारी नितीश कुमार ने 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे धारा रोड के समीप स्थित दिलकुशा महल अफीम कोठी को साकेत सदन नाम से एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु किये जा रहे विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, निर्माण इकाई-11 के परियोजना प्रबन्धक ने बताया कि साकेत सदन के पर्यटन विकास का 58 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। टिकट काउन्टर का कार्य 40 प्रतिशत, सेवीनियर शॉप (बी-2), बाउण्ड्री वाल व इण्टरप्रिटेशन वाल का 70 प्रतिशत, मुख्य भवन (संग्रहालय) व टाइलेट ब्लाक का 60 प्रतिशत, इन्ट्रेंस प्लाजा का 50 प्रतिशत तथा पाथ-वे का 45 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य तीव्र गति से कराया जा रहा है और समस्त कार्यों को दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कार्यों की विशिष्टियों एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर स्वयं निरीक्षण करने तथा समस्त कार्यो को संरक्षण तकनीक से कुशल कारीगरों के माध्यम से निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दियेजिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या धाम में ऐतिहासिक भवनों को सजाने-सँवारने का कार्य चरणबद्ध रूप से प्रगति पर है। इसी के क्रम में साकेत सदन परिसर में 1756 से 1775 ई0 के मध्य निर्मित ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार तत्समय निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामाग्रियों यथा-चूना, सुर्खी, शीशा, मेथी, उड़द की दाल, गोंद गूगल, बेलगिरी पाउडर आदि पदार्थों निर्माण सामाग्रियों को मिलाकर बनाये गये मोटार मसाले से किया जा रहा है। इसके जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण होने पर इस भवन की प्राचीनता दिखाई देगी। यहां आगन्तुकों हेतु मनोरंजन के लिए ओपेन एयर थियेटर, एक भवन में म्यूजियम काम्पलेक्स बनाया जायेगा, जिसमें ऐतिहासिक वस्तुओं एवं साहित्यों को संजोया जायेगा। साकेत सदन में इण्टर पटेशन वाल, इण्टेस प्लाजा के साथ ही परिसर में लैण्ड स्केपिंग कर आकर्षक फूल-पौधे व कोबोल स्टोन के पाथ-वे सहित विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं। इसी के साथ ही परिसर में स्थित भवनों को और भी आकर्षक स्वरूप प्रदान करने हेतु उन पर फसाड लाइटिंग भी की जायेगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रक्तदान मे राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन को लगातार पाँचवी बार मिला प्रथम स्थान



**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** बीते सत्र में अयोध्या जिले में सर्वाधिक रक्तदान कराने के लिए ट्रस्ट राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन सम्मानित किया गया। यह सम्मान संस्था को सीएमएस डॉ उत्तम कुमार,जिला चिकित्सालयअधीक्षक डॉ विपिन कुमार वर्मा,ब्लड बैंक प्रभारी डॉ फुजैल अंसारी व चिकित्सक डॉ सादिक अहमद ने संयुक्त रुप स्मृति चिह्न, प्रमाणपत्र व ट्राफी प्रदान किया। जिसे संस्था की ओर से अध्यक्ष आकाश गुप्त व उपाध्यक्ष विजय वर्मा ने संयुक्त रुप से प्राप्त किया।बताते चले कि उक्त सम्मान समारोह में तेरह अन्य संस्थाओं को सम्मानित किया गया जिसमें राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन 267 यूनिट ब्लड डोनेट कर प्रथम स्थान पर रहा जबकि क्रमशः मिलिट्री हॉस्पिटल कैंट 156 यूनिट व संत निरंकारी फाउंडेशन 126 यूनिट ब्लड डोनेट कराके दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा।ज्ञातव्य हो की राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन पिछले चार सत्र से जिला चिकित्सालय में रक्त दान व मरीजों को ब्लड मुहैया कराने में प्रथम स्थान रहा है और कोरोना काल में पूरे प्रदेश में रक्तदान कराने में इसी संस्था को प्रथम स्थान रहा है। इस मौक़े पर सीएमएस द्वारा रक्तदान से जुडी समस्याओं का निराकरण करते हुए हर संभव सहयोग देने की बात कही गयी! संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने इस मौक़े पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उस सभी रक्तदाताओं को समर्पित हैं जो एक निवेदन पर ब्लड बैंक पहुंचकर किसी अपरिचित के लिए ब्लड डोनेट करते हैं।बताते चले कि आकाश गुप्त दुर्लभ ग्रुप बी निगेटिव के रक्तदाता हैं और अभी तक 47 बार ब्लड डोनेट कर चुके है जिसके लिए इन्हे देश के दस से ज्यादा राज्यों में सम्मानित भी किया जा चूका हैं और रक्तदान को लेकर संस्था का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में भी दर्ज हैं! मौजूदा समय में ये बिहार के सारण जिले में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं! समापन पर ब्लड बैंक की कॉउंसलर ममता खत्री व सम्पर्क अधिकारी विदेश्वरी प्रसाद ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सामूहिक प्रशिक्षण योजनान्तर्गत 04 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के अनुसूचित जाति/जनजाति (सबप्लान-ट्राइबल सबप्लान) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजनान्तर्गत युवक/युवतियों को स्वरोजगार के उद्देश्य से मेडिकल नर्सिंग (आया) एवं कम्प्यूटर साफ्टवेयर में 04 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। उपयुक्त उद्योग ने कहा है कि अनुसूचित जाति/जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के इच्छुक महिला/पुरुष अभ्यर्थी जिसकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य तथा विशेष ट्रेड के लिए हाईस्कूल उत्तीर्ण हो, आवेदन-पत्र आनलाइन वेबसाइट- द्धह्लह्लश्चह्य-//स्द्बह्वश्चद्बह्यद्गद्ग.ह्वश्चह्यस्र्.द्ग1.द्बठ्ठ/ पर आमंत्रित किये जा रहें है। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

### लेखा समाधान बैठक 30 जून को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 36-रायबरेली, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन की तिथि से किये गये व्ययों के संदर्भ में यदि कम करके बतायी गयी धनराशि हो तो, के समाधान के लिये परिणाम घोषणा के 26वें दिन लेखा समाधान बैठक 30 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक बचत भवन सभागार में आयोजन किया गया है। उन्होंने समस्त प्रत्याशियों/एजेंटों से अपेक्षा की है कि यह लेखा समाधान बैठक में उक्त निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर समस्त आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित रहें।

### पंडित लक्ष्मी कांत दीक्षित का निधन राष्ट्रीय क्षति

**जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम।** विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने पंडित लक्ष्मी कांत दीक्षित के निधन को राष्ट्रीय क्षति बताते हुये कहा श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की प्राणप्रतिष्ठा कराने वाले वैदिक विद्वान ज्योतिष शास्त्र और भूमि शोधन के ख्यातिप्राप्त तपस्वी पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित एक मृदुल भाषी और धार्मिक,सामाजिक और वैदिक परंपराओं को जीवंत करने वाले थे ऐसे महान मनीषीफ़ का जाना दुखद और स्तब्ध करने वाला है। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने कहा नब्बे वर्षीय पंडित लक्ष्मी कांत दीक्षित का निधन वाराणसी में हुआ,वह जीवंत पर्यंत वैदिक और ज्योतिष शास्त्र के प्रति समर्पित रहे,श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र पदाधिकारियों के आग्रह पर उन्हों ने अपने वरिष्ठ सहयोगी शिष्यों के साथ प्राण प्रतिष्ठा पूजन निर्विघ्न समपन्न कराया था।

### योग अपनाओ और खुश रहो: प्रफुल्ल त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली के तत्वाधान में राना बेनी माधव पार्क शहीद स्मारक में प्रातः तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग शिविर का समापन। वर्तमान समय में अपनी व्यस्त जीवन शैली के कारण लोग संतोष पाने के लिए योग करते हैं। योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्?तिष?क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत?मा को भी शुद्ध करता है। आज बहुत से लोग मोटापे से परेशान हैं, उनके लिए योग बहुत ही फायदेमंद है। योग के फायदे से आज सब ज्ञात है, जिस वजह से आज योग विदेशों में भी प्रसिद्ध है, आदि विचार मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन कर रहे समाजसेवी रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि रायबरेली जनपदवासियों के लिए संस्था द्वारा विगत दो वर्षों से निरंतर स्वास्थ्य क्षेत्र में निश्शुल्क योग शिविर चला रहा है। इस तरह के कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा लोग प्रतिभाग करें ताकि आने वाली युवा पीढ़ी एवं उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। प्रधानाचार्य संगीता मिश्रा ने कहा कि संस्था द्वारा निश्शुल्क योग शिविर का संचालन निरंतर प्रातः 5 से 7 बजे तक सेवाएं चलती रहेंगी। योग केवल योग दिवस पर ही नहीं करना बल्कि अपनी दैनिक जीवन शैली का हिस्सा बनाए।

# थाना समाधान दिवस के दौरान डीएम व एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जन समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से माह के चौथे शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मुसाफिरखाना थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। और कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं,चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली,चकमार्ग पर कब्जे,सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे,अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए।जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के सही ढंग से निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।इस अवसर पर एसडीएम मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी,थानाध्यक्ष मुसाफिरखाना,लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत अमसिन: आवास योजना में घूसखोरी का मामला उजागर

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** विकास खण्ड मया बाजार ग्राम पंचायत अमसिन में रोजगार सेवक श्रीमती वर्मा और ब्लॉक कम्प्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा पर आवास योजना के लाभार्थियों से घूसखोरी का आरोप लगा है। लाभार्थियों से 10-10 हजार सुविधा शुल्क आवास दिलाने का सौदा हुआ तय का मामला प्रकाश में आया है। आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों से 500-500रूपये फॉर्म भरने के नाम लिया गया है।मामले का खुलासा तब हुआ जब रोजगार सेवक श्रीमती वर्मा ग्राम पंचायत अधिकारी के पास फॉर्म पर हस्ताक्षर कराने पहुंची। उनके साथ कम्प्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा भी था। जब ग्राम पंचायत सचिव ने इस पर आपत्ति जताई कि फॉर्म पर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर और मोहर नहीं हैं, तो अजय वर्मा ने कहा कि आवास योजना में ग्राम प्रधान का कोई मतलब नहीं होता है।सूत्रों के अनुसार, अजय वर्मा पूर्व वीडीओ के नक्शे कदम पर चलते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त है। उसने अपने व्हाट्सएप प्रोफाइल पर उत्तर प्रदेश सरकार का लोगो भी लगा रखा है, जिससे वह खंड विकास अधिकारी बनता है।

# रिश्वत के आरोप में दो उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिस कर्मियों पर चला एसपी का हंटर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने जिले के इन्हौना थाने में तैनात दो पुलिस उपनिरीक्षक और एक मुख्य आरक्षी को रिश्वत मांगने और कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है।पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ने इन्हौना थाने में तैनात उपनिरीक्षक वीरेंद्र राय,अमर चंद शुक?ला और मुख्य आरक्षी जनार्दन सिंह को निलंबित कर प्रकरण की जांच मुसाफिरखाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपी है।जानकारी के मुताबिक इन्हौना थाना क्षेत्र के शेखन गांव निवासी मारूफ अहमद को मछली पालन के लिए तालाब पट्टे पर आवंटित किया गया है।जिसमें वह खुद कार्य करवा रहे थे।आरोप है कि तीनों पुलिस कर्मियों ने मारूफ से पहले रिश्वत की मांग की।रिश्वत न मिलने पर उनके साथ मारपीट की एवम तथाकथित चार हजार रुपये भी छीने।पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी।और सोशल मीडिया पर भी इसे साझा किया था।शिकायतकर्ता द्वारा अपने पट्टे की जमीन पर चलवाए जा रहे जेसीबी के एवज में रिश्वत की मांग करना तथा मैनेज न करने पर जेसीबी को थाने पर लाकर बंद करने संबंधी सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट का पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए प्रथम दृष्टया जांच में दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से तीनों आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया।

# थाना भदोखर में डीएम एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ थाना भदोखर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व,आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को थाना दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शिकायतों के निस्तारण पेपर पर ही नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी किया जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी जांच आदि पूरी तरह से निष्पक्ष,निर्भीक,पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करें तथा निर्दोष के खिलाफ फर्जी कोई कार्यवाही न की जाये। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम बनाकर तथा मौके पर जाकर दोनों पक्षों को सुनते हुए समस्याओं को निस्तारित करने का निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने थाना दिवस रजिस्टर, एंटी रोमियो रजिस्टर,भूमि विवाद रजिस्टर को भी चेक किया। उन्होंने कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादो को जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए।

# टी0एम0टी0 ने विजयी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



प्रख्यात शिया धर्मगुरु स्वर्गीय डॉक्टर कल्बे सादिक साहब ने सदैव समाज को शिक्षित बनाने और मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए। उन्ही से प्रेरणा लेकर संस्था तौहीद उल मुस्लिमीन ट्रस्ट की टीम प्रदेश के जनपदों मे कक्षा 4 से 11 तक के छात्र छात्राओं के मध्य प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करती आ रही है, अप्रैल माह में प्रदेश के 37 ज़िलों के साथ रायबरेली में भी आयोजित की गई थी, जिसमें 7 हज़ार बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें रायबरेली से 12 बच्चे अपने अपने वर्ग में विजयी हुए, जिनको शनिवार को मेडल, प्रमाण पत्र व एक हज़ार रुपए प्रोत्साहन राशि दी गई, यह कार्यक्रम गुलाब रोड स्थित इमामबारगाह फ़खरे क़ौम सय्यद कल्बे अब्बास में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात कवि हसन रायबरेलवी ने किया। टी0एम0टी0 टीम के सदस्यों का स्वागत मौलाना क़म्बर अली रिज़वी ने किया। ट्रस्ट क़ौम के बच्चों के लिए सी0बी0एस0ई0, आई0सी0एस0ई0, यू0पी0 बोर्ड आधारित प्रतियोगिता करा रहा है और मार्गदर्शन कर रहा है। इससे बच्चों की क्षमता बढ़ेगी। टी0एम0टी0 के सचिव नजमूल हसन रिज़वी ने कामयाब बच्चों और अभिभावको से कहा कि बच्चों पे अपनी पसंद का बोझ ना डाले, बल्कि बच्चे अपनी मंज़िल खुद चुने और उस मंज़िल को हासिल करने के लिए समझ के पढ़े ना कि रट के। तभी हम प्रतियोगी परीक्षाओं मे आगे रहकर आर्याभट्ट, रामानुजम, स्व0 अबुल कलाम, बनकर देश का नाम रोशन कर सकेंगे, उन्होंने कहा कि ट्रस्ट क़ौम के हर बच्चे की काउंसलिंग व मार्गदर्शन का काम करता आ रहा है।
उन्होंने बाबुल इल्म एजुकेशनल के सचिव नेहाल तनवीर के बारे में कहा की अपने जाती खर्च से क़ौन के बच्चों के पर्सनालिटी डेवलपमेंट, क्षमता विकास, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर, कोचिंग आदि मुफ्त करा रहे है।
कार्यक्रम का समापन इमाम जुमा शहवार काज़मी ने ये कहते हुए किया कि इल्म हासिल करते रहना चाहिए इल्म इंसान को वो हीरा बना देता है जो हज़ारो पत्थरो मे अलग से नज़र आता है। मुख्य अतिथि के द्वारा अपने अपने वर्ग मे अलयाना काज़मी, आमिर ज़मान, मोहम्मद मुर्तुजा, हुसैन अकबर, मोहम्मद जरी हैदर, रोबील काज़मी, अशना अब्बास, इफहाम नक़वी, अब्बास मेहंदी, रबाबा रज़ा अली हैदर, अली हुसैन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे संस्था के अमीर हैदर, ज्वाइंट कमिश्नर जी एस टी (सेवा नि0), मिर्ज़ा कमर हैदर कोर मेम्बर, सय्यद मुक्तदिर अली रिज़वी, सेक्शन हेड टी एम टी, के अलावा अध्यापिका श्रीमती ज़र्रीन रिज़वी, फातिमा ज़हीर, नशरा फातिमा, अज़ीज़ ज़हरा, असद अब्बास, नुज़हत फातिमा, लाइब्रेरियन तस्कीन ज़हरा वा श्री मासूम रज़ा, ज़ीशान अहमद, रज़ी हैदर, नवाब अली तक़ी, शाजू नक़वी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने सारस चौराहे पर बनाये गये कूलिंग पॉइंट में मूलभूत व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

- कूलिंग पॉइंट से राहगीरों व मजदूरों को मिलेगी भीषण गर्मी से राहत
- कूलिंग पॉइंट में कूलर व पीने का पानी, ओआरएस घोल, गुड़ की सुविधा के साथ लेटने व बैठने की भी रहेगी सुविधा
- राहगीरों,मजदूरों ने जिला प्रशासन के साथ-साथ प्रदेश सरकार की सराहना



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भीषण गर्मी व हीट वेव को लेकर राहगीरों/मजदूरों को गर्मी/हीट वेव से राहत देने के लिए नगर पालिका द्वारा सारस चौराहे पर बनाये गए कूलिंग प्वाइंट का जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने निरीक्षण कर कूलिंग प्वाइंट की सभी मूलभूत/अधुनिक सभी सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कूलिंग पॉइंट में कूलर व पीने का पानी, ओआरएस घोल व गुड़ की सुविधा के साथ लेटने व बैठने की भी सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बढ़ती हुई गर्मी/हीटवेव को दृष्टिगत शासन व प्रशासन द्वारा राहगीरों व मजदूरों को भीषण गर्मी से राहत पहुचाने के लिए यह सुविधा बनाई गई। राहगीर व मजदूरों कूलिंग प्वाइंट में गर्मी से राहत पाने की सभी सुविधाओं को पाकर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की पहल की सराहना कर रहे है। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह की उपस्थित रहे।

**सद्गुरु कबीर मानवता के परम आदर्शः उमाशंकर**

# हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई सद्गुरु कबीर साहेब की 627वीं जयंती

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर महोबरा बाजार में शनिवार को सद्गुरु कबीर साहेब की 627वीं जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। जयंती समारोह पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कबीर मठ जियनपुर के अध्यक्ष व महंत उमाशंकर दास ने कहा कि कबीर साहेब मानवता जीवी व राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। उनको शांतिमय जीवन प्रिय था और वे अहिंसा, सत्य, सदाचार आदि गुणों के प्रशंसक रहे। अपनी सरलता, साधु स्वभाव तथा संत प्रवृत्ति के कारण आज विदेशों में भी उनका समादर हो रहा है। कबीर साहेब सिर्फ मानव धर्म में विश्वास रखते थे। %पाहन पूजे हरि मिलैं, तो मैं पूजौं पहार। कबीर एक संत कवि व समाज सुधारक थे। उनका उद्देश्य समाज को सुधारना, जागरुक करना व सच्य बनाना था। सामाजिक कुरीतियों, आडंबरों को दूर करना ही कबीर दास का मूल उद्देश्य था।सद्गुरु कबीर साहेब मानवता के परम आदर्श हैं। समिति के मंत्री विवेक ब्रह्मचारी ने कहा कि संत कबीर का सच्चा दर्शन न केवल मानवीय और दैवीय प्रकृति का है, बल्कि सामाजिक और नैतिक प्रकृति का भी है। संत कबीर के दर्शन में सद्भाव, समानता और भक्ति सभी महत्वपूर्ण विषय हैं। सेवा के अर्थ के साथ समर्पण का पहलू उनके विचारों में प्रमुख है। गौर बाजार बस्ती के ब्लाक प्रमुख जटाशंकर शुक्ला ने कहा कि कबीर का मुख्य उद्देश्य सामाजिक भेदभाव और आर्थिक शोषण को रोकना था। उनका सबसे महान ग्रन्थ बीजक है। सद्गुरु कबीर साहेब ने परम संतरूप में प्रकट होकर अपनी सहज-सरल एवं गहन-गम्भीर वाणियों के द्वारा जो सदाचार, सत्यज्ञान तथा मोक्ष का सदुपदेश किया। उससे निस्संदेह मानवता को असीम सुख एवं अपार बल मिला। समाजसेवी परमात्मा प्रसाद चक्रवर्ती ने कहा सद्गुरु कबीर साहेब का उपदेशित ज्ञान ऐसा चमत्कारी है कि जो उसे ठीक से ग्रहण करता है, वह उसके घट के पट खोलकर उसे नया मुक्त एवं श्रेष्ठ जीवन प्रदान करता है। सम्पूर्ण मानवता को उन्होंने अपने शब्दों में समेटा है। उनकी समस्त शब्द-वाणियां मानव-कल्याण के दिव्य सूत्र हैं। इससे पहले उपस्थित जनों ने सद्गुरू कबीर साहेब के चित्रपट पर माल्यार्पण किया। कबीर मठ के महंत उमाशंकर दास द्वारा पधारे हुए अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। जयंती समारोह में सीओ यातायात डॉ. राजेश तिवारी, बड़हरा कबीर आश्रम गोंडा के संत राधेश्याम दास, काठमांडू नेपाल के संत संतोष दास, महंत चेतन घटौलिया गोंडा, रवींद्र दास, हेमंत दास, डॉ. अनूप कुमार जायसवाल, प्रदीप वर्मा, डॉ. बालकराम निषाद, डॉ. विवेक तिवारी, विजय चौधरी, अमरनाथ वर्मा, राममूरत चौबे, अजीत यादव, राजेश आर्य, आनंद वर्मा, राजकुमार यादव, प्रधानाचार्य निर्मल कुमार वर्मा, रामअभिलाख वर्मा, अमरनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# मिशन अमृत सरोवर विकसित करने में 'योगी का यूपी' बना नजीर

- देश में बनने वाले सरोवरों में यूपी का योगदान लगभग 30 प्रतिशत
- देश में 70 हजार से अधिक सरोवरों का हुआ विकास, लगभग 17 हजार यूपी में बने
- उत्तर प्रदेश में टॉप-10 में गाजियाबाद और सीएम योगी का गृह जनपद गोरखपुर भी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



डबल इंजन की सरकार के मंशानुरूप मिशन अमृत सरोवर के विकास का कार्य निरंतर तेज गति से हो रहा है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 80 फीसदी लक्ष्य पूर्ण कर लिया है। देश में अब तक 70158 स्थानों पर अमृत सरोवर विकसित किया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। उत्तर प्रदेश में अमृत सरोवर विकास रिपोर्ट के मुताबिक गाजियाबाद टॉप पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर भी जबकि टॉप-5 में शामिल है।

### धीमी गति से कार्य करने वाले जनपदों को चेतावनी

अमृत सरोवर विकसित करने में कुछ जनपदों की प्रगति धीमी है। सीएम योगी ने इन्हें भी तेजी से कार्य करने की चेतावनी दी है। जिन जनपदों में कार्य की गति धीमी है, उसमें देवरिया, बस्ती, अंबेडकरनगर, संभल, आगरा, बदायूं, बहराइच, मुरादाबाद, हाथरस व बरेली हैं। इन जनपदों में भी 18 से 22 फीसदी कार्य हो चुका है। इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

### वर्षा जल संचयन पर योगी सरकार का जोर

योगी सरकार ने वर्षा जल संचयन पर जोर देते हुए कहा कि जल संरचनाओं एवं अमृत सरोवर के कैचमेंट क्षेत्र का विकास कर पुनरूद्धार किया जाये, जिससे अमृत सरोवर एवं जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बनी रहे। वर्षा जल का संचयन किया जा सके और जल संचयन हेतु मनरेगा योजनान्तर्गत अथवा राज्य वित्त/15वां वित्त के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नियमानुसार कार्यवाही कराई जाए।

### कैचमेंट इंप्रूवमेंट सुनिश्चित करने का निर्देश

वहीं अमृत सरोवर का कैचमेंट इम्प्रूवमेंट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, जिससे पर्याप्त मात्रा में वर्षा जल अमृत सरोवर में पहुंच सके। गांव का गंदा पानी अमृत सरोवर में न जाए, इसके लिए फिल्टरिंग चैम्बर का प्राविधान सुनिश्चित किया जाए। तालाब के चारों तरफ बंधो के निर्माण में सतहवार कम्पैक्शन सुनिश्चित किया जाए, जिससे बंधों का कटान न हो। जिन तालाबों में सिल्ट आदि जमा हो गई है, उसके पुनरूद्धार के लिए योजना के अन्तर्गत उचित कार्यवाही की जाएगी, इससे वर्षा ऋतु में अधिकाधिक जल का संचयन सुनिश्चित हो सकेगा। ग्राम पंचायतों में नलकूपों तथा नहरों के माध्यम से सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग तथा अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए अमृत सरोवर में पर्याप्त जल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

### गाजियाबाद शीर्ष पर, टॉप-5 में सीएम का गोरखपुर भी

उत्तर प्रदेश में अमृत सरोवर विकास का कार्य काफी तेजी से चल रहा है। 57691 ग्राम पंचायतों में से 16909 अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हो चुका है। यानी लगभग 30 फीसदी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश ने निर्धारित किया था, जिसमें से 24.1 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिए गए। वहीं उत्तर प्रदेश के जनपदों पर नजर डालें तो गाजियाबाद शीर्ष पर है। यहां 142 ग्राम पंचायतों में से 100 में अमृत सरोवर (70 फीसदी) का कार्य पूर्ण हो चुका है। महराजगंज में 882 ग्राम पंचायतों में से 601 अमृत सरोवर विकसित हुए। महराजगंज ने 68 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। बांदा तीसरे स्थान पर है। वहीं मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में 1273 ग्राम पंचायतों में से 737 अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हुआ। 58 फीसदी लक्ष्य हासिल कर गोरखपुर चौथे स्थान पर है।

### अमृत सरोवर विकसित करने में उत्तर प्रदेश अव्वल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अमृत सरोवर विकसित करने में उत्तर प्रदेश अव्वल है। देश में कुल 70158 स्थानों पर अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हो चुका है। उत्तर प्रदेश में अमृत सरोवर निर्माण के लिए 24774 स्थान चिह्नित किए गए। इसमें से 21014 पर कार्य जारी है। 16909 स्थानों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। जो लगभग 80 प्रतिशत है। वहीं मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है। यहां 5821 कार्य पूर्ण हुए हैं। अमृत सरोवर योजना के तहत कर्नाटक में 4058, राजस्थान में 3138 सरोवरों का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि महाराष्ट्र में यह आंकड़ा 3079 का है।

# मरीनो वाटर पार्क में इंज्वाय करने परिवार संग आए युवकों को गार्डों ने पीटा, नवयुवक हुए लहूलुहान





जन एक्सप्रेस। पीयूष द्विवेदी

- पीड़ित ने बीकेटी थाने पर की लिखित शिकायत, कार्रवाई की मांग

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत चन्द्रिका देवी रोड़ पर चन्दनकुंड गांव के पास स्थित मरीनों वाटर पार्क में इंज्वाय करने आए मयंक मिश्रा,आयुष मिश्रा को मामूली विवाद के चलते वहां के गार्डो ने पीट दिया।जिससे युवक लहूहुहान हो गए। बता दें कि चन्द्रिका देवी रोड़ पर चन्दनकुंड गांव के पास स्थित मरीनों वाटर पार्क में इंज्वाय करने आए मयंक मिश्रा,आयुष मिश्रा को मामूली विवाद के चलते वहां के गार्डो ने पीट दिया। जिससे युवक लहूहुहान हो गए, घायल युवकों ने गार्डो पर नकीले हथियार और हाथ में पहने जाने वाला लाहे का कडा से हमला करने का आरोप लगाते हुए बख्शी का तालाब थाने पर लिखित शिकायत की है। वहीं पुलिस ने इस घटना में पीडित की शिकायत पर अज्ञात पांच गार्डो पर केस दर्ज किया है।

### जानकीपुरम के रहने वाले मयंक मिश्रा और आयुश मिश्रा

शुक्रवार को लगभग 12 बजे बख्शी का तालाब चन्द्रिका देवी रोड़ पर स्थित चंदनकुण्ड गांव के पास स्थित मरीनो वाटर पार्क इंज्वाय करने आए थे। आरोप है कि वाटर पार्क में नहाने के दौरान टयूब लेने गए तो गार्ड ने एतराज करते हुए धक्का मुक्की गाली गालौज कर दिया। जब पीडित के माता पिता भाई बहन ने बीच बचाव किया तो गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। इसी बीच पांच गार्ड और इकटठा हो गए। जिन्होने नुकीली और धारदार हाथियार से गार्ड ने सिर पर हाथ में पहने गए लोहे के छल्ले से हमला कर दिया। जिससे सर से खून बहने लगा। वही पीड़ित ने 112 पर फोन करके पुलिस को घटना के बारे में पूरी जानकारी दी गयी। वहीं प्रभारी निरीक्षक बख्शी का तालाब राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस पीडित की शिकायत पर अज्ञात पांच गार्ड पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। आगे की विधि कार्यवाही की जा रही है।

# आधुनिक फायर फाइटिंग व पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लैस होगा भदोही का मार्ट

- भदोही में स्थित मार्ट का होगा कायाकल्प, 53.30 लाख रुपए के व्यय से कार्यों को किया जाएगा पूर्ण
- सीएम योगी की मंशा अनुसार भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू की उग्चीकरण की प्रक्रिया
- 3 महीने में फायर फाइटिंग, पब्लिक एड्रेस व अलार्म सिस्टम समेत सभी कार्यों को किया जाएगा पूरा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के साथ ही नागरिक सुविधाओं में इजाफा करने के लिए भी प्रयासरत है। इसी क्रम में, सीएम योगी की मंशा अनुसार भदोही में बने मार्ट के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके अंतर्गत उसे आधुनिक फायर फाइटिंग, अलार्म सिस्टम व पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लैस किया जाएगा। इस उच्चीकरण प्रक्रिया को भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्ण किया जा रहा है तथा सभी प्रक्रियाओं को अगले तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

### 53.30 लाख रुपए के व्यय से उच्चीकरण कार्य होंगे पूर्ण

भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित बीडा मार्ट में उच्चीकरण प्रक्रिया को 53.30 लाख रुपए के व्यय से पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कालीनों के निर्माण के लिए देश-विदेश में विख्यात भदोही में एक लाख से ज्यादा लूम, 500 से अधिक निर्यात इकाइयां तथा 63000 कारीगर सक्रिय हैं। पूरी दुनिया में शहर की पहचान 'कालीन नगरी' के तौर पर है, ऐसे में यहां के औद्योगिक परिवेश को बढ़ावा देने और समग्र विकास के दृष्टिगत भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरणका गठन किया गया था। भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत भदोही टाउन समेत कुल 314 स्क्वेयर किलोमीटर (31400 हेक्टेयर) का कार्यक्षेत्र आता है जिसमें 328 राजस्व ग्रामों को सम्मिलिद्य किया गया है। इन सभी क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल, रेजिडेंशियल, कमर्शियल, वीवर सेंट्रिक व इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज का विभिन्न परियोजनाओं के जरिए विकास किया जा रहा है।

# एसडीएम बीकेटी व स्वास्थ्य अधीक्षक ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक

- पंचायती राज विभाग करेगा झाड़ियां की कटाई, अधिकारियों ने काम करने की बनाई योजना

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील में एसडीएम व अधीक्षक अन्य अधिकारीयों ने बैठक की। बता दें कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान जो 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक चलाया जाना है इसी से संबंधित कार्यक्रम के संचालन एवं सुचारु रूप से क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक स्तर पर टीटीएफ-बीटीएफ की बैठक का आयोजन किया जाता है। वहीं शनिवार को बख्शी तालाब ब्लॉक में अंतर विभागीय बैठक एसडीएम बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर जे पी सिंह, बी डी ओ पूजा पांडेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी सैलजा मिश्रा, कृषि विभाग से प्रभात चौधरी पी पी एस, नगर पंचायत से सीओ जितेंद्र कुमार पांडेय, बेसिक शिक्षा से प्रीति बीईओ ,पशु चिकित्सा विभाग से उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार , डब्ल्यू एच ओ से नृपेंद्र रस्तोगी, यूनिसेफ से महेश प्रसाद बीएमसी,अजीत यादव बीसीपी ,रवि मित्रा एच एस ,अरविंद सिंह बी एचडब्लूएवं वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक बी के गौतम लखनऊ के साथ अन्य अंतरविभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग जो कार्यक्रम का नोडल विभाग है से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्देश दिया। निर्देश में पंचायती राज विभाग को झड़ियों की कटाई ,नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान की आवश्यकता है,उथले हैंड पम्पो का प्रयोग न किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि उन उथले हैंड पम्पो पर %यह पीने योग्य नही है %लिखवाया जाए। नये सुअर बाड़ो की लिस्ट उपलब्ध कराई जाए,सुअर बाड़ो को मानव आबादी से दूर रखा जाए। वहीं प्राथमिक विद्यालयों में ओआरएस रखवाया जाए। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उन विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराए जाएं जिसमे शौचालयों टाइल्स नही लगे हैं।स्कूल खुलने से पूर्व टाइल्स लगा दिए जाएं। मच्छर रोधी पौधे लगवाए। जिलाधिकारी लखनऊ के निर्देश के क्रम में जिन भूखण्ड मालिको के प्लाट खाली हैं और जलभराव गंदगी है उन भूखण्ड स्वामियों से प्लाट की सफाई में आने वाला खर्च वसूला जायेगा।





# थाना समाधान दिवस पर एडीसीपी व एसीपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद

- एडीसीपी ने महिगवां थाने पर शिकायती पत्र निस्तारण के दिये निर्देश
- एसीपी बीकेटी ने इटौंजा थाने पर त्वरित निस्तारण दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के जोन उत्तरी क्षेत्र में इटौंजा, महिगवां, बीकेटी, सैरपुर थाना परिसर में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। बता दे कि महिगवां थाने पर एडीसीपी जितेन्द्र दुबे ने थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह के साथ थाने पर आये फरियादियों की फरियाद सुनी। वहीं इटौंजा थाना परिसर में बीकेटी एसीपी सुजीत दुबे ने इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव के साथ थाने पर आये फरियादियों की फरियाद सुनी तथा शिकायती पत्र की जांच कर संबंधित दरोगा व लेखपाल को निस्तारण के आदेश दिए। वहीं थाना समाधान दिवस पर बीकेटी थाने पर 3 शिकायती पत्र पुलिस को प्राप्त हुए जिसमें से तीनों शिकायतें राजस्व संबंधित हुई। वहीं इटौंजा थाने पर पुलिस को 6 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें से चार शिकायतें राजस्व संबंधी तथा दो शिकायतें पुलिस संबंधित हुई। वहीं चक्र पृथ्वीपुर गांव निवासी पूर्व बीडीसी शशिकांत ने थाना समाधान दिवस इटौंजा पर शिकायत कि ग्राम पंचायत चक्रपृथ्वीपुर में युवक मंगल दल की जगह चिन्हित है जिस पर मोहिनी पत्नी राजेन्द्र निवासी ग्राम हनुमंतपुर ने भूमि पर मकान का निर्माण कर रही थी जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल के द्वारा रोक लगा दी गई थीं। शनिवार दोपहर पुनः निर्माण प्रारम्भ कर दिया है निवेदन है कि निर्माण को रोककर उचित कार्यवाहीं करें। वहीं महिगवां थाना समाधान दिवस पर पुलिस को 6 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 5 शिकायती पत्र राजस्व संबंधी 1 शिकायती पत्र पुलिस संबंधित प्राप्त हुए। वहीं महिगवां थाना समाधान दिवस पर एडीसीपी ने फरियादियों की फरियाद सुन कर संबंधित लेखपाल को शिकायती पत्र की जांच कर निस्तारण के आदेश दिए हैं।

# आठवें वेतन आयोग के गठन और डीए को मूल वेतन में जोड़ने की मांग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- कर्मचारी संगठनों द्वारा न्यूनतम वेतन 26000 प्रतिमाह की माँग की गई थी

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें प्रधानमंत्री से सरकारी कर्मचारियों के वेतन,भत्तों,पेंशन व अन्य लाभों को संशोधित करने हेतु 8वें वेतन आयोग के गठन एवं 50 प्रतिशत डीए को मूल वेतन में समाहित किये जाने की मांग की गई। प्रधानमंत्री को परिषद ने पत्र भेजकर समाधान की मांग की गई। अपर महामंत्री डा. नरेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री को सम्बोधित मॉग पत्र में प्रदेश के कार्मिकों और शिक्षकों की ओर से आठवे वेतन आयोग गठन और डीए को मूल वेतन में जोड़ने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि केन्द्र व राज्य कर्मचारियों के वेतन,भत्तों, पेंशन आदि लाभों को संशोधित करने हेतु प्रत्येक 10 वर्ष पर वेतन आयोग के गठन गठन का निर्णय लिया गया था। सातवें वेतन आयोग के गठन उपरान्त संस्तुतियों को 01 जनवरी .2016 से केन्द्रीय एवं राज्य कर्मचारियों के लिए लागू किया गया। 8वॉ वेतन आयोग की सस्तुतियों 01 जनवरी 2026 से लागू की जानी है जिसके लिए तत्काल आठवें वेतन आयोग के गठन की आवश्यकता है, सातवें वेतन आयोग द्वारा ने मूल वेतन में 14.27 प्रतिशत बृद्धि की गयी थी, जो 70 साल में सबसे कम है। कर्मचारी संगठनों द्वारा न्यूनतम वेतन 26000 प्रतिमाह की माँग की गई थी, भारत सरकार द्वारा सातवें वेतन आयोग की सस्तुतियों को लागू करने के लिए गठित समिति ने इस पर सहमति भी व्यक्त की गई, लेकिन न्यूनतम वेतन 18000 प्रतिमाह ही निर्धारित किया गया। कर्मचारी संगठनों द्वारा फिटमेन्ट फैक्टर 3.68 प्रतिशत से गणना किये जाने की माँग गई थी लेकिन 2.57 प्रतिशत की ही सिफारिश की गई व गणना की गई। उप्र के कर्मचारियों के लिए भत्तों की समानता अभी तक अप्राप्त है। परिषद के नेताओ ने बताया कि 2016 से 2023 के बीच सरकार के राजस्व में जबरदस्त उछाल आया है, वास्तविक राजस्व 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है और देश 5 ट्रिलियन इकानामी की ओर अग्रसर है जबकि 2016 से 2023 के बीच तुलना की जाये तो खुदरा कीमतें 80 प्रतिशत से अधिक बढ़ी हैं लेकिन मँहगाई भत्ता केवल 46 प्रतिशत ही दिया गया है। इस प्रकार देखा जाय तो कर्मचारियों को जीवन यापन में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# कारागार मंत्री ने नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों के प्रशिक्षण सत्र का किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के कारागार मंत्री दारासिंह चौहान ने शनिवार को कारागार मुख्यालय लखनऊ में नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों के अभिनंदन एवं प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ किया। उन्होंने सभी नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डिप्टी जेलर कारागार की रीढ़ की हड्डी हैं। यह पद बहुत महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश राज्य के 75 नव चयनित डिप्टी जेलरों में 25 महिलाएं हैं, जिनमें से 33 डिप्टी जेलरों ने जॉइनिंग दी और इनमें 11 महिलाएं हैं।प्रमुख सचिव कारागार राजेश कुमार सिंह ने चयनित डिप्टी जेलरों के शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 33 डिप्टी जेलरों में 12 बीटेक, 1 एमटेक, 4 बीए, 4 एमए, 10 बी एससी और 2 एमएससी हैं। डॉ संपूर्णानंद संस्थान में नियमित रूप से अधिकारियों और जेल वार्डरों के लिए



आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संस्थान में प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों में प्रशासनिक भवन, व्याख्यान कक्ष, व्यायामशाला, पुस्तकालय, चिकित्सालय, अतिथि गृह, इनडोर खेल परिसर,आडीटोरियम, अधिकारी छात्रावास, बंदीरक्षक छात्रावास, महिला छात्रावास, आवासीय परिसर, कंप्यूटर लैब ,परेड ग्राउंड शामिल हैं।इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रमाशास्त्री, कारागार मुख्यालय के अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी तथा नव-नियुक्त डिप्टी जेलर उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश को कृषि क्षेत्र में बनाना है अग्रणी : शाही

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश चावल उत्पादकता में राष्ट्रीय औसत उत्पादकता के करीब पहुंच चुका है। इसे सामूहिक प्रयास से और आगे ले जाना है। दलहन और तिलहन में आत्म निर्भरता के लिए सरकार ने 10 लाख किसानों को निःशुल्क बीज उपलब्ध करावाये हैं। यह बात शनिवार को सर्किट हाउस गोरखपुर स्थित एनेक्सी भवन में मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2024 का आयोजन के दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कही। उन्होंने अधिकारियों तथा सहभागी किसानों से अपील की कि हमें सामूहिक प्रयासों से प्रदेश को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाना है। उन्होंने किसानों उनकी प्रत्येक समस्या का उचित समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे कृषि के साथ बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन में भी ध्यान दें जिससे उनकीआजीविका बढ़ सके। राज्य सरकार भी इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यूपी को कृषि क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनाना है। मंत्री ने कहा कि दलहन और तिलहन में आत्म निर्भरता के लिए सरकार ने 10 लाख किसानों को निःशुल्क बीज उपलब्ध करावाये हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप विगत सात वर्षों में प्रदेश में दलहन के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। दलहन के साथ तिलहन के उत्पादन के लिए भी राज्य सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। विगत 7 वर्षों में तिलहन के उत्पादन में लगभग 8.5 लाख टन की वृद्धि हुई है। नंद बाबा दुग्ध मिशन तथा गौ-संवर्धन योजना के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रयास किया जा रहा है। चारा उत्पादन के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गन्ना किसानों को समय पर भुगतान, बंजर भूमि विकास हेतु जिप्सम का वितरण, एफपीओ को कृषि यंत्रों पर अनुदान, एमएसपी में निरन्तर वृद्धि आदि प्रयासों के माध्यम से सरकार कृषि विकास एवं किसान कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। बीज के लिए सीड हब का निर्माण किया गया है। प्रदेश में सीड पार्क बनाये जा रहे हैं ताकि किसान बीज खरीदने के साथ बीज का उत्पादन भी करें। उन्होंने किसानों से ढैचा की खेती करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह अत्यंत कम लागत वाली कृषि है जो आय के साथ भूमि के स्वास्थ्य को भी उत्तम बनायेगी। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कृषक उत्पादन बढ़ाने के लिए समतल भूमि पर रेखीय बुआई करें। सूक्ष्म सिचांई पद्धति यथा स्प्रिंकलर एवं ड्रीप सिचांई विधि अपनाएं। अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में बीज एवं खाद की कमी नहीं है। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खाद की अन्तर्राज्यीय सीमा पार अवैध निर्यात पर सख्त निगरानी रखें। प्रमुख सचिव पशुधन विभाग रविन्दर ने भी किसानों को विभाग द्वारा पशुपालन हेतु चलाई जा रही।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# चीन के खिलाफ आक्रामक विदेश नीति जरूरी

**जिस तरह से चीन अरुणाचल को अपने देश का हिस्सा मानता है, भारत को तिब्बत को एक आटोनॉमस देश का दर्जा देना चाहिए। चीन अरुणाचल के निवासियों को स्पेशल वीजा स्टैपिल्ड के नाम से देता है, भारत को भी तिब्बत के निवासियों के लिए कुछ विशेष वीजा जारी करना चाहिए। इसके अलावा भारत को चीन की इमेज को हर अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर आक्रमणकारी और साम्राज्यवादी देश के तौर पर रेखांकित करना चाहिए। चीन के लिए 'शठे शाठ्यं समाचरेत' की नीति ही उपयुक्त नीति है।**

*शठे शाठ्यं समाचरे' अर्थात दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार करना चाहिए। यह नीति भारत को अपने पड़ोसी व साम्राज्यवादी देश चीन के बारे में अपनानी चाहिए। चीन कभी भारत का विश्वसनीय पड़ोसी नहीं रहा है। नेहरू काल के दौरान चीन 'हिंदी चीनी भाई भाई' का नारा देकर 1962 में भारत के साथ विश्वासघात भला कौन भूल सकता है। भारत की सीमा पर घुसपैठ अथवा जमीन पर कब्जा करना चीन की फितरत में रहा है। भारत की लगातार चेतावनी के बावजूद वह एलएसी का न केवल उल्लंघन करता रहा है बल्कि अरुणाचल प्रदेश पर दावा करता रहा है। इसके लिए उसने साम, दाम, दंड, भेद की नीति का पालन किया। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में हाल ही में रियासी में श्रद्धालुओं की बस पर हमला किया गया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में लगातार हमले बढ़े हैं। इसके पीछे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इन हमलों में पाकिस्तान और चीन की संयुक्त साजिश नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 4 से 8 जून के बीच कई दौर की लंबी-लंबी बैठकें की थीं। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने कश्मीर पर चर्चा की। दोनों की मुलाकात के बाद ही जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले भी बढ़े हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियों को इसमें पाकिस्तान और चीन की साजिश दिख रही है। भारत ने लगभग 60 हजार राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों को इस्टर्न लद्दाख में विभिन्न स्थानों पर तैनात किया है। एलएसी पर भारतीय सेना की भारी संख्या में तैनाती से चीन बौखलाया जरूर है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, सेना का ध्यान भटकाने के लिए जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी वारदात बढ़ाई जा रही है। हालांकि भारत के कड़े रुख के चलते चीन अपनी मंशा में सफल नहीं हो पाया, लेकिन इसी वर्ष जिस तरीके से उसने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने के लिए इस राज्य में एलएसी के पास 30 स्थानों के नाम बदल दिए, वह अत्यंत चिंताजनक है। भारत ने भी उस पर जवाबी कार्यवाही करते हुए तिब्बत के 30 स्थानों के नाम बदलने की तैयारी कर ली है। भारत इन नामों कभी भी सूची जारी कर सकता है। भारत का मानना है कि ऐसा करने से चीन को उसी की भाषा में जवाब दिया जा सकेगा। सवाल यह है कि क्या ऐसा करने से चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना अधिकार जताना बंद कर देगा? क्या जो वह भारतीय सीमा पर लगातार घुसपैठ करता है, उसे बंद कर देगा? शायद चीन को इससे बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा। अगर चीन को सही मायने में जवाब देना है तो तिब्बत के महज नाम बदलने से बात नहीं बनेगी। उसको अधिक आक्रामक तरीके से जवाब देना पड़ेगा। चीन इससे पहले भी ऐसे ही नाम बदलने का काम वर्ष 2017, 2021 और 2023 में कर चुका है । भारत ने पहले भी इसका विरोध किया और यह कहता रहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। इसके लिए भारत को और अधिक सख्त कदम उठाना चाहिए। अब केंद्र में एक बार फिर मोदी के नेतृत्व में सरकार है और अरुणाचल प्रदेश में भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बन चुकी है। ऐसी स्थिति में भारत को अपनी विदेश नीति को अधिक आक्रामक बनाने की आवश्यकता है। वास्तविकता यह है कि तिब्बत को चीन अपने देश का हिस्सा मानता है। चीन अपने मैप में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता रहता है। यह बात सही है कि अब मोदी सरकार चीनी मानचित्रण और नामकरण करने के मामले में अपना रुख बदलने को तैयार है। लेकिन अब भारत सरकार को आगे बढ़ते हुए चीन को ठीक तरह से जवाब देना चाहिए।*

## एक्सप्रेस आलेख

**ईसाई धर्म के लोगों की आबादी की हिस्सेदारी 2.24 प्रतिशत से बढ़कर 2.36 प्रतिशत हुई है। ठीक ऐसे ही सिख समुदाय की आबादी 1.24 प्रतिशत से बढ़कर 1.85 प्रतिशत हो गई है। भारत में सद्गुणों से ओतप्रोत हिंदू नागरिकों की जनसंख्या यदि इस प्रकार घटती रही तो यह भारत के साथ पूरे विश्व के लिए भी अच्छा संकेत नहीं है क्योंकि अल्पसंख्यक के नाम पर मुस्लिम आबादी (जो कि अपने धर्म के प्रति एक कट्टर कौम मानी जाती है तथा अन्य धर्मों के लोगों के प्रति बिलकुल सहशुण नहीं है और वक्त आने पर अन्य समाज के नागरिकों का कत्लेआम करने में भी हिचकिचाते नहीं है) में बेतहाशा वृद्धि होना, पूरे विश्व के लिए एक अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता है।**

# सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे विश्व में फैलना आज विश्व शांति के लिए आवश्यक



प्रहलाद सबनानी

**ईरान कभी आर्यों का अर्थात पारसियों का देश था। इराक, सऊदी अरब ,पश्चिम एशिया के समस्त मुस्लिम देश 1400 वर्ष पूर्व भारतीय संस्कृति और सभ्यता को मानने वाले देश थे। तलवार के बल पर 57 देश इस्लाम को स्वीकार कर चुके हैं इनमें से कोई भी ऐसा देश नहीं है जो 1400 वर्ष पहले से अर्थात सनातन की भांति सृष्टि के प्रारंभ से मुस्लिम देश था।**

यूरोप में हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में दक्षिणपंथी कहे जाने वाले दलों की राजनैतिक ताकत बढ़ी है। हालांकि सत्ता अभी भी वामपंथी एवं मध्यमार्गीय नीतियों का पालन करने वाले दलों की ही बने रहने की सम्भावना है परंतु विशेष रूप से फ्रांस एवं जर्मनी में इन दलों को भारी नुक्सान हुआ है। इटली की देशप्रेम से ओतप्रोत दल की मुखिया जोरजीया मेलोनी को अच्छी सफलता हासिल हुई है। कुल मिलाकर यूरोपीय देशों के नागरिकों में देशप्रेम का भाव धीमे धीमे लौट रहा है एवं वे अब अपने अपने देश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों का विरोध करने लगे हैं। विशेष रूप से यूरोप के आस पास के मुस्लिम बहुल देशों से भारी संख्या में मुस्लिम नागरिक अवैध रूप से इन देशों में शरण लिए हुए हैं एवं अब वे इन देशों की कानून व्यवस्थ के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन गए हैं। जर्मनी एवं फ्रान्स ने मुस्लिम नागरिकों को मानवीय आधार पर अपने देश में बसाने में शिथिल नीतियों का पालन किया था और अब ये दोनों देश इस संदर्भ में विभिन्न समस्याओं का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। आज जब कई मुस्लिम देश शिया एवं सुन्नी सम्प्रदाय के नाम पर आपस में ही लड़ रहे हैं तो उनका ईसाई पंथ को मानने वाले नागरिकों के साथ सामंजस्य किस प्रकार रह सकता है, अतः यूरोपीयन देशों के नागरिकों को अब अपने किए पर पश्तावा होने लगा है। ब्रिटेन में भी आज मुस्लिम समाज की आबादी बहुत बढ़ गई है एवं यहां का ईसाई समाज अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है क्योंकि मुस्लिम समाज द्वारा ईसाई समाज पर कई प्रकार के आक्रमण किया जाना आम बात हो गई है। ब्रिटेन के कई शहरों में तो मेयर आदि जैसे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के पदों पर भी मुस्लिम समाज के नागरिक ही चुने गए है अतः इन नगरों में सत्ता की चाबी ही अब मुस्लिम समाज के नागरिकों के हाथों में है, जिसे ईसाई समाज के नागरिक बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसी प्रकार, इजराईल (यहूदी समुदाय) एवं हम्मास (मुस्लिम समुदाय) के बीच युद्ध लम्बे समय से चल रहा है। ईरान (शिया समुदाय) - सऊदी अरब (सुन्नी समुदाय) के आपस में रिश्ते अच्छे



**1398 ईसवी में ईरान भारत से अलग हुआ, 1739 में नादिरशाह ने अफगानिस्तान को अपने लिए एक अलग रियासत के रूप में प्राप्त कर लिया, बाद में 1876 में यह एक स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्व में आ गया,1937 में म्यांमार बर्मा अलग हुआ, 1911 में श्रीलंका अलग हुआ और 1904 में नेपाल अलग हुआ।**

नहीं है। पाकिस्तान में तो अहमदिया समुदाय एवं बोहरा समुदाय को मुस्लिम ही नहीं माना जाता है एवं इनको गैर मुस्लिम मानकर इन पर सुन्नी समुदाय द्वारा खुलकर अत्याचार किए जाते हैं। कुल मिलाकर, मुस्लिम समाज न केवल अन्य समाज के नागरिकों (यहूदी, ईसाई, हिंदू आदि) के साथ लड़ता आया है बल्कि इस्लाम के विभिन्न फिर्कों के बीच भी इनकी आपसी लड़ाई होती रही है। इसके ठीक विपरीत, सनातन हिंदू संस्कृति का अनुपालन करते हुए कई भारतीय मूल के नागरिक भी अन्य देशों में रह रहे हैं एवं लम्बे समय से स्थानीय स्तर पर ईसाई समाज एवं अन्य धर्मों के अनुयायियों के साथ मिल जुलकर रहते आए हैं। इन देशों में भारतीय मूल के नागरिकों एवं स्थानीय स्तर पर अन्य धर्मों के अनुयायियों के बीच कभी भी बड़े स्तर पर आक्रोश उत्पन्न होता दिखाई नहीं दिया है, क्योंकि सनातन हिंदू संस्कृति में ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ एवं ÷सर्वे भवंतु सुखिन÷ का भाव हिंदू नागरिकों में बचपन से ही भरा जाता है। इसी प्रकार के भाव का संचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पिछले 99 वर्षों से अपने स्वयंसेवकों में जगाता आया है। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। 27 सितम्बर 1933 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, शस्त्र पूजा समारोह में अपने उदबोधन में कहते हैं कि ÷संघ एक हिंदू संगठन है। संसार के सभी धर्मों में हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है, जिसका मुख्य गुण सद्गुण है और जो आत्मवत् भूतेषु (सभी प्राणियों में अपने को देखना) की भावना से सभी जीवों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना सिखाता है। यह धर्म संसार में व्याप्त हिंसा और अन्याय को स्वीकार नहीं करता। इसलिए स्वाभाविक है कि प्रत्येक हिंदू ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना चाहता है। लेकिन केवल उपदेश देने से संसार का स्वभाव नहीं बदलेगा। जब संसार को लगेगा कि हिंदू समाज सुसंगठित और सशक्त हो गया है, तो हमारे प्रति जो अनादर का भाव सर्वत्र दिखाई देता है, वह समाप्त हो जाएगा और संसार हमारी बात सुनेगा। हिंदू धर्म अनादि काल से यही करता आ रहा है और ऐसे पवित्र धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ही संघ की शुरुआत हुई है।÷ ÷आजकल हिंदू समाज बहुत अव्यवस्थित हो गया है। संघ का एकमात्र उद्देश्य हिंदू समाज को इस तरह संगठित करना है कि हिंदू, हिंदुस्तान में गर्वित हिंदू के रूप में खड़े हो सकें और दुनिया को यह विश्वास दिला सकें कि हिंदू कोई ऐसी जाति नहीं है जो मरणासन्न अवस्था में हो। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। संघ का लक्ष्य मानव जाति में व्याप्त राक्षसी प्रवृत्ति को दूर करना और उसे मानवता सिखाना है। संघ का गठन किसी से घृणा करने या उसे नष्ट करने के लिए नहीं हुआ है। हाल ही में जारी की गई प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में 'धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी का देशभर में विश्लेषण' नामक विषय के माध्यम से बताया गया है कि बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी 1950 और 2015 के बीच 7.82 प्रतिशत घट गई है। जबकि मुस्लिमों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुस्लिमों की 1950 में 9.84 प्रतिशत रही आबादी 14.09 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 27:26 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढा 17:03 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | ब्रह्म, 14:26 |
| सूर्योदयः | 05:26 |
| सूर्यास्तः | 19:20 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 17:36-19:20 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:47 |

## जन एक्सप्रेस

**ख़बर रही है तैर !**

*कभी अंदर कभी बाहर ।
ख़बर रही है तैर ।।
देखते फिर बाहर कौं ।
कब होती है सैर ।।
बंटती कभी मिठाईयां ।
और कभी प्रहार ।।
हुई थी तैयारी ।
पहनाने को हार ।।
फिरा सब पर पानी ।
होगा करना इंतज़ार ।।
तू तू मैं मैं जारी है ।
बढ़ रही तकरार ।।
हास्यास्पद है स्थिति ।
हुआ गज़ब है हाल ।।
रुक रुक कर बार बार ।
उठ रहे सवाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*वह दादी,नानी का गांव
उस पर ममता की छांव।।
मेरे सपने है आंखों में उनके,
दौड़ मेरी पर दादी के पाव।
धड़कन मेरी कलेजा है, उनका
जख्म मेरे पर दादी के पांव ,*

*पतली पगडंडी जाती उन तक,
तुलसी का आंगन, अमिया की छांव ।
कल कल बहती नदिया उन तक,
पतवार मैं हूं, दादी है नाव।
अन्न के दाने हैं हाथों में उनके,
चिड़ियों का डेरा और कागा की कांव।
अल्लाह, ईश्वर सब एक समान,
सारे तीरथ दादी,नानी के पॉव।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*जब जीवित रहने और पनपने का मौका दिया जाता है, तो नकारात्मक विचारों की पूरी सेना पर काबू पाने के लिए केवल एक सकारात्मक विचार की आवश्यकता होती है*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ज़्यादा उम्र में भी मां बनने का सुख दे सकता है फर्टिलिटी प्रीवेंशन



**आधुनिक** जमाने ने हमारी लाइफस्टाइल को पूरी तरह से बदलकर रख दिया है। हमारी सोच, समझदारी यहां तक की प्राथमिकताएं भी आज बदल चुकी हैं। पहले के युवा सरकारी नौकरी की तैयारी करते थे। 25 की उम्र में शादी करके घर बसाते थे और फिर परिवार की बाकी जिम्मेदारियों को निभाते थे। लड़कों की तरह लड़कियां युवा अवस्था में कदम रखते ही घर के काम जैसे की खाना पकाना, सिलाई-कढ़ाई जैसे काम सीखती थीं। 22 से 25 साल की उम्र में मां बन जाती थीं। लेकिन अब जमाना बदल गया है। प्राथमिकता और करियर आज सिर्फ लड़कों ही नहीं बल्कि लड़कियों की पहली प्राथमिकता बन चुका है। आज हर लड़की पहले करियर बनाने को तरजीह देती हैं। करियर और लाइफ में कुछ बनने की चाह में शादी और बच्चा पीछे छूट जाता है। लेकिन अब विज्ञान की तरक्की की वजह से महिलाएं किसी भी उम्र में मां बन सकती हैं। यह तरीका है फर्टिलिटी प्रिवेशन। फर्टिलिटी प्रिवेशन क्या है और इसे किस उम्र में करवाया जाता है


**फर्टिलिटी प्रिवेशन क्या है?:** मेडिकल साइंस की मदद से कई तरीकों से महिलाओं के एग्स को फ्रीज किया जाता है। ताकि महिलाएं 30 या 40 की उम्र के बाद भी गर्भधारण कर सके और बच्चे को जन्म दे सके। डॉ. निशा भटनागर का कहना है, फर्टिलिटी प्रिवेशन सिर्फ महिलाओं का किया जाता है। इसमें महिलाओं के भ्रूण को फ्रीज किया जाता है, ताकि वह जब मां बनना चाहती हैं तो उसका इस्तेमाल करके गर्भधारण कर सकें। इसके लिए एग फ्रीजिंग, एम्ब्रियो फ्रीजिंग और ओवेरियन टिश्यू फ्रीजिंग जैसे प्रोसेस को अपनाया जाता है। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि भारत जैसे देश में आज भी इसकी जानकारी सिर्फ शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को ही है। ग्रामीण और शहरों में पिछड़े इलाकों में रह रही महिलाएं आज भी एग फ्रीजिंग और फर्टिलिटी प्रिवेशन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है।

**क्या है फर्टिलिटी प्रिवेशन की सही उम्र?:** डॉक्टर के अनुसार, किसी भी महिला की गर्भधारण की उम्र 20 से 30 साल सही मानी जाती है। 30 साल की उम्र के बाद अगर महिलाएं गर्भधारण करती हैं, तो उन्हें कई तरह की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जो महिलाएं 35 या 40 साल की उम्र के बाद गर्भधारण करने की सोच रही हैं, तो वह 20 से 22 साल की उम्र में फर्टिलिटी प्रिवेशन करवा सकती हैं। फर्टिलिटी प्रिवेशन करवाने से पहले अपने खानपान का विशेष ध्यान रखें। डॉक्टर के अनुसार, फर्टिलिटी प्रिवेशन करवाने से लगभग 3 से 4 महीने पहले धूम्रपान और शराब का सेवन बिल्कुल भी न करें। ध्यान रहे कि पीरियड्स के बाद ही फर्टिलिटी प्रिवेशन करवाया जाता है, लेकिन हर महीने का अंडा फ्रीजिंग के लिए सही नहीं होता, इसलिए जांच के बाद यह पता चलता है कि किस महीने के अंडे को फ्रीज करके रखा जाएगा। ताकि भविष्य में गर्भधारण करते वक्त किसी तरह की परेशानी न आए।

## एक्सप्रेस विशेष

# योग : कर्मसु कौशलम्

**योग के नजरिए से यह समय संक्रमण काल होता है, यानी रूपांतरण के लिए बेहतर समय होता है। योग को मजहबी दृष्टि से देखना गलत है। पैंतालीस इस्लामी मुल्कों के साथ आज पूरे विश्व में योग किया जा रहा है। अमेरिका व योरोप में करोड़ों लोगों की जीवन शैली में योग शामिल हो गया है। नरेंद्र मोदी ने विश्व कूटनीति में सांस्कृतिक तत्व को बेजोड़ अंदाज में शामिल किया है।**



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है। मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है। विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है।**


भारतीय चिंतन में मानव कल्याण की भावना है। योग इसका प्रमाण है। इसमें सर्वे भवन्तु सुखिन की कामना है। कोई भेदभाव नहीं 'युज्यते एतद् इति योगः' अर्थात्, जो जोड़ता है, वह योग है। यह वसुधैव कुटुंबकम्' का व्यवहारिक पक्ष है। योग भारत की अमूल्य धरोहर है। भगवान श्री कृष्ण ने कहा है योग कर्मसु कौशलम्- अर्थात् योग से कर्मों में कुशलता आती है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से आज विश्व में इसकी गूंज है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा में योग दिवस मनाने का प्रस्ताव किया था, इस पर सबसे कम समय में सर्वाधिक देशों के समर्थन का रिकार्ड कायम हो गया। संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने जिस ऐतिहासिक समर्थन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को स्वीकार किया था, वह राष्ट्रीय गौरव का विषय है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत की महान धरोहर के प्रति विश्व की सहमति है। विश्व में योग लगातार लोकप्रिय हो रहा है। लोगों को इसमें अपना हित नजर आ रहा है। इसकी भवभूमि में व्यक्ति को विराट जगत सत्ता से जोड़ने का विचार समाहित है। लेकिन शारीरिक लाभ के विचार से किया जाने वाला योग भी कल्याणकारी होता है। इससे शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार का स्वास्थ्य लाभ होता है। अनेक बीमारियों से निदान मिलता है। सकारात्मक चिंतन को बढ़ावा मिलता है। व्यक्ति का जीवन भोग के लिए नहीं, बल्कि योग के लिए है। योग रोग



से मुक्ति प्रदान करता है। साथ ही चराचर जगत के अनेक सुखद रहस्यों का साक्षात्कार भी कराता है, जिनका सामान्य रूप से अनुभव नहीं किया जा सकता। यह क्षमता केवल योग से प्राप्त होती है। ईश्वर की सभी कृतियों में मनुष्य को ही विवेक शक्ति मिली है। इसे योग के माध्यम से जागृत किया जा सकता है। योग शरीर के साथ मन को भी स्वस्थ रखता है। ऐसा कोई दूसरा शरीर विज्ञान आज तक नहीं बन सका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसको विश्व से परिचित कराया। इसका विराट रूप योग दिवस पर विश्व में दिखाई देता है। यह भारत की गौरवशाली उपलब्धि है। योग के आधुनिक प्रवर्तक पतंजलि के अनुसार योगश्चित्तवृतिनिरोध। अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग कहलाता है। वेदांत के अनुसार आत्मा का परमात्मा से पूर्ण रूप से मिलन होना ही योग कहलाता है। इक्कीस जून को ग्रीष्म संक्रांति होती है। इस दिन सूर्य धरती की दृष्टि से उत्तर से दक्षिण की ओर चलना शुरू करते हैं, यानी सूर्य जो अब तक उत्तरी गोलार्ध के सामने था, अब दक्षिणी गोलार्ध की तरफ बढ़ना शुरू हो जाता है। योग के नजरिए से यह समय संक्रमण काल होता है, यानी रूपांतरण के लिए बेहतर समय होता है। योग को मजहबी दृष्टि से देखना गलत है। पैंतालीस इस्लामी मुल्कों के साथ आज पूरे विश्व में योग किया जा रहा है। अमेरिका व योरोप में करोड़ों लोगों की जीवन शैली में योग शामिल हो गया है।नरेंद्र मोदी ने विश्व कूटनीति में सांस्कृतिक तत्व को बेजोड़ अंदाज में शामिल किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत के लिए गर्व का विषय है। इसे राजनीति की दृष्टि से देखना गलत है। अनेक विपक्षी पार्टियां राष्ट्रीय गौरव के इस अवसर से अपने को अलग रखती हैं। फिर भी यह सन्तोष का विषय है कि आम लोगों में इस गौरवशाली दिन को लेकर उत्साह रहता है। पूरे विश्व में योग दिवस का माहौल दिखाई देता है। बच्चों से लेकर बड़ों तक में इसे लेकर उत्साह रहता है। यह एक दिन का उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि इसे प्रतिदिन दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा भी मिलती है। बीते वक्त में भारत ने केवल विश्व कल्याण का उद्घोष ही नहीं किया था, बल्कि उसके अमल की राह भी दिखाई थी। इसी ने भारत को विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया था। योग में भी मानव कल्याण का विचार समाहित है। यह शरीर के साथ ही मन को संतुलित करता है। नकारात्मक चिंतन शरीर के साथ ही समाज को भी उद्वेलित करते हैं, अराजकता फैलाते हैं। नरेंद्र मोदी ने योग को मानवता के लिए धरोहर बताया था। उनके विचारों पर विश्व समुदाय ने ध्यान दिया था। योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है। मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है। विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है परियोजना कार्यालय नेडा





**बिडिंग की हालात देख आप यह नहीं कह सकते की परियोजना अधिकारी नेडा का कार्यकाल है या डरावनी हवेली**

जन एक्सप्रेस | सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** परियोजना अधिकारी डूडा आफिस में प्रवेश करते ही ऐसा प्रतीत होता है की आप कोई भुतही खंडहर में जा रहे बिल्डिंग जो धराशाई होने का इंतजार कर रही है टूटी खिड़कियां दिवालों को अपनी आगोश में लपेटे बरगद के पेड़ बरामदे में भरी लकड़ियां गंदगी इतनी लगता है बीसियों सालो से अंदर को घुसा नहीं खिड़की पर रखी शराब की बोतल यह बयान कर रही है की शराब पीने के लिए इससे अच्छी जगह कोई हो नहीं सकती बताते चलें गैर-परंपरागत ऊर्जा विकास एजेंसी, उत्तर प्रदेश(नेडा), की स्थापना 1983 में उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अंतर्गत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गयी थी। एजेंसी का निदेशक मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है और राज्य में ऊर्जा के गैर परंपरागत स्रोतों के विकास के कार्यक्रमों के निर्माण व कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है तथा सरकार के अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग सचिव के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करता है। अन्य बातों के अलावा एजेंसी निम्न कार्य करती है ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों और ऊर्जा संरक्षण की अवधारणा को प्रसारित करना।

विभिन्न क्षेत्रों में अक्षय ऊर्जा प्रणालियों और ऊर्जा की बचत के साधनों के उपयोग को बढ़ावा देना। मुख्यतः अनुप्रयोग प्रकृति के नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास। एजेंसी ऊर्जा योजना और ऊर्जा प्रबंधन के अन्य पहलुओं के अलावा सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जैव ऊर्जा, माइक्रो हाइडल और ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही है। परंतु इसकी बिडिंग और स्टाप की कमी एक संविदा कर्मी के सहारे चल रहा परियोजना कार्यालय नेडा लखीमपुर खीरी रही बात परियोजना अधिकारी की तो उनके पास दो जिलों का कार्य भार है एक जनपद लखीमपुर खीरी दूसरा सीतापुर जिसमें तीन दिन लखीमपुर खीरी तीन दिन सीतापुर का कार्य देखते है।सबसे बड़ी बात यह है की इस जर्जर बिल्डिंग के रख-रखाव रंग रोगन के लिए सरकार से धन प्राप्ति नहीं हुई यह एक दो साल का मामला नहीं दसकों का मामला है।

# डीसीएम बैक करते समय हुआ हादसा, पहिये के नीचे दबने से पोल्ट्री फार्म मालिक की मौत




**चालक ने अचानक डीसीएम बैक कर दी जो बना मौत का कारण**

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

शनिवार सुबह फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सिसौरा में दर्दनाक हादसा हो गया। घर के पास बने पोल्ट्री फार्म में मुर्गे भरने आई डीसीएम को बैक करते समय पहिये के नीचे दबने से फार्म मालिक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोल्ट्री फार्म मालिक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी का रो-रोकर बुरा हो गया। सिसौरा गांव निवासी मस्त राम का मंझला बेटा 28 वर्षीय श्याम सुंदर घर के पास बने पोल्ट्री फार्म की देखरेख और कामकाज संभालता था। शनिवार को फार्म में तैयार मुर्गों को बिक्री के लिए भेजने के लिए सात डीसीएम आई थीं। तड़के तीन बजे तक चार डीसीएम लोड हो चुकी थी। पांचवीं डीसीएम भी चालक लेकर आ गया। उसने डीसीएम खड़ी कर दी। कुछ देर बाद श्याम सुंदर डीसीएम से कुछ दूर पीछे जाकर जमीन पर लेट गया और मजदूरों से बातें करने लगा। इसी दौरान चालक ने अचानक डीसीएम स्टार्ट की और बैक करने लगा। जिससे श्याम सुंदर डीसीएम के पिछले पहिये के नीचे दब गया। पास में खड़े मजदूरों ने शोर मचाया, तब जाकर डीसीएम आगे बढ़ी। घायल अवस्था में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज शुरू ही हुआ थी कि सुबह पांच बजे उसकी मौत हो गई। सूचना पर फूलबेहड़ पुलिस ने जांच की। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर डीसीएम को कब्जे में लिया है।

# बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला द्वारा वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी




बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला क्षेत्र के ग्राम हंडेला में प्रगतिशील कृषक तरूण शारदा के फार्म हाउस पर वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के उप निदेशक/वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ पी के कपिल, जमुनाबाद फ़ार्म के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सरनाम सिंह व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर एवं मिल परिक्षेत्र के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी एस चतुर्वेदी ने गोष्ठी में आए सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन किया तथा गन्ना सर्वेक्षण कार्य समाप्त होने के पश्चात होने वाले सट्टा प्रदर्शन में सभी कृषको को अपने अपने सट्टे से सम्बंधित सभी समस्याओं को अपने सुपरवाइजर से मिलकर निदान कराने की सलाह दी, जिससे पेराई सत्र में सप्लाई सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसे प्राप्त कर लग रही कीट बीमारियों से बचाव हेतु खेतों में समय से प्रयोग कराये एवं वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए सुझावों को अपनी फसलो में प्रयोग करके अधिक से अधिक पैदावार प्राप्त करें, डॉ पी के कपिल ने फसल सुरक्षा प्रबंधन पर चर्चा करते हुए टॉप बोरर व पोक्का बोइंग की पहचान व बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी व यह भी बताया कि यूरिया की अंतिम खुराक बरसात से पूर्व देकर मिट्टी अवश्य चढ़ा दे तथा बरसात न होने के कारण फसल को नुकसान से बचाने हेतु समय से सिचाई करने की सलाह दी, इसी क्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ सरनाम सिंह ने वर्तमान में गन्ने की फसल में लगने वाले कीट बीमारियों से किसानों को सजग रहने को कहा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने सर्वे/सट्टा व समिति द्वारा चलायी जा रही गन्ना विकास सम्बन्धी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी, गोष्ठी का मंच संचालन प्रबंधक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने किया, अन्त में कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रगतिशील कृषक हरमीत सिंह बाजवा ने गोष्ठी में आये सभी आगंतुकों का आभार व आशीर्वचनों के साथ गोष्ठी का समापन किया, गोष्ठी में जय प्रताप सिंह, पिन्टू सिंह, राज बहादुर सिंह, अंग्रेज सिंह, रमनदीप सिंह, हरकिशन सिंह, राहुल सिंह, मुख्तयार सिंह आदि सैकडों कृषक व सहायक महा प्रबंधक गन्ना डॉ ओ डी शर्मा, प्रबंधक गन्ना संजीव सिरीही, ब्लॉक इंचार्ज राहुल यादव, मोटिवेटर अमर सिंह सहित समिति व मिल के तमाम गन्ना विकास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गिरजापुरी इलेवन ने धौरहरा को आठ ओवर में किया पराजित



**104 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिरजापूरी की टीम ने 8 ओवर में लक्ष्य हासिल किया**

जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी

रामनगर बगहा में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस अमृत स्टेडियम में डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम मेमोरियल नाइट टूर्नामेंट का अंतिम लीग मुकबला धौरहरा इलेवन बनाम गिरजापुरी इलेवन के बीच खेला गया। गिरजापुरी ने मुकाबले में धौरहरा को मात्र आठ ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर जीत हासिल की।समाजवादी पार्टी के निघासन विधानसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल बतौर मुख्य अतिथि फीता काट कर सिक्का उछाला। धौरहरा इलेवन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने निर्णय लिया। धौरहरा इलेवन पहले बल्लेबाजी करते हुए चंदन की 51 और अल्ताफ के 12 द्दरनो की बदौलत निर्धारित 10 ओवर में छः विकेट पर 104 रन लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिरजापुरी इलेवन के विराट के नाबाद 55 जिसमे 6 सिक्स, 4 चौके लगाए और रितेश ने दो सिक्स लगा कर 19 रन की बदौलत आठ ओवर में तीन विकेट खोकर 105 रन बनाकर विजय हासिल की। गिरजापुरी की तरफ से विराट नाबाद पंद्रह गेंद में 55 रन के धमाकेदार प्रदर्शन के चलते मैन आफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मैच में अंपायरिंग जयपाल राज, अजय गुप्ता ने की। स्कोरिंग दिलनावज खान, व शब्बीर अहमद ने की। कमेंट्री अतीक अहमद, रिजवान खान ने की। इस दौरान दर्शक दीर्घा में हजारों की तादाद में दर्शक मैजूद रहे।

## बच्चे को गंभीर चोट पहुंचाने के दोषी को चार वर्ष की कैद

जन एक्सप्रेस | हरदोई

तकरीबन सवा तीन साल पुराने हत्या के प्रयास व जान से मारने की धमकी देने के मामले में अपर जिला जज (एफटीसी) यशपाल ने एक शख्स को दोषी करार देते हुए चार वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जुर्माने की आधी रकम बतौर क्षतिपूर्ति पीड़ित को देने के आदेश भी दिए गए हैं। कोतवाली शाहाबाद क्षेत्र के मोहल्ला महुआटोला निवासी रेशमा पत्नी रामनिवास ने छह मार्च 2021 को तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि रेशमा का भतीजा नकुल (7) पुत्र सत्यपाल मोहल्ले के ही विद्याराम की दुकान पर कुछ सामान खरीदने गया था। वहीं अभियुक्त लक्ष्मी ने नकुल को जमीन पर उठाकर पटक दिया था। इसके कारण नकुल के गंभीर चोटें आईं थीं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना में मेडिकल परीक्षण के बाद हत्या के प्रयास की धारा तरमीम कर छह मई 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

# शहर में तरुपूजन संस्कार के साथ हुआ पौधरोपण




जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर खीरी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरीतिमा संवर्धन के उद्देश्य से चलाए जा रहे माता भगवती देवी वृक्षगंगा अभियान के मानसून सत्र का शुभारंभ विश्व योग दिवस से आरंभ कर दिया गया है। युवा प्रकोष्ठ द्वारा विश्व योग दिवस को प्रकृति संग योग की थीम पर मनाया गया। वृक्षगंगा अभियान के मानसून सत्र का आरंभ शहर के मोहल्ला गंगोत्री नगर में तरुपूजन संस्कार एवं पौधरोपण कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 इरा श्रीवास्तव ने गायत्री परिजनों के साथ तरुपूजन संस्कार किया और कचनार का पौधरोपण कर अभियान के इस सत्र का औपचारिक शुभारंभ किया। वृक्षगंगा अभियान संयोजक अनुराग मौर्य ने बताया वृक्षगंगा अभियान के पौधे वहीं पर लगाए जा रहे हैं जहां पर उनकी देखभाल और सिंचाई आदि की जिम्मेदारी कोई परिजन ले रहा है। अभियान में पौधों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण पौधों को बचाना और चलाना है। इस दौरान जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद, युवा प्रकोष्ठ के दीपक वर्मा, अजय वर्मा, निधि वर्मा, विनय मौर्य, अरुण कनौजिया, कुलदीप वर्म, दीपा वर्मा, प्रेमकांत कटियार आदि मौजूद रहे।

# यूनियन बैंक के तत्वावधान में वृहद मेले का हुआ आयोजन





जन एक्सप्रेस | सीतापुर

आज यूनियन बैंक, शाखा स्टेशन रोड, निकट चांदी वाले हनुमान मंदिर द्वारा वृहद लोन मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ श्री ब्रजेश तिवारी, रीजनल हेड द्वारा किया गया, जिसमें ब्रांच हेड श्री अमित गुप्ता व जनपद सीतापुर की यूनियन बैंक की अन्य शाखाओं के ब्रांच मैनेजर भी उपस्थित रहे।

मेले में मुख्य आकर्षण का केन्द्र पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का स्टाल रहा, जिसमें लोगों की अत्यंत भीड़ उमड़ती दिखाई दी। उक्त स्टाल यू0पी0 नेडा विभाग द्वारा विभाग में पंजीकृत कम्पनी फिंटेक्स इण्डिया सर्विसेज प्रा0लि0, सीतापुर द्वारा लगवाया गया।

मेले में उपस्थित यू0पी0 नेडा के अधिकारी श्री कमलेश यादव, परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना मा0 प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजनाओं में सम्मिलित है उक्त योजना के अन्तर्गत बिजली विभाग के घरेलू उपभोक्ता अपने घर पर आना ग्रिड सोलर प्लांट लगाकर अधिकतम रू0 108000/- की सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा रू0 78000/- एवं राज्य सरकार द्वारा रू0 30000/- का अनुदान सम्मिलित है। यूनियन बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थीगण 7 प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर पर सोलर प्लांट की लागत का अधिकतम 90 प्रतिशत लोन बिना किसी इंकम प्रूफ के बैंक से प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर उपस्थित श्री रेनू पटेल, डायरेक्टर, फिंटेक्स इण्डिया सर्विसेज प्रा0लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि अल्प अवधि में ही उनकी कम्पनी द्वारा जनपद सीतापुर के 200 से अधिक उपभोक्ताओं के यहॉ पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत आने ग्रिड सोलर प्लांट लगवायें गये, जो जनपद में किसी भी कम्पनी द्वारा लगाये गये प्लान्ट में सर्वाधिक है। बैंक द्वारा न्यूनतम दर, न्यूनतम पेपर वर्क व एक से दो दिन के समय में ही लोन निर्गत किये जाने के कारण उपभोक्ता इस योजना से बहुत प्रभावित है। यह योजना बहुत ही फायदेमंद योजना है, इस योजना के माध्यम से उपभोक्ता प्राकृतिक ऊर्जा का उपयोग करके पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं तथा बिजली बिल के बोझ से भी मुक्त हो रहे हैं। राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा भी इस योजना को प्रभावी बनाये जाने हेतु कई प्रयास किये गये हैं तथा 75 प्रतिशत तक सब्सिडी देकर लोगों को अधिक से अधिक प्रेरित किया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### खेत में फसल की रखवाली कर रहे किसान की मौत



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गुदरिया गांव निवासी किसान की मौत हो गई। वह शुक्रवार रात खेत पर फसल की रखवाली करने गया था। शनिवार सुबह 10 बजे उसका शव उसी के खेत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गुदरिया गांव निवासी 40 वर्षीय रामगोपाल यादव शुक्रवार रात खेत पर गया था। शनिवार सुबह तक नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में खेत पर पहुंचे तो देखा उसका शव गन्ने के खेत में पड़ा है। मृतक के चाचा अशर्फी लाल यादव ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है।एक हाथ नीला पड़ गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।रिपोर्ट मिलने पर मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।और आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### घर के पास निकला मगरमच्छ ग्रामीणों की मदद से वन विभाग की टीम ने पकड़ा



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** शनिवार को उत्तर खीरी वन रेंज धौरहरा क्षेत्र के गांव कलुआपुर मजरा मैला में श्यामू भार्गव के घर के पड़ोस स्थित गड्ढे में कहीं से एक मगरमच्छ आ गया। मगरमच्छ को देख ग्रामीणों में खलबली मच गई। आनन-फानन में ग्रामीण हृदय राम भार्गव ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर वन कर्मचारी नरेंद्र सिंह, वाचर संदीप सिंह गांव पहुंचे और मगरमच्छ को ग्रामीणों की सहायता से पकड़कर जालिम नगर पुल के पास घाघरा नदी में छोड़ दिया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।ग्रामीणों ने मगरमच्छ को लाठी डण्डा व रस्सी, बोरी के सहारे उसे दबोचकर वन कर्मियों के हवाले कर दिया। इसके बाद उसे जालिम नगर पुल के पास ले जाकर घाघरा नदी में छोड़कर दिया गया।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की जांच सीबीआई से कराई जाए

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** कांग्रेसियों ने शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से कराई गई सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की सीबीआई से जांच कराए जाने और शिक्षा माफियाओं पर कार्रवाई करने की मांग की। क्रांग्रेसियों की ओर से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने नगर मजिस्ट्रेट एसके त्रिवेदी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि नीट, यूजीसी का परिणाम चार जून को जारी हुआ था। इसमें कई अनियमितताएं जाहिर हुईं। पेपर लीक का आरोप भी अभ्यर्थियों ने लगाया है। परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ियां, कदाचार और अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया। पूरी परीक्षा ही दोषपूर्ण है। इस कारण इसी कार्यदायी संस्था की ओर से कराई गई सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की सीबीआई जांच कराई जाए। अनुपम दीक्षित ने कहा कि नीट में भ्रष्टाचार के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। भाजपा सरकार ने युवाओं और छात्रों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। पांडेय, अनुराग वर्मा, मनोज कुमार सिंह, हरिश्चंद्र, बृजेश कुमार वर्मा, अभिषेक यादव मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की विभागीय बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस | सीतापुर




मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की गहनता पूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्यालयों में छात्रों एवं अध्यापकों की उपस्थिति में सुधार किया जाये। उन्होंने ब्लॉक टास्क फोर्स एवं डिस्टिक्ट टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार निरीक्षण करें एवं शिक्षण कार्यों की गुणवत्ता तथा मिड-डे-मील की गुणवत्ता अवश्य देखें। निपुण लक्ष्य में सुधार के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। मुख्य विकास अधिकारी निर्देश दिये कि विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जायें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। नामांकन मे सुधार किये जाने के निर्देश देते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नियमानुसार सर्वे कराते हुये शतप्रतिशत नामांकन कराया जाये एवं सर्वे की जांच भी करायी जाये। डी0बी0टी0 के अन्तर्गत डाटा अद्यतन करते हुये समय से डी0बी0टी0 की राशि प्रेषित कराये जाने के निर्देश भी दिये। विद्यालयों में शिक्षण कार्यों को अधिक रोचक बनाये जाने के निर्देश देते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रातःकाल प्रार्थना सभा का रोचक तरीके से आयोजन कराया जाये तथा बच्चों के लिये ज्ञानवर्धक गतिविधियां भी संचालित की जायें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. राम आसरे सिंह, अग्रणी बैंक प्रबन्धक अनल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव, सहित संबंधित खण्ड विकास अधिकारी संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने शर्बत वितरण किया

जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी

बरवर कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, रायबरेली सांसद राहुल गाँधी के जन्मदिन के अवसर पर कस्बा बरवर के नगर कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा शबर्त वितरण का आयोजन किया गया जिसमे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा राहगीरो को शबर्त पिलाया गया।

राहुल गांधी के 54वें जन्मदिन पर नगर पंचायत बरवर कॉंग्रेस नगर अध्यक्ष वालीउल्ला ने अपनी नगर कमैटी के साथ मिलकर शर्बत वितरण व केक काटकर अपने नेता जन्मदिन मनाया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष वालीउल्ला, सोशल मीडिया प्रभारी तालिब मंसूरी(डायरेक्टर मंसूरी फिनांसिल) विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक मिर्ज़ा जुबैर बेग मेम्बर पीसीसी डॉ.रियाज़ कुरैशी, नीलकमल, मिर्ज़ा यामीन बेग, हसीब खां हरिराम, विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस शुजाअत हसन आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा जेठ माह के अंतिम शनिवार को नगर के आरएमपी इंटर कॉलेज प्रांगण में स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मंदिर समिति के लोगों ने साप्ताहिक सुंदरकांड का पाठ किया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सपत्निक कन्या भोज कराकर पूजन हवन कर भंडारे का शुभारंभ किया गया भंडारे में जिले के कोने कोने से आए भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया । इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि जेठ माह में प्रभु हनुमान जी के पूजन का विशेष महत्व होता है और ऐसे में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में उनके और भगवान शिव के पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया है आज इस भंडारे में जहां भक्तगणों का संपूर्ण सहयोग रहा है वही अनुकूल मौसम के माध्यम से प्रभु ने भी अपना आशीर्वाद दिया है। जिला अध्यक्ष ने आए हुए सभी भक्तों का आभार जताया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री अवध नीरज वर्मा, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश गुरु, नगर पालिका खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, भाजपा नेता बबलू अवस्थी, विश्राम सागर राठौर, उदित वाजपेई सुधाकर शुक्ला, जया सिंह अंकित दीक्षित विष्णु मौर्य सहित भक्तगण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। तथा सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कुशीनगर पहुंची सीबीआई ,नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में कर रही पूछताछ

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। सीबीआई टीम यूजीसी व नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी की जांच करने शनिवार को कुशीनगर पहुंची । जांच में टीम ने एक निखिल नामक युवक को अपने साथ ले कर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली की सीबीआई टीम ने पडरौना कोतवाली के सिधुआ स्थान पहुंची और वहां से निखिल नाम के युवक को उठा लिया और उससे पूछताछ कर रही है। टीम को जांच में पता चला है कि निखिल ने टेलीग्राम पर यूटीसी नीट के पेपर का कुछ अंश पोस्ट किया था। बताया जाता है कि युवक निखिल राजस्थान के कोटा व में लखनऊ में रहकर यूजीसी-नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर चुका है।वह बीते एक माह से कुशीनगर के सिधुआ स्थान में रह रहा था। निखिल के परिजनों का कहना है कि सीबीआई मेरे घर पहुंची और लड़के के संबंध में पुछताछ की और उसे पड़रौना कोतवाली लेकर आने को कही। परिजन ने बताया कि मैं अपने लड़के को कोतवाली लेकर आया हूं उससे सीबीआई पूछताछ कर रही है। कोटा और लखनऊ में रहकर निखिल की तैयारी के विषय में पूछा गया तो उनका कहना था एक वर्ष वह कोटा में रहकर तैयारी किया है। बाद में लखनऊ में रहकर तैयारी कर रहा था।

# निषाद पार्टी कार्यकर्ता के हत्या मामले में निषाद पार्टी सुप्रीमो पहुंचे कार्यकर्ता के घर

✻ मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी सुप्रीमो डॉक्टर संजय कुमार निषाद ने मंडल जनपद देवरिया के दौरे पर रहे। मंत्री श्री निषाद शनिवार को देवरिया के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के विठ्ठलपुर ग्राम सभा में निषाद पार्टी कार्यकर्ता दीपू निषाद की हत्या मामले में पीड़ित परिजनों से मुलाकात करने उनके पैतृक निवास पहुंचे। कैबिनेट मंत्री डाक्टर निषाद ने मृतक कार्यकर्ता के परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और घटना को मामले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखने का आश्वासन परिजनों को दिया।

पिडित परिवार के साथ है निषाद पार्टी

निषाद पार्टी सुप्रीमो ने कहा कि निषाद पार्टी और निषाद पार्टी कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पीड़ित परिजनों के साथ हैं और उनकी हर संभव मदद करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी को बचाने की कोशिश की जा रही है ऐसे में हत्यारों पर दीपू की हत्या में धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

सीएम योगी की है सरकार , जीरो टॉलरेंस निति का होता है पालन

डाक्टर निषाद ने कहा कि उन्होंने पुलिस प्रशासन को आदेशित किया है कि मृतक के परिजनों के साथ कोई भी भेदभाव नहीं होना चाहिए और प्रदेश के मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत इस पर भी कार्रवाई होनी चाहिए आरोपी बेशक रसूखदार हो सकता है किंतु प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व सरकार चल रही है और उनकी सरकार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम होता है ऐसे में अपराधी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

पुलिस ने किया हिलाहवाली तो सीएम योगी के समक्ष उठाएंगे मामला

डाक्टर निषाद ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन द्वारा कोई भी इस मामले में लापरवाही बरती जाती है तो वह इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष भी उठाने का कार्य करेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव मदद की कोशिश करेंगे।

घटना को राजनीतिक रंग ना दे समाजवादी पार्टी-घटना के संबंध में समाजवादी पार्टी के डेलिगेशन के दौरे पर श्री निषाद ने कहा कि इस मामले को राजनीतिक तुल ना दिया जाए, सरकार और निषाद पार्टी पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है समाजवादी पार्टी बेवजह मामले को राजनीतिक तूल देना चाहती है। किसी की भी हत्या पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

निषाद पार्टी सुप्रीमो के साथ पूर्व सांसद संतकबीरनगर इंजीनियर प्रवीण निषाद, नेता विधान मंडल दल निषाद पार्टी विधायक अनिल त्रिपाठी, विधायक चौरी चौरा इंजीनियर सरवन निषाद , निषाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र मणि निषाद , बाबूराम निषाद , व्यासमुनि निषाद, जिला अध्यक्ष देवरिया योगेश निषाद, राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खनन माफियाओं पर चला तहसील प्रशासन का चाबुक, जेसीबी मशीन की सीज

### अवैध मिट्टी खनन को लेकर के एक्शन मोड में दिखे नोडल खनन अधिकारी




जन एक्सप्रेस। कैंपियरगंज

थानीय तहसील क्षेत्र के अलीगढ़ में ईंट भटे की आड़ में हो रहे अवैध मिट्टी खनन को नोडल खनन अधिकारी राजेंद्र लाल श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंच कर सीज कर दिया है। नोडल अधिकारी खनन ने बताया कि जेसीबी मशीन से खुदाई कर मिट्टी को के एन शर्मा ईंट भट्ठे पर ले जाया जा रहा था जिसका परमीशन पेपर मांगा गया तो ईंट भट्ठा संचालक वैध? पेपर नहीं दिखा सका । और जो कागजात उपलब्ध कराए गए वह दूसरे गाटा संख्या के थे, एवं खनन हो रहे गाटा संख्या 913 का परमीशन का कागज ना होने के कारण नोडल खनन अधिकारी ने मौके पर जेसीबी मशीन सहित को कैंम्पियरगंज थाने पर भेज कर सीज कर दिया।

### अवैध खनन करने पर जेसीबी मशीन किया गया सीजः नोडल अधिकारी



परमीशन के विपरित अवैध खनन मामले में नोडल खनन अधिकारी ने बताया कि ईंट भट्टे के आड़ में अवैध मिट्टी खनन कर के एन शर्मा ईंट भट्ठे पर ले जाया जा रहा था और जिस गाटा में खनन किया जा रहा था उस गाटा का परमिशन नहीं दिखाया गया इसलिए जेसीबी मशीन को सीज कर दिया आगे विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सैकड़ों बोरी खाद, रोज होती भारत सीमा पार, जिम्मेदार बेपरवाह

### डीएपी , यूरिया तस्करी पर नही लगी रोक तो भारतीय किसान झेलेंगे खाद की किल्लत

जन एक्सप्रेस। निचलौल/महराजगंज



स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के इंडो नेपाल सीमा से सटे लक्ष्मीपुर खुर्द व राजाबारी व निचलौल थाना क्षेत्र के शीतलापुर व बहुआर से सटे अवैध पगडंडी रास्तों से भारतीय क्षेत्र से बड़े पैमाने पर नेपाल को उर्वरक की तस्करी हो रही है।हालात यह है कि सरहद पर तैनात पुलिस, कस्टम व एसएसबी जवानों के बावजूद तस्कर डीएपी व यूरिया खाद धड़ल्ले से नेपाल भेज अपने मंसूबे में कामयाब हो रहे है। बताते चलें कि खरीफ फसल का बुआई का सीजन शुरू होते ही सीमावर्ती क्षेत्र में उर्वरक तस्करों का सिंडिकेट एक बार फिर सक्रिय हो गया है। निचलौल से सटे सिरौली, टीकुलहिया रोड समेत अन्य स्थानों पर खुली उर्वरक की दुकानें प्रतिदिन सुबह 6 बजे ही खुल जाती है और शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के विरुद्ध नियमों को ताक पर रख कर तस्करों को ऊंचे दामों में डीएपी व यूरिया बिना किसी कागजी कार्रवाई के ही दे देते है। जिसकी वजह से तस्करों को नेपाल सीमा पार पहुंचाने में प्रति बोरी 150 से 250 रुपए फायदा होता है।

एक तस्कर ने नाम न छापने के शर्त पर बताया की यूरिया 340 से 380 रुपए व डीएपी 1400 से 1450 में आसानी से उपलब्ध हो जाता है दुकानदार को कोई कागजात नही देना पड़ता है। भारतीय क्षेत्र के निचलौल व सिरौली समेत अन्य जगहों के दुकानदारों से तस्कर प्रतिदिन सैकड़ों बोरी डीएपी व यूरिया खरीद बाईकों पर से सीमावर्ती गांव में डंप करते है और खुली सीमा का फायदा उठा पगडंडी रास्तों से सीमा पार भेज मोटा मुनाफा कमाते है।

अभियान चलाकर की जाएगी कार्रवाई -कृषि अधिकारी-इस बाबत जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया की खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। चेकिंग अभियान चला जांच किया जाएगा दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# पशु पक्षियों के लिए वरदान बना स्टार हॉस्पिटल

### आमजन सहित जनप्रतिनिधियों के लिए बन रहा नजीर

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



भीषण गर्मी में जहां मानव का जीवन अस्त व्यस्त है पानी और छांव के सहारे इंसान सुकून ढूंढ रहा है तपती धूप का पारा 40 से पार हो रहा है और

इंसान अपने दैनिक जीवन में बदलाव करके इस मुसीबत से निपटने का प्रयास कर रहा है। पथिक एक पेड़ की छांव की तलाश में रहता है ,ताकि वह और उसका वाहन दोनों छांव के नीचे रहकर छांव का सहारा ले सके पर क्या आज छांव है अगर छांव है तो छांव के नीचे भीड़ भी साफ देखी जा सकती है।

हम गर्मियों में पेड़ तो खोजते हैं पर पेड़ लगाता कौन है खुद तो पानी की तलाश में रहता हैं, पर पानी पिलाता कौन है? हम सब जानते हैं कि परोपकार एक अलौकिक गुण हैं पर परोपकार करता कौन है? हम समाज को नई दिशा नई ऊर्जा और नई सोच के साथ उभरता एक ऐसे शख्सियत की बात करते हैं जो पशु पक्षियों को भी पानी पिला रहा है वह भी अपने नीजी खर्चे पर फरेंदा नगर स्थित स्टार हॉस्पिटल के प्रबंधक पति अरुन नीना चतुर्वेदी व प्रसिद्ध श्री लेहड़ा देवी आद्रवासनी मंदिर पूजारी परिवार के शिवम पांडे द्वारा वन विभाग की देखरेख में लेहड़ा जंगल में मिट्टी की खुदाई कर पानी के स्रोत वाले स्थान पर पानी की व्यवस्था कराई गई है।

जहां पर पशु पक्षी जंगली जानवर अपनी प्यास आसानी से बुझा रहे हैं वही नगर पंचायत आनंद नगर के विभिन्न जगह पर लगभग 500 हरे वृक्ष का पौधा रोपण का सपना लेकर लगभग 200 पेड़ हॉस्पिटल परिवार द्वारा लगाया गया है जो आने वाले कुछ समय में हरियाली देने के लिए तैयार होंगे वहीं नगर में विभिन्न जगहों पर हौद की व्यवस्था कराकर उसमें प्रतिदिन छुट्टा पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था भी स्टार हॉस्पिटल परिवार द्वारा कराया जा रहा है। दूसरी तरफ बात करें तो समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों के लिए बड़ी सीख है यह सेवा।

# श्रम विभाग ने चलाया बाल श्रमिक मुक्ति अभियान, 8 प्रतिष्ठानों में 12 श्रमिक चिन्हित



जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली व डीएम उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार शनिवार को जिले की खड्?डा तहसील में बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के अन्तर्गत जागरूकता एवं चिन्हाकन अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान 8 प्रतिष्ठानों पर कार्य करते हुए 12 बाल किशोर श्रमिक चिन्हित किए गये जिनसे कार्य लेने वाले नियोजकों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 व न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 की सुसगंत धाराओं में निरीक्षण टिप्पणी जारी कर विधिक कार्यवाही की गई। माह जून में अबतक जनपद में 15 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 22 बाल किशोर श्रमिक चिन्हित किए जा चुके है। उक्त अभियान सहायक श्रमायुक्त विजय प्रताप यादव के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू सत्य प्रकाश सिंह, चाइल्ड लाईन से मोहन लाल गुप्ता एवं शशि शेखर मिश्र शामिल रहे।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए एक जुलाई से चलेगा अभियानः डीएम




जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के संबंध में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक धनवंतरि सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 1 जुलाई से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा जो कि आगामी 31 जुलाई तक संचालित रहेगा, साथ ही 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। सबसे ज्यादा संचारी रोग फैलने वाले गांवों को चिह्नित कर उनमें एंटी लार्वा दवाइयों के छिड़काव के निर्देश भी दिया।

बैठक में डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक जुलाई से 31 जुलाई 2024 के बीच विभिन्न विभागों के माध्यम से होने वाली गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान संचारी रोग के अधिकतम मामलों वाले गांवों को चिह्नित कर वहां विशेष साफ-सफाई व एंटी लार्वा दवाइयों का छिड़काव कराया जाए,ताकि वहां फिर से संचारी रोगों का प्रसार न हो। उन्होंने कहा कि 12 विभागों द्वारा समन्वित प्रयास कर इन रोगों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण के लिए कार्यवाही की जायेगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होगा, जो जनपद, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर अभियान संचालित करेगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका एवं नगर पंचायत निगरानी समितियों के माध्यम से संचारी रोगों के साथ-साथ शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, खुले में शौच न करना तथा मच्छरों के रोकथाम जागरूकता के लिए कार्य करेंगी। खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था की जायेगी, फॉगिंग कराया जायेगा, झाड़ियों की सफाई करायी जायेगी।

### आशा वर्कर घर घर जाकर बुखार रोगियों को करेगी चिन्हित - सीएमओ

सीएमओ डॉक्टर राजेश झा ने कहा कि अभियान में मच्छरों से बचाव पर जोर दिया जाएगा और बुखार के प्रत्येक रोगी को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रमुख सहयोगी विभागों आईसीडीएस, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, नगर निकाय, स्वच्छ भारत मिशन, पशुपालन, चिकित्सा शिक्षा, जल निगम, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, कृषि विभाग, सिचाई विभाग शामिल हैं। ग्राम प्रधान और नोडल अध्यापकों का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। दस्तक अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक साथ घर घर भ्रमण करेंगी और बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस, टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया, कालाजार और कुपोषित बच्चों की सूची बनायेंगी। सीएमओ ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान जिस घर में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चे हैं वहां ओआरएस का पैकेट उपलब्ध कराएंगी? और ई कवच पोर्टल पर ही फीड करेंगी। इसी सूची के आधार पर स्वास्थ्य विभाग उपचार और अन्य सुविधाएं प्रदान करेगा। इस दौरान एसीएमओ डॉक्टर संजय गुप्ता, एसीएमओ आरसीएच डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरके श्रीवास्तव, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर आरपी यादव, डॉक्टर कार्तिकेय पाण्डेय, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, यूनिसेफ़ के डीएमसी अरशद जमाल, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# धान की रोपाई करते समय लगा बिजली का करंट, पति की हुई मौत, पत्नी झुलसी




जन एक्सप्रेस। महाराजगंज

पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर में शनिवार को दिन में करीब दो बजे धान की रोपाई करते समय करंट की चपेट में आने से पति की मौत हो गई तो वहीं पति को बचाने गयी पत्नि झुलस गई।परिजनों 108 एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया और महिला का इलाज चल रहा है।

खबर के अनुसार जगदीश निषाद उम्र 55वर्ष अपनी पत्नि शारदा उम्र 50 वर्ष के साथ अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे कि खेत के बगल में लगे बिजली के खंभे के स्टेक तार को पकड़ कर खेत मेढ़ पर चढ़ रहे थे कि अचानक स्टेक तार में करंट उतर गया जिसकी चपेट में आ गये।पति को तड़पता देख पत्नी शारदा ने उसे बचाने का अथक प्रयास किया परंतु वह बचा ना सकी और स्वयं झुलस गयी।

# कुशीनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण में आ रहे अवरोध पर प्रशासन का चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट विस्तारिकरण में आ रहे अवरोध को प्रशासन ने जेसीबी चलाकर अतिक्रमण को हटा दिया।

बताते चलें कि जिला प्रशासन द्वारा विगत दिनों कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

विस्तारीकरण में आने वाले मकानों ,जिनका प्रतिकर भुगतान किया जा चुका है को हटा लेने के लिए शनिवार तक का समय दिया था। जिन लोगों द्वारा अपना मकान नहीं तोड़ा गया उनको बलपूर्वक जेसीबी से गिरा दिया गया तथा जिन लोगों के द्वारा स्वत~ अपना मकान तोड़ा जा रहा है उन्हें 2 दिन का और समय प्रशासन ने दिया है कि वह शीघ्र अपना मलवा हटा ले।

जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है जिसमें ग्राम भलुही मदारी पट्टी व ग्राम बेलवा दुर्गा राय तथा अन्य स्थानों पर भी तेजी से कार्य हो रहा है। इस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अंकिता जैन तथा तहसीलदार कसया के द्वारा जिन लोगों की मकान एअरपोर्ट बाउंड्री के अंदर स्थित है उसे तत्काल हटा लेने के लिए आदेश दिया है।कार्यवाही में तहसीलदार कसया,नायब तहसीलदार कसया, क्षेत्रीय लेखपाल अजय कुमार दुबे, राजन कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# थाना दिवस में आये 7 मामले दो का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

शासन के मंशानुरूप महीने के प्रथम और तीसरे शनिवार को प्रत्येक थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित किया जाता हैं। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस फरेंदा एसडीएम नवीन कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में हुआ। समाधान दिवस में विभिन्न समस्याओं से जुड़े कुल 7 मामले आये जिसमें राजस्व व पुलिस से सम्बधित भी मामलें रहें। मौके पर पुलिस से सम्बधित 2 मामलों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। अधिकारियों का दरवाजा खटखटाते हुए तंग आकर सीताराम यादव पुत्र शंकर ने अपनी अर्जी दाखिल किया इसको गंभीरता से लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों ने अविलंब निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया।शेष राजस्व के दों मामलो में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इस दौरान फरेंन्दा कोतवाल अभिषेक सिंह , राजस्व निरीक्षक उपेन्द्र तिवारी , चौकी प्रभारी गंगाराम यादव सहित अन्य कर्मचारी व फरियादी मौजूद रहें। इसी क्रम में पुरन्दरपुर थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता फरेंदा तहसीलदार कर्ण सिंह ने किया। जिसमें आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 16 मामले आये। जिसमें पुलिस व राजस्व से जुड़े 6 मामलों का मौके पर जाकर निस्तारण कर दिया गया। अन्य बचे शेष मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर दी गई। इस दौरान पुरन्दरपुर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम राव, एसआई संदीप यादव अन्य पुलिसकर्मी व फरियादी मौजूद रहें।

# दो कर्मचारियों का वेतन रुका, बाकी का हुआ भुगतान

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

आदर्श नगर पंचायत आनंद नगर के कर्मचारियों का विगत 5 माह से वेतन भुगतान को लेकर नगर पंचायत आनन्दनगर के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी में बहुत दिनों से किसी बात को लेकर द्वद रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिससे दिन प्रतिदिन आपसी सामंजस्य बिगड़ता जा रहा था और इसी वजह से नपा कर्मचारियों का वेतन आहरित नहीं हो रहा था जिससे तंग आकर नगर पंचायत कर्मचारीयों द्वारा कई बार आंदोलन भी किया गया। उक्त प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री सहित तमाम बड़े पदाधिकारी को अवगत कराया गया था। सम्बन्धित मामले को जिलाधिकारी महराजगंज द्वारा शासन को अवगत कराये जाने के पश्चात आनन फानन में नगर पंचायत के कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर पत्रावली अध्यक्ष द्वारा मांगे जाने के पश्चात संविदा कर्मी एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों के वेतन पर हस्ताक्षर किए जाने और हस्ताक्षर का मिलान न होने से वेतन बाधित हुआ तो दूसरी बार वेतन पे बिल पर अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर कर स्टेट बैंक भेजा गया जहां स्टेट बैंक से वेतन पे बिल स्वीकृत होने के पश्चात पी एफएस निकलने के बावजूद सभी कर्मचारियों का वेतन खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में होने से एक बार फिर लटक गया कारण बना बैंक ऑफ बड़ौदा में चल रहे कार्य और रुपए की लेनदेन पर लगी रोक अब 24 जून के पश्चात ही सभी नपा कर्मी वेतन अपने खाते से निकाल सकेंगे। सूत्रों से मिले जानकारी अनुसार दो संविदा कुर्मी जितेंद्र कुमार वर्मा, गोविंद कुमार का वेतन अध्यक्ष द्वारा रोका गया तो वहीं नगर पंचायत आनंदनगर की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी द्वारा सभी परमानेंट नगर पंचायत के कर्मचारियों के वेतन पे बिल पर हस्ताक्षर अभी भी नहीं किया गया है। सूत्रों से मिले जानकारी अनुसार दो संविदा कुर्मी जितेंद्र कुमार वर्मा, गोविंद कुमार का वेतन अध्यक्ष द्वारा रोका गया तो वहीं नगर पंचायत आनंदनगर की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी द्वारा सभी परमानेंट नगर पंचायत के कर्मचारियों के वेतन पे बिल पर हस्ताक्षर अभी भी नहीं किया गया है। तमाम परमानेंट कर्मचारियों वेतन भुगतान न होने से काफी आक्रोशित है और उनका कहना है कि देखिए उक्त मामले का कब तक निस्तारण होगा और उन्हें वेतन मिल सकेगा। पूरे नगर में चर्चा यह भी है कि जहां अध्यक्ष को 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ में भेजना है तो वही जोरों से चर्चा है कि अब नगर पंचायत आनंद नगर के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के वर्चस्व की लड़ाई अब आनंदनगर महाराजगंज से होते हुए लखनऊ तक पहुंच गई है और अध्यक्ष के समर्थन में तमाम लोग लखनऊ पहुंच कर जहां पैरबी भी कर रहे वही अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध पूरी शक्ति के साथ पैरबी भी किया जा रहा है कि उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई हो उनका कुछ नहीं तो नगर पंचायत आनंदनगर के अधिशासी अधिकारी के पद से अन्यत्र कहीं स्थानांतरण कर दिया जाये। अब देखना है कि नगर पंचायत आनंद नगर के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी की लड़ाई जो शासन स्तर पर पहुंच गई है वहां से किसको सफलता मिलती है।

# जलालपुर में जिलाधिकारी और अकबरपुर में पुलिस अधीक्षक सम्मनपुर में नायब तहसीलदार ने की जनसुनवाई

**✻ जनपद के सभी थानों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन**

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनसमस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्गत शासनादेश के क्रम में थाना समाधान दिवस का आयोजन सभी थानों में किया गया।

थाना/कोतवाली जलालपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी अविनाश सिंह उपास्थित होकर जनता की समस्याओं को सुना। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष कुल 19 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 02 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 17 शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी जलालपुर,क्षेत्राधिकारी जलालपुर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जलालपुर, कानूनगो /लेखपाल तथा थाना के अन्य लोग उपस्थित रहे। एसके उपरांत थाना मालीपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी अविनाश सिंह उपास्थित होकर जनता की समस्याओं को सुना। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष कुल 9 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इन सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। वही जनपद के सम्मनपुर थाने में नायब तहसीलदार अकबरपुर उमेश यादव की अध्यक्षता में जनसुनवाई की गई जनसुनवाई में आठ प्रार्थना पत्र आया जिसमें से दो प्रार्थना पत्रों का तुरंत निस्तारण किया गया बाकी 6 प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को देकर गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई करने का दिया गया निर्देश।

# थाने में थर्ड डिग्री, किसान ने किया सुसाइड

## साला लड़की भगा कर ले गया, हाथरस पुलिस ने जीजा को 3 दिन तक बंदकर पीटा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

पुलिस की पिटाई से आहत किसान ने सुसाइड कर लिया। हाथरस पुलिस ने आगरा के किसान संजय सिंह को 3 दिन थाने में रखकर पीटा। वजह यह थी कि उसका साला नाबालिग लड़की को भगा ले गया। पुलिस उसे घर से उठाकर ले गई। छोड़ते वक्त उससे कहा- 22 जून तक साले और लड़की को लेकर थाने में हाजिर हो जाना, वरना अंजाम बुरा होगा। आज चेतावनी का अंतिम दिन था। उसका साला लड़की लेकर नहीं आया। इस डर से उसने गांव के बाहर पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना बरहन थाना क्षेत्र के गांव रूपधनू की है। घरवालों ने बताया- 9 जून की रात किसान संजय सिंह (45) को हाथरस की सादाबाद पुलिस उठा कर ले गई थी। 11 जून तक सादाबाद थाने में रखा। फिर शांतिभंग में चालान कर छोड़ दिया। थाने में जमकर पिटाई की। संजय को वॉर्निंग दी कि 22 जून तक लड़की मिल जानी चाहिए। आज उसे बुलाया था। इस डर उसने फांसी लगा ली। मामले की जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस अशोक सिंह कुमार मौके पर पहुंचे। लेकिन, गांव वालों ने शव उतारने से रोक दिया। ग्रामीणों ने कहा- आरोपी दरोगा और सिपाही पर कार्रवाई के बाद ही शव उतारने देंगे। अपर पुलिस अधीक्षक ने मृतक के परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद ग्रामीणों ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाने दिया। अशोक सिंह ने कहा- मृतक के परिजनों ने जो शिकायत की है, उसकी जांच उड सादाबाद गोपाल सिंह करेंगे। जो दोषी होंगे, उन पर कार्रवाई होगी। किसान के बड़े भाई प्रमोद ने कहा- वह होमगार्ड हैं। उनके भाई संजय सिंह का साला सादाबाद से लड़की भगा कर ले गया। उस समय वह चुनाव ड्यूटी पर थे। 14 अप्रैल को गया, 2 जून को लौटा था। इसके बाद घर में क्या हुआ पता नहीं। संजय को छोड़ने के बाद 11 जून की शाम पुलिस ने मुझे और मेरे छोटे बेटे प्रवीण को उठा लिया। हवालात में बंद कर रखा। मैं बोलता रहा कि मुझसे कोई वास्ता नहीं। मैं तो चुनाव ड्यूटी पर था।

### दरोगा ने 1 लाख रुपए की डिमांड की

प्रमोद ने बताया- मेरा और मेरे छोटे बेटे का कोई दोष नहीं, बड़ा बेटा भले लड़के-लड़की को रिश्तेदारी के नाते कहीं छोड़ आया होगा। बाकी उसका कोई दोष नहीं। सादाबाद थाने के दरोगा ने हमसे 1 लाख रुपए की डिमांड की। बोला कि रुपए दे दो तो केस में तुम्हारा और बेटे का नाम नहीं आएगा। आज सुबह संजय ने गांव के बाहर खेत में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। विधायक धर्मपाल ने कहा- संजय को सादाबाद थाने में रखा गया। उसका उत्पीड़न किया गया। ये भी संज्ञान में आया कि दरोगा ने रिश्वत भी ली। जो भी दरोगा या रड दोषी होगा, उस पर कार्रवाई कराएंगे। पीड़ित परिवार बहुत गरीब है, उनकी आर्थिक मदद की जाएगी। आगरा के एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव चौधरी ने कहा- परिजनों का आरोप है कि सादाबाद पुलिस लड़की भगाने के केस में पूछताछ के लिए संजय को ले गई थी। इसी प्रताड़ना से सुसाइड का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी। जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए देश भर में लागू हो एक नियम

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




उत्तर प्रदेश प्राइवेट नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज एसोसिएशन की ओर से प्रदेश सरकार द्वारा निजी नर्सिंग कॉलेजों में जी.एन.एम. कोर्स में प्रवेश परीक्षा में लागू हुए नए नियम के सम्बन्ध में कैलाशपुरी स्थित होटल भावना क्लार्क्स इन में आगरा मंडल के प्राइवेट नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के प्रबंधको और निर्देशकों की बैठक आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष एड. राकेश भटनागर ने कहा कि प्रदेश में प्राइवेट विश्वविद्यालयों को नर्सिंग व पैरामेडिकल डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में सीधे ही छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाता है, जबकि उ० प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी व अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्राइवेट संस्थानों में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर काउन्सलिंग से होता है जिसके कारण सम्बद्ध संस्थानों की सीटें खाली रहती है तथा पात्र छात्र-छात्राएं प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं। जहाँ एक ओर प्राइवेट विश्वविद्यालय के नर्सिंग पाठ्यक्रमों में लाखों रुपये फीस लेकर सीधे प्रवेश हो रहे हैं, वहीं छोटे संस्थान सीट्स भरने को तरस रहे है तथा कुछ बंद होने की कगार पर हैं। प्रवेश के लिए देश भर में एक नियम लागू होना चाहिए। जल्द ही एसोसिएशन के पदाधिकारी आगरा में केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रियो से भेंट कर नयी निति का रोक कर अगले वर्ष से लागू करने की मांग करेंगे और आवश्यकता पड़ी को विद्यार्थियों के भविष्य की लड़ाई के लिए माननीय न्यायालय तक भी जायेंगे। महासचिव लक्ष्मी नारायण शर्मा ने कहा कि प्रदेश के अधिकतर प्राइवेट संस्थानों ने प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली है या कर रहे हैं। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मुकेश गुप्ता ने कहा कि आज 22 जून 2024 को समाचार पत्र में जीएनएम0 के प्रवेश परीक्षा का विज्ञापन छपा है जिसको देखकर सरकार की तानाशाही प्रदर्शित होती है।

बैठक में रवि ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन, पुष्पांजलि नर्सिंग स्कूल, जीजी पैरामेडिकल कॉलेज, आईआईएमटी कॉलेज, फिरोजाबाद नर्सिंग कॉलेज, एसएसडी पैरामेडिकल से डॉ. सुरेश चंद्र दक्ष, राजेश गुप्ता, अभिप्राय शर्मा, दिलीप गुप्ता, आयुष बंसल आदि मौजूद रहे।

# शव का अंतिम संस्कार से मना, 50 लाख की मांग

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

फतेहपुर सीकरी में गुरुवार को थाना क्षेत्र सीकरी के गांव नगला धीरू में हुए भीषण खूनी संघर्ष का मामला बढ़ता नजर आ रहा है। बीती रात को एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया। मृतक के परिजनों का कहना है कि, मामले में एसीपी और इंस्पेक्टर फतेहपुर सीकरी का सस्पेंशन तत्काल होना चाहिए। इस बात से माहौल और गरमा गया। परिजनों और ग्रामीणों ने शव का दाह संस्कार करने से मना कर दिया। गांव में अधिक तनाव का माहौल है। तनाव की स्थिति को देखते हुए, डीसीपी पूर्वी, एसडीएम एवं भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हो गया है। सूचना पर पहुंचे डीसीपी पूर्वी और एसडीएम ने परिजनों से बात कर दाह संस्कार करने की बात कही। इस पर परिजनों ने दाह संस्कार करने से साफ मना कर दिया। परिजनों ने अपनी मांगे रखी मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए, एक शस्त्र लाइसेंस सहित एससी-एसटी का झूठा मुकदमा लिखा गया है, उसे वापस लिया जाए। हत्यारों की गिरफ्तारी, हत्यारों के घर-भवन पर बुलडोजर चलाया जाए और एसीपी और इंस्पेक्टर फतेहपुर सीकरी का तत्काल सस्पेंशन होना चाहिए। अगर ये मांगे पूरी होती हैं, तो ही दाह संस्कार होगा। नहीं तो हम किसी भी कीमत पर दाह संस्कार नहीं करेंगे। शव को रखकर हाई-वे जाम करेंगे। इसके अलावा इस घटना से समूचे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। लोगों द्वारा इस कांड की घोर निंदा की जा रही है। वहां मौजूद सैंकड़ों की भीड़ में यही मांग है कि, पुलिस द्वारा इतनी लापरवाही क्यों की जा रही है। सभी हत्यारों की गिरफ्तारी अभी तक क्यों नहीं की गई है। दूसरे पक्ष से देर रात को 9 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# सीबीआई ने अरेस्ट किए सीनियर पोस्ट मास्टर

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

हेड पोस्ट ऑफिस से सीनियर पोस्ट मास्टर और पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर को सीबीआई ने रंगे हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। सीबीआई ने दोनों के खिलाफ गाजियाबाद में मामला दर्ज किया है। आज उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। प्रतापपुरा स्थित हेड पोस्ट आफिस में तैनात एक कर्मचारी ने सीबीआई से शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि सीनियर पोस्ट मास्टर देवेंद्र कुमार ने उससे रुपये मांगे। बताया गया है कि शिकायतकर्ता ने सीबीआई को जानकारी दी थी कि 25 अप्रैल 2024 को उसका स्थानांतरण प्रधान डाकघर से आगरा फोर्ट प्रधान कार्यालय में कर दिया गया। उसके खिलाफ एक विभागीय जांच भी लंबित थी। शिकायतकर्ता के खिलाफ लंबित विभागीय जांच में अनुकूल रिपोर्ट और निर्णय देने के लिए रिश्वत मांगी थी। आरोप है कि रिश्वत देने के बदले नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कराने को भी कहा था। रिश्वत की मांग पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के माध्यम से की थी। शिकायतकर्ता से पहले एक लाख रुपये मांगे गए। बाद में कम करके 50 हजार मांगे। सीबीआई ने आगरा और मथुरा में दोनों आरोपितों के आवासों की तलाशी ली। इसमें कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। दोनों को शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

### दुरस्त हों अधिवक्ताओं के चेंबर्स- एड. दिनेश शर्मा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन कलक्ट्रेट आगरा की एक आपातकालीन वैठक कलक्ट्रेट कार्यालय पर आहूत की गई। बैठक मै अधिवक्ताओ के लिए बनाए गए चेम्बर्स पर चर्चा की गई। बता दें कि दिनांक 21.6.24 को चेम्बर्स का छज्जा अचानक गिरा, जिससे अधिवक्ता गोविन्द कोटिया बाल बाल बचे, बरना बड़ा हादसा हो सकता था। इस पर विचार करने के बाद सर्व सम्मति से जिलाधिकारी आगरा को सम्बोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी (प्रोटीकोल) प्रशांत तिवारी को दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि बरसात शुरू होने से पहले अधिवक्ता चेम्बर्स की मरम्मत कराई जाए, जिससे होने वाली घटनाओं से बचा जा सकें वहीं अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि चेम्बर्स के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसकी जाँच कराकर निर्माण करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जाए, ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता दिनेश चंद शर्मा, रवि चौबे, गिरीश कटारा, गोविन्द कोटिया, हरनारायण सिंह, विपिन तेहरिया, अक्षय शर्मा, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

### निशुल्क स्वास्थ चेकअप के साथ हुआ रक्तदान शिविर

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** श्री श्याम चैरिटेबल ब्लड सेंटर कालिंद्री बिहार आगरा द्वारा टेडीबगिया स्थित आर बी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ खंदौली ब्लॉक प्रमुख आशीष शर्मा द्वारा किया गया। रक्तदान करने वालो में नीरज शर्मा, गणेश बाबू, हर्ष बघेल, जरजोधन, दिनेश, रूपेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे। वहीं निशुल्क स्वास्थ शिविर में डाक्टर के के पलैया द्वारा मरीजों का निशुल्क स्वास्थ परिक्षण किया गया। इस दौरान नवीन शर्मा, अंकित शर्मा व हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा।

# 15 मसालों के नमूने फेल, विभिन्न ब्रांड के हैं मसाले, सभी कंपनियों को भेजा जाएगा नोटिस

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एफएसडीए ने मई महीने में 42 मसालों के नमूने लिए थे। इसमें से 35 की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में 15 मसालों के नमूने असुरक्षित निकले और एक नमूना अद्योमानक निकला। सभी मसाले अलग-अलग ब्रांड के हैं। मसालों में कैमिकल का इस्तेमाल ज्यादा किया गया है। जल्द ही ब्रांड पर मुकदमा कराया जाएगा। सभी कंपनियों को नोटिस जारी किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अभिहित अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि पहली बार विभाग द्वारा 265 पैरामीटर पर निजी लैब की जांच में सामने आया कि फंगस को खत्म करने के लिए स्वीकृत मात्रा से कहीं अधिक दवाओं का इस्तेमाल किया गया है। शिल्पा मसाले के धनिया में सबसे अधिक मात्रा में क्लाथियानिडीन पाया गया है। इस कीटनाशक दवा का प्रयोग कीटों को दूर रखने के लिए किया जाता है। इसी तरह से फ्लूओपाइरम भी मिला है। फंगल रोगों को नियंत्रित करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। चौबे जी मसाला के दाल मसाला में बिफेन्थ्रिन और फिप्रोनिल की मात्रा अधिक मिली है। इसी ब्रांड की कश्मीरी मिर्च में एथियन, फ्लूओपाइरम, मेटाबोलाइट्स मिले हैं। यह सभी स्वीकृत मात्रा से अधिक मिली है । जीत ब्रांड के गरम मसाले में एथियन, मेटाबोलाइट्स, कश्मीरी मिर्च में बिफेन्थ्रिन, फिप्रोनिल की मात्रा अधिक मिली है। अंधा पंसारी मसाले व हर्ब्स का गरम मसाला का नमूना फेल हुआ है। इसमें फिप्रोनिल, फ्लूओपाइरम की मात्रा निर्धारित मात्रा से अधिक मिली है। दया मसाला उद्योग के लाल मिर्च पाउडर में बिफेन्थ्रिन और फिप्रोनिल की मात्रा अधिक निकली है। अग्रवाल इंडस्ट्रीज के सब्जी मसाला का नमूना अधोमानक मिला है। इसमें स्पाइस कटेंट की मात्रा कम मिली है। विश्वास मसाले के तीन मसालों के नमूने फेल हुए हैं। इसमें किचन किंग, सब्जी और गरम मसाला है।

# जिलाधिकारी ने सौंदर्यीकरण हों रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अभिनव पहल के तहत जनपद में विगत एक वर्ष में कई चौराहों का सौंदर्यीकरण किया गया है। जिसमे गौहन्ना चौराहे दोस्तपुर रोड अकबरपुर का निरीक्षण किया गया। वहा पर सैनिक की मूर्ति लगाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबन्धित अधिकारियो को उसके सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए गए।इसके पूर्व में भी फौवारा तिराहा शहजादपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऑफिस के सामने, सात घोड़ों से युक्त चौराहे पर मूर्ति लगाई गई हैं तथा वहां पर एक पार्क भी विकसित किया गया है साथ ही साथ कलेक्ट्रेट परिसर में सजावटी लाइट लगवाई गई तथा परिसर में मधुबनी पेंटिंग कराई गई है, कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों के लिऐ प्रतीक्षा कक्ष भी बनवाया गया है।योगा पार्क, सहित अनेक चौराहों का सौंदर्यीकरण कराया गया है। इसके साथ ही साथ अन्य चौराहों के सौंदरीकरण के कार्य चल रहे हैं।शहजादपुर फुब्बारा तिराहे पर 22 जनवरी को राम मंदिर अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के दिन यहां पर राम की मूर्ति पूजन कर स्थापित की गई है।

# पूर्व सांसद-समाजसेवी निहाल सिंह जैन की यादों ने किया भावुक

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आज तक रोशन हैं तेरी याद से सारे कमरे। अब भी देता है उजाला तेरा साया हमको.. इन पंक्तियों के साथ पूर्व सांसद- समाजसेवी निहाल सिंह जैन की यादों ने आगरा वासियों को भावुक कर दिया। गुरुवार शाम प्रतापपुरा चौराहा स्थित होटल रमाना ग्रैंड में निहाल सिंह फाउंडेशन द्वारा प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित निहाल स्मृति दिवस समारोह में शिक्षक एवं इतिहासविद् शैलेंद्र सिंह नरवार द्वारा प्रस्तुत निहाल सिंह जैन के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री देखकर सभागार में उपस्थित लोगों की आँखें नम हो गईं। इससे पूर्व समारोह-अध्यक्ष राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन और मुख्य अतिथि दिल्ली के पूर्व सांसद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जेपी अग्रवाल ने निहाल सिंह जैन के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि जेएस फौजदार, मंजू बापना (भोपाल), स्वर्गीय निहाल सिंह जैन की धर्मपत्नी नीलम बोहरा, शोभना बोहरा, निहाल सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष राजाखेड़ा के विधायक रोहित बोहरा व संरक्षक शशि शिरोमणि भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रतिभा तलेगांवकर एवं उनकी टीम द्वारा वैष्णवजन भजन की सुमधुर प्रस्तुति ने समां बांध दिया।

### औलाद पंछी है तो बाप खुला आसमां

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मनोज जैन बोहरा ने स्वागत भाषण दिया और अपने पिता को नमन करते हुए कहा कि औलाद पंछी है तो बाप खुला आसमां है। बाप वो शख्स है जो अपना आराम हराम करके अपनी औलाद के आराम कमाने के लिए घर से बाहर निकल जाता है।

### इन्हें मिला 'निहाल' स्मृति सम्मान

मंचस्थ अतिथियों ने आगरा के पहले टेस्ट क्रिकेटर ध्रुव जुरैल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एवं कोच हेमलता काला, अर्जुन अवार्डी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर पूनम यादव, क्रिकेट कोच परवेंद्र यादव और क्रिकेट प्रतियोगिताओं के शानदार आयोजक एवं चयन कर्ता बलदेव भटनागर को निहाल स्मृति खेल प्रतिभा सम्मान प्रदान किया। वहीं राष्ट्रीय स्तर के प्रकाशन समूह ओसवाल बुक्स के सीईओ प्रशांत जैन और महिला परिधानों की इनरवियर के क्षेत्र में आकार इंटीमेट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आगरा का नाम रोशन करने वाली बहनें आयुषी-अनुष्का अग्रवाल को निहाल स्मृति स्टार्टअप उद्यमी सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही, पाँच गरीब-मेधावी छात्राओं को स्कॉलरशिप भी प्रदान की गई।

### इनकी रही विशेष मौजूदगी

कार्यक्रम में डॉ. मधुरिमा शर्मा, राम टंडन, डॉ. एसके अरेलिया ने प्रमुख रूप से विचार व्यक्त किए। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष मोहित बोहरा (दीपू भाई) ने सभी का आभार व्यक्त किया। सामाजिक कार्यकर्ता हरीश चिमटी ने प्रभावी संचालन किया। संजय कालरा, पराग गौतम, सौरभ अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, आईडी श्रीवास्तव, बासु जैसवाल, अंबा प्रसाद गर्ग, हिमांशु जैन, प्रवीन शर्मा, अजीत जैन बोहरा, अनुराग चतुर्वेदी, मनोज शर्मा, भूपेंद्र बोहरा, रजत बोहरा, रामनारायण शर्मा, शिवांगी भंसाली, निधि बोहरा, संगीता जैन, रति उपाध्याय, पीसी नरवार और नंदलाल भारती ने अतिथियों के स्वागत सहित सभी व्यवस्थाएँ सँभालीं।

### श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह कथा सुन मंत्र मुक्त हुए भक्तगण

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** पावन धाम रंगूराम धाम कैलाशपुरी आगरा पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य नित्यानंद महाराज के मुखारविंद से सभी श्रद्धालुओं ने आज षष्ठम् दिवस की श्रीमद् भागवत कथा में रास वर्णन ,गोपी गीत, भगवान श्री कृष्ण का मथुरा गमन, कंस वध, उद्धव गोपी संवाद ,संदीपन गुरु के यहां विद्या अध्ययन, रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई स्वामी ने कहा भागवत भगवान रूपी ज्ञान गंगा में जो डुबकी लगाता हे वह भव सागर से पार हो जाता हे अर्थात परमात्मा के सिमरन भक्ति से काम क्रोध मोह अहंकार के बंधनों से मुक्ति पा लेता हे ! इस दौरान मुख्य रूप से दास दीपक उदासीन, जगदीश नीलम केसवानी,समाजसेवी श्याम भोजवानी, नंदलाल छत्तानी, राजेश लालवानी, राजा सोनी, गुरदासमल संगतानी, शंकर लाल, राजेश करीरा , कमल बलवानी, अशोक पारवानी, अश्वनी बलवानी, हर्षित उदासीन, कान्हा आदि मौजूद थे।

# ताजमहल देखने आई महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

ताजमहल देखने आई आंध्र प्रदेश की एक महिला की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि महिला की शिल्पग्राम में ही तबीयत खराब हो गई थी। जब तक उसे अस्पताल ले जाते, तब तक उसकी मौत हो गई थी। महिला पर्यटक लिंगाला पुनयावथी (59) शिल्पग्राम परिसर में बेहोश हो गई थी। महिला के ग्रुप के सदस्य उन्हें ऑटो में अस्पताल लेकर जा रहे थे। तभी किसी ने थाना पर्यटन पुलिस को सूचना दी गई। महिला को ऑक्सीजन दिया गया। पंप किया गया। महिला को एंबुलेंस में एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां पर उनको डॉक्टरों द्वारा चेक करने पर मृत घोषित किया गया। थाना पर्यटन पुलिस द्वारा पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि गर्मी से वे बेहोश हुई थीं।

### 6 दिन पहले भी हुई थी मौत

नेपाल निवासी फेकन खत्वे उम्र 75 साल एक ग्रुप के साथ ताजमहल घूमने पहुंचे थे। वहां उनकी तबीयत खराब हुई। उनकी मौत हो गई। इसके बाद एक पर्यटक की होटल में ही मृत्यु हो गई थी। इससे पहले मार्च में ताज महल घूमने आई महिला पर्यटक की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। महिला हरियाणा से परिजनों के साथ आई थी।

# चुनाव हारे तो क्या हुआ, जनता की सेवा जारी रहेगी- डॉ. रामेश्वर चौधरी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोकने वाले डॉ. रामेश्वर सिंह का जनसेवा व परोपकार का कार्य आज भी जारी है। चुनावी जंग भले ही डॉ. रामेश्वर सिंह फ तेह ना कर पाए लेकिन जनता के दिलों में राज कर गए। डॉ. रामेश्वर सिंह के रोमांचक चुनाव के चर्चे उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु पूरे देश भर में रहे। एक तरफ जहां चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी महीनों तक चुनावी थकावट दूर करते हैं तो वहीं डॉ. रामेश्वर सिंह की जनता की सेवा और विकास कार्यों की मुहिल लगातार जारी है। इसका जीवंत उदाहरण गुरुवार को देखने को मिला।

जब अछनेरा विकास खंड के तमाम गांव में फतेहपुर सीकरी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक चौधरी बाबूलाल द्वारा लाखों रुपए की लागत से विकास कार्य का लोकार्पण किया गया। इस समय में चौधरी बाबूलाल और डॉ. रामेश्वर सिंह का जोशीला अंदाज देख क्षेत्र की जनता गदगद हो उठी। इसी कड़ी में अछनेरा ब्लाक के गांव साधन में विधायक चौधरी बाबूलाल ने विधायक निधी द्वारा पंचायत घर का लोकार्पण किया। ग्रामीणों ने भी अपना कर्तव्य अदा करते हुए विधायक चौधरी बाबूलाल और डॉ. रामेश्वर सिंह का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा कि जनता के लिए हमने हमेशा कार्य किए हैं, आगे भी होते रहेंगे। वहीं ग्राम अरूआ खास में 50 लाख की लागत से शमशान घाट का निमार्ण कार्य का लोकार्पण किया किया। इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि डॉ रामेश्वर चौधरी, चौधरी अरब सिंह, उदय सिंह ठाकुर, रामवीर सिंह सेठ, मास्टर श्यामपाल सिंह, मास्टर सुभाष ठाकुर, बीडीओ अछनेरा, लोक निर्माण विभाग प्रमुख महाराज सिंह, जुगेंद्र प्रधान साधन, रमाकान्त शर्मा एडवोकेट, विष्णु पाठक, राजू ठाकुर, खम्मों ठेकेदार आदि लोग मौजूद रहे।



# मोबाइल चार्जर के विरोध में युवक की धारधार हथियार से निर्मम हत्या

* पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, हत्यारोपी हिरासत में
* सेहरामऊ पुलिस की लापरवाही आई सामने, हत्यारोपी को पकडकर छोड़ने की चर्चा





जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

मोबाईल चार्जर को लेकर उपजे विवाद में सिरफ़िरे युवक ने ग्रामीण लोहे के वर्मा हमला कर लहूलुहान कर दिया। अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई।घटना को लेकर गांव में सनसनी फ़ैल गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रात में ही गांव पहुँच कर पुलिस ने हत्यारोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी को लेकर थाने पहुंची। आरोप है कि रात में ही पुलिस ने आरोपी को छोड़ दिया। इसके बाद गांव पहुंचे आरोपी ने गांववालों को धमकाना शुरू कर दिया। जिससे गांव वाले दहशत में आ गए। जिसके बाद पुलिस ने गांव पहुंचकर सुबह फिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर मनमानी करने और लापरवाही दिखाने का आरोप लगाया है। उधर मृतक के पिता ने हत्या की तहरीर पुलिस को दीं है। पुलिस ने मामले में तीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दीं है। हत्या की घटना को लेकर इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। सेहरामऊ में उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव बुधेली निवासी सर्वेश पुत्र हीरालाल गांव के बाहर अपना अलग घर बनाकर पत्नी बच्चों के साथ रहता था। शुक्रवार की शाम सर्वेश अपने बच्चों के साथ घर पर लेटा हुआ था। पत्नी अपनी देवरानी के डिलीवरी से हुए बच्चे को देखने पीलीभीत गई हुई थी।इसी बीच गांव का रहने वाला सिरफिरा युवक सोनू पुत्र नत्थू सर्वेश के घर में घुस आया। और मोबाइल और चार्जर लेकर भागने लगा। तभी सर्वेश भी सोनू के पीछे अपना मोबाइल और चार्जर लेने के लिए भागा। तभी आरोपी ने अपने घर के सामने पहुंचते ही सर्वेश की लोहे के वर्मे से गोदकर निर्मम हत्या कर दीं। घटना को लेकर हड़कंप मच गया। चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुँचे। तो सर्वेश खून से लथपथ लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी लगते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दीं। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल 112 पीआरबी और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस के माध्यम से युवक को लहूलुहान अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर मृतक के पिता ने हीरालाल ने हत्या की तहरीर पुलिस को दीं। पुलिस ने तहरीर के आधार आरोपी युवक सोनू, व भाई गोल्डी और मा अनीता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।वही पुलिस ने हत्यारोपी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दीं है। फिलहाल मर्डर की घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैली हुई है।

# पालिकाध्यक्ष आस्था अग्रवाल ने नाला निर्माण व नाला सफाई का किया निरीक्षण





जन एक्सप्रेस । विनय यादव

**पीलीभीत।** नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने शनिवार को शहर में हो रहे नाला निर्माण और नालों में की जा रही सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने काम को गुणवत्ता परक करने और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद नागरिकों से समस्याओं के बारे में पूछा। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल शनिवार को छतरी चौराहा से लेकर गौहनिया चौराहा की ओर बनाए जा रहे नाले का निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने देखा कि नाले का ढाल सही से नहीं बन पा रहा था। क्योंकि नाले के नीचे बिजली के केबिल होने की जानकारी के बाद नाले को गहराई से नहीं खोदा जा पा रहा था। जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर अंडरग्राउंड लाइन की गहराई की जानकारी ली। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिस जगह पर नाले का लेवल ठीक नहीं आ पा रहा है, वहां गहरा खोदा जा सकता है। जिसके बाद पालिकाध्यक्ष ने नाले का ढाल गहरा बनाने के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष काला मंदिर से कुम्हारों वाली पुलिया की ओर कराए जा रहे सफाई कार्य को देखने पहुंची। यहां उन्होंने नाले को ठीक तरह से साफ करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के समय में शहर का पानी इस मुख्य नाले से जल्दी से जल्दी पार हो सके। उन्होंने ठेकेदार से काम में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि बारिश होने से पूर्व नाले की सफाई सही ढंग से होनी चाहिए।

# वाइस ऑफ मीडिया के पत्रकारों ने चूका पिकनिक स्पॉट पर पहुंचकर वहां की सुंदरता को देखा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



वाइस ऑफ मीडिया संगठन के पत्रकारों ने चूका स्पॉट पर पहुंचकर वहा की प्राकृतिक सुंदरता को नजदीक से देखा। पत्रकारों ने जंगल का भ्रमण कर वन्यजीव और पेड़ पौधों के बारे में भी जानकारी की।डीएफओ मनीष सिंह की अनुमति से वाइस ऑफ मीडिया के सभी पत्रकार चूका स्पॉट पर पहुंचे।पीलीभीत का टाइगर रिजर्व देश विदेशों में भी काफी प्रसिद्ध है। यहां पर कई प्रजातियों के वृक्ष भी लोगों को अपनी और आकर्षित करते है। 15 नवंबर से खुलने वाला चूका स्पोर्ट 15 जून को बंद होता था। लेकिन इस बार सैलानियों के लिए 10 दिन बढ़ा दिए गए हैं अब 25 जून को पर्यटन सत्र बंद कर दिया जाएगा। यहां पर वन निगम के जिल्प्सी पर सवार होकर पर्यटक चुका सहित जंगल के अन्य स्थानों पर घूमते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ इसरार अहमद वॉइस ऑफ़ मीडिया पीलीभीत, प्रेम पाठक, सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, सर्वेश कुमार, राजेंद्र कौर, मौजूद रहें।

# महिला अस्पताल में भी आईसीयू, क्या आपको मिला लाभ

* एनएमसी के दौरे की भनक लगने के बाद हो रहा श्रृंगार
* शोपीस आईसीयू के बेड- दीवार की धूल पर लग रहा पोछा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय के महिला अस्पताल में सरकार द्वारा आईसीयू की सुविधा गर्भवती महिलाओं व प्रसूताओं के लिए दी गई है। इसके लिए शासन स्तर से वेंटिलेटर व अन्य सहायक उपकरण भी मुहैया कराए गए हैं। अस्पताल में सीएमएस डॉ. राजेश कुमार समेत कई निश्चेतक चिकित्सक मौजूद हैं, जोकि आईसीयू के संचालन कर सकते हैं। इन सबके बावजूद महिला अस्पताल में आईसीयू का लाभ हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल पा रहा है। महिला अस्पताल में आईसीयू कक्ष तो बनाया गया है लेकिन वह मरीजों के लिए नहीं बल्कि बाहर से आने वाले अधिकारियों को झूठा गुडवर्क दिखाने के लिए शोपीस बना हुआ है। जरुरतमंद गर्वभती महिलाओं को आईसीयू की जगह डॉक्टर का रेफर वाला पर्चा ही नसीब होता है।

इधर, मेडिकल कॉलेज में पहली एलओपी के लिए नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) की टीम के दौरे की भनक लगने के बाद शोपीस चमकाने का काम तेजी से शुरू होने लगा है। एनएमसी को मानक पूरे दिखाने के लिए महिला अस्पताल के आईसीयू की तरह ही कई अन्य शोपीस बनाए गए हैं, जो नियम मुताबिक तो मरीजों की सुविधा के लिए संचालित होने चाहिए लेकिन उन पर गैर-जिम्मेदाराना पर्दा डालकर शासन की आंखों में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है। महिला अस्पताल के तालाबंद रहने वाले आईसीयू कक्ष में बेड की चादरें बदल दी गई हैं। बेतरतीब ढंग से लगे सभी बेड और वेंटिलेटर व्यवस्थित करके लगा दिए गए। दीवारों, बेड, मेडिसिन ट्रॉली व उपकरणों पर जमी धूल को गीले कपड़े से पोंछ दिया गया है, जिससे बंद कमरे का आईसीयू भी संचालित दिखाई पड़े। कोई हैरत नहीं होगी कि एनएमसी की टीम आने के बाद दिखावे के लिए आईसीयू में कुछ मरीजों को भर्ती भी कर दिया जाए। फिलहाल साफ-सफाई करके एक बार फिर आईसीयू कक्ष बंद कर दिया गया है। अब इंतजार है एनएमसी की टीम को झूठा गुडवर्क दिखाने का।

## पन्नी पांच वर्षीय पुत्री के साथ फरार,पति व परिजन परेशान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जफराबाद। क्षेत्र के पिंडरा गांव की एक महिला अपने पांच वर्षीय पुत्री के साथ 19 जून को घर से भाग गयी। परेशान पति ने घटना के चार दिन बाद पति ने पुलिस को घटना की सूचना दिया। ऊक्त गांव निवासी गोरख मौर्य की शादी वर्ष 2016 में नगर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर कुत्तूपुर गांव निवासी बसन्त मौर्य की पुत्री रानी मौर्य से हुई थी। गोरख मौर्य धर्मापुर बाजार में जनरल स्टोर की दुकान चलाता है। 19 जून को सुबह जब गोरख दुकान पर चला गया तब उसकी पत्नी रानी मौर्या अपनी पुत्री को साथ लेकर भाग निकली। जब वह बहुत देर तक कही नही दिखी तब घर के लोगो ने गोरख को सूचना दिया। गोरख भाग कर घर आया। उसने आसपास पता लगाया।इमलो बाजार में पता चला कि वह किसी की बाइक से लिफ्ट लेकर जफराबाद की तरफ गयी है।

# कथावाचक प्रदीप मिश्रा करेंगे पीलीभीत में शिवमहापुराण की कथा




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पीलीभीत जिले ही नहीं अपितु बरेली मंडल में पहली बार श्री शिव महापुराण की कथा अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से माँ ज्वालामुखी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वधान में जल्द होने जा रही है जिसका श्रीगणेश नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने गोपाल मंदिर में फ्लैक्सी का पूजन व विमोचन कर किया।

ध्यान रहे शहर के मौहल्ला इनायतगंज स्थित श्री गोपाल मंदिर में सूक्ष्म रूप से नवदिवसीय श्री शिव महापुराण का आयोजन हुआ जो कि पीलीभीत में भगवान् भोलेनाथ के आशीर्वाद से होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से एक भव्य सप्तदिवसीय श्री शिवमहापुराण की कथा में भोलेनाथ को तैयारियां कराने हेतु आमंत्रित किया गया. उक्त शिव महापुराण की कथा गोपाल मंदिर में सम्पन्न हुई. कथा के समापन पर नगर पालिका परिषद पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने गोपाल मंदिर पहुंचकर पीलीभीत में अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से होने वाली श्री शिवमहापुराण की कथा की फ्लैक्सी का पूजन व विमोचन किया। आयोजक मंडल ने बताया कि कथा हेतु जगह सुनिश्चित की गयी है प्रदीप मिश्रा जी से विगत सप्ताह सीहोर में भेंट की जा चुकी है उनकी 2026 तक की कथा लगातार बुक है लेकिन बीच में दो अलग अलग माह की तारीख दी गयी है जिसमे व्यवस्थाओं को लेकर लेकर आपसी विचार के बाद जुलाई के पहले सप्ताह में तारीख निश्चित कर दी जाएगी। आयोजक मंडल में माँ ज्वालामुखी चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी नीलेश चतुर्वेदी, आकाश शर्मा, ऋषि कनौजिया व प्रियंक अग्रवाल सम्मिलित है। मुख्य ट्रस्टी नीलेश चतुर्वेदी ने बताया कथा को भव्य रूप देने के लिए इसी सप्ताह मुख्य कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा. कथा संबंधी जानकारी आप मोबाइल नंबर 945846666, 9897779898, 9045526403 व 8923312339 पर कर सकते हैं।

# थाना समाधान दिवस के अवसर पर सदर कोतवाली में की गई जनसुनवाई



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने आज आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली सदर में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। रहे। जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये।थाना समाधान दिवस के दौरान संबंधित थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में पिता, पुत्र घायल

* इलाज के दौरान पुत्र की जिला अस्पताल में मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मछलीशहर। स्थानीय कस्बे से घर लौट रहे जमालपुर गांव निवासी पिता पुत्र सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। बेटे की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई।

स्थानीय थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी शिवबदन सिंह अपने पुत्र साहिल सिंह को किसी कार्य के लिए मछलीशहर ले गए थे। वापस आते समय वे मछलीशहर से मड़ियाहूं रोड़ पर जमालपुर गांव के करीब पहुंचे थे तभी पीछे से आ रही अर्टिगा कार से साइड लगने से डिसबैलेंस हो कर बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिता,? पुत्र दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से 108 एम्बुलेंस की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में घायल पिता शिवबदन सिंह उर्फ वकील 35 का इलाज चल रहा है। जबकि पुत्र साहिल सिंह (13) पौत्र राजेन्द्र सिंह की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई मौत। मृतक दो भाईयों में छोटा था और कक्षा सात का होनहार छात्र था। पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिवार जनों का रो रो कर बूरा हाल मां हो जारही है बेहोश। वहीं दादा राजेन्द्र सिंह गांव के पहुंचे हर व्यक्ति से पुछते है अब किस साहिल को बुलायेंगे आप लोग और रोने लगते हैं। गांव में अगल बगल भी किसी के घर शोक में नहीं जला चूल्हा।

## दो चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर, पुलिस विभाग में मचा हड़कम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बीती देर रात को जनपद जौनपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा ने दो चौकी इंचार्ज को कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया।

जानकारी के अनुसार जफराबाद कस्बा चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार यादव एवं गौराबादशाहपुर कस्बा चौकी प्रभारी राजेश कुमार को बीती देर रात को लगभग 10:15 बजे जनपद जौनपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा ने कार्यों में लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर कर दिया, जफराबाद कस्बे में ईश्वर चंद्र त्रिपाठी को चौकी इंचार्ज पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं गौराबादशाहपुर चौकी अभी खाली है। इस पर किसी को नही तैनात किया गया है।

## शिक्षक साथी की मौत पर टीएससीटी जिलाध्यक्ष ने दी सांन्वना

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**सुइथाकला।** विगत 18 जून को हृदयाघात से हुई शिक्षक साथी की मौत पर शनिवार को टीएससीटी के जिलाध्यक्ष व पिपरौल निवासी शिक्षक अरविंद कुमार यादव अपने सदस्यों के साथ शोकाकुल परिवार में पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने परिवार वालों से मिलकर इस दुख की घड़ी में साथ होने की बात कही। बता दें कि शाहगंज मुख्यालय निकट सुरिश गांव निवासी शिक्षक संजय कुमार उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय देवदत्त उपाध्याय विकास खंड सोंधी के प्राथमिक विद्यालय पटखौली पूरेआजम में कार्यरत थे। जिनकी हृदयाघात के चलते 18जून को मौत हो गई थी। घटना की जानकारी होने पर टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार यादव कोर कमेटी संग शनिवार को शोकाकुल परिवार में पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। गौरतलब हो कि मृतक टीएससीटी का सदस्य भी था। उनके ऊपर तीन बेटों शिवम्, सत्यम व सुंदरम उपाध्याय की शिक्षा दीक्षा व परिवार के पोषण की जिम्मेदारी थी।

# आठ थानाध्यक्ष समेत 16 निरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदला

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

लोकसभा चुनाव के बाद हुई इस कार्रवाई के कारण विभाग में हड़कंप का माहौल है। कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने यह निर्णय लिया है। लोकसभा चुनाव बीतने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने जिले में बड़ा फेरबदल किया है। जिले के आठ थानाध्यक्ष बदलने के साथ में 16 निरीक्षकों का कार्य क्षेत्र बदला है। विंध्याचल, कटरा कोतवाली, देहात कोतवाली, चुनार, हालिया, राजगढ़, कछवां, लालगंज, थानाध्यक्ष बदले गए हैं। चौकी प्रभारी प्रथम जयप्रकाश शर्मा को लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक चंद्र प्रकाश पांडेय को प्रभारी डॉयल-112 से प्रभारी निरीक्षक थाना विंध्याचल, उप निरीक्षक दयाशंकर ओझा को विंध्याचल थानाध्यक्ष से अपराध शाखा विवेचना सेल, निरीक्षक अजीत कुमार सिंह को पुलिस लाइन से कटरा कोतवाल, निरीक्षक अजय कुमार सेठ को कटरा कोतवाल से देहात कोतवाल, निरीक्षक राणा प्रताप यादव को देहात कोतवाल से प्रभारी डॉयल-112 प्रकोष्ठ, निरीक्षक त्रिवेणीलाल सेन को अपराध शाखा से कछवां थानाध्यक्ष, कछवां थानाध्यक्ष उप-निरीक्षक संजीत बहादुर सिंह को अपराध शाखा विवेचना सेल भेजा गया। निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा को प्रभारी नारकोटिक्स सेल से चुनार थानाध्यक्ष, निरीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह को चुनार थानाध्यक्ष से अपराध शाखा विवेचना सेल, उप-निरीक्षक अमित कुमार को पीआरओ व मीडिया सेल से थानाध्यक्ष राजगढ़, उप-निरीक्षक संजय कुमार सिंह को प्रभारी स्वाट से थानाध्यक्ष लालगंज बनाया गया। उप-निरीक्षक अजीत कुमार श्रीवास्तव थानाध्यक्ष लालगंज से अपराध शाखा विवेचना सेल, उप-निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह को थानाध्यक्ष राजगढ़ से पुलिस लाइन, उप-निरीक्षक विष्णु प्रभा सिंह को थानाध्यक्ष हलिया से अपराध शाखा विवेचना सेल, बनाया गया है।

## लोनिवि के मुख्य अभियंता से मंडलायुक्त ने मांगा स्पष्टीकरण

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

पथरहिया स्थित मंडलायुक्त के शिविर कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा पिछली बैठक में दिए निर्देशों का पालन न करने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। दोनों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन से पत्राचार करने को कहा। साथ ही लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से स्पष्टीकरण की मांग की। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा ओवरलोडिंग होने वाले गाड़ियों से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने पर भेजी गई सूची के सापेक्ष प्राथमिकी अथवा अन्य कार्रवाई न किए जाने पर मंडलायुक्त डॉ.मुथुकुमार स्वामी बी. ने यह कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त ने कहा कि ओवरलोडिंग से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने पर संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा भेजी गई गाड़ियों के नंबर के अनुसार मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करें। नगर पालिका मिर्जापुर को निर्देश दिया कि ई-रिक्शा स्टैंड के लिए चिन्हित भूमि पर आवश्यक कार्य कराते हुये स्टैंड की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

# श्रेष्ठा परीक्षा में जौनपुर के 7 छात्रों का चयन



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

केंद्र सरकार द्वारा देश के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट स्कूलों मे शोषित वंचित वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र के प्रवेश के लिए आयोजित श्रेष्ठ परीक्षा में पू0मा0वि0 सुईथाकला के सात छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी।

इस परीक्षा में शिवानी गौतम ने ऑल इंडिया 643 रैंक, आदर्श गौतम को 1095 रैंक, सौम्या धवल को 1535 रैंक, शुभम कुमार को 1634 रैंक, विजयलक्ष्मी 1695 रैंक, आकांक्षा को 1790 रैंक एवं कामिनी को 2744 रैंक प्राप्त हुई जिनकी काउंसलिंग प्रथम चक्र में होना निश्चित है।

प्रधानाध्यापक पारसनाथ यादव ने बच्चों की सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों अनिल कुमार, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अंकित कुमार एवं रागिनी सिंह को दिया है जैसा कि विदित हो कुछ दिन पूर्व राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में इसी विद्यालय से 12 बच्चों ने सफलता प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय की सफलता पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय परिवार के परिश्रम को सराहा है बच्चों की सफलता से क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर व्याप्त है शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुधाकर सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह एवं मंत्री निशा कांत यादव, टीएससीटी जिला अध्यक्ष अरविंद यादव के साथ-साथ विकासखंड के सभी शिक्षकों और




प्रमोद सिंह शेखाही ने विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस परीक्षा में देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्राईवेट स्कूलों में 3000 सीटें हैं। इंटर तक की पढ़ाई का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापको को दिया।

## दर्शनार्थियों की कार से टकराई बस, सात घायल

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

**मड़िहान।** घोरावल शिवद्वार से दर्शन कर मिर्जापुर वापस लौटते समय शुक्रवार शाम को लोहिया पुल कलवारी के पास राजकीय परिवहन निगम की असंतुलित बस व दर्शनार्थियों की कार में टक्कर हो गई। हादसे में महिला व बच्चे समेत सात लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी मड़िहान भेजा गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के त्रिमुहानी संकठा घाट निवासी राजकुमार उपाध्याय परिवार के साथ शुक्रवार को शिवद्वार दर्शन करने गए थे। दर्शन पूजन के बाद घर वापस लौट रहे थे। कलवारी से आगे बढ़े ही थे कि सामने से आ रही रोडबेज बस ने कार में टक्कर मार दिया। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग सहयोग करने पहुंच गए। तब तक मौका पाकर चालक बस लेकर चला गया। घायलों में राजकुमार उपाध्याय (55), उनकी पत्नी रेनू उपाध्याय (51), पुत्र रक्षक उपाध्याय (28), बहु सुरभि (26), पुत्री प्रतीक्षा (22) व धैर्य (9), जीविका (3) को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। उपचार के बाद उनको ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निदान सर्वोच्च प्राथमिकता पर होगाः डीएम

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



भारतीय सेना अपनी कर्तव्य निष्ठा के लिये विश्व विख्यात हैं। मातृभूमि की रक्षा करने वालों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए द्य उनकी हर एक समस्या को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए, समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए द्य यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सैनिक कल्याण समिति की आयोजित बैठक के दौरान कही। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिको की समस्याएँ सुनी, जिसमे राजस्व संबंधी 08 एवं पुलिस से संबंधी 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए द्य सैनिक कल्याण की ओर से बताया गया कि जनपद में 700 पेंशनर है द्य सैनिक कल्याण की ओर से कोषागार कार्यालय से यल0टी0ए0 फार्म सीघ्र भेजे जाने का अनुरोध किया है जिससे कि लम्बित पारिवारिक पेंशन के दस्तावेज भेजे जा सके। इसी कड़ी में ओ0आर0ओ0पी0 का भुगतान सीधे किये जाने एवं जो पूर्व सैनिक पेंशन भोगी है और उनकी पत्नी का नाम पेंशन आर्डर में दर्ज नहीं है से संबंधित सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। बताया गया कि कई पूर्व सैनिकों को एक हजार का मेडिकल भत्ता मिलना चाहिए, वह नही मिल पा रहा है, जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिको द्वारा जो भी समस्याएं बताई गयी है उसका निस्तारण शीघ्रातिशीघ्र किया जाये द्य सैनिकों के समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोई कोताही न बरती जाये,उनकी हर संभव मदद की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), वरिष्ठ कोषाधिकारी, पुनर्वास अधिकारी, आदि उपस्थित रहे।

# डीएम एसपी ने सुनी थाने में बैठकर जनसमस्याएं

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



थाना समाधान दिवस के दौरान थाना ठठिया में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएं। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद ने थाना ठठिया में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

इस दौरान प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार तहसीलदार तिर्वा, थानाध्यक्ष ठठिया सहित लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## बिच्छू गैंग का आतंक, युवक की पीट पीट कर हत्या



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले की गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में बिच्छू गैंग के सदस्यों ने चार लोगों की बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसमें घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। युवक की मौत से परिजनों मे आक्रोश है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन का छापेमारी शुरू की है। कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी अरबाज अपने साथियों के साथ गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के इंदुईया गंज मार्ग पर स्थापित स्विमिंग पूल में नहाने गया था। इस दौरान बिच्छू गैंग के सदस्य नहाने पहुंचे थे। इस दौरान किसी बात पर विवाद हो जाने पर बिच्छू गैंग के सदस्यों ने अरबाज व उसके साथियों की लोहे की राड और लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी थी। जिससे अरबाज और उसके साथी घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। अरबाज की हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर भेजा गया। जहां आज उसकी मौत हो गई।

### स्विमिंग पुल में नहाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ

सीओ सदर कन्नौज कमलेश कुमार ने बताया की स्विमिंग पुल में नहाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था, जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन आज पुलिस को सूचना मिली है कि घायल एक की मौत हो गई है, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कर दी है, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट

* शनिवार दोपहर तक हर रोज की तरह मौसम का तापमान 45 डिग्री था

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

दोपहर के वक्त काले बादल घिर गए। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिस कारण तापमान 7 डिग्री तक गिर गया और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई हालांकि जिले के कुछ गांव और कस्बों में झमाझम बारिश हुई। शनिवार दोपहर तक हर रोज की तरह मौसम का तापमान 45 डिग्री था। भीषण गर्मी और उमस से लोग त्रस्त थे। ऐसे में शनिवार को 2 बजे के बाद अचानक मौसम बदल गया। चारो तरफ काले बादल छा गए। यहां तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। हालांकि जिले के गुरसहायगंज, जलालाबाद, जसोदा समेत कई गांव और कस्बों में झमाझम बारिश भी हुई। जिस कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दोपहर 1 बजे तक तापमान 45 डिग्री था और ढाई बजे तापमान 38 डिग्री पर आ गया। जिस कारण भीषण गर्मी से लोगों ने राहत महसूस की। जिले में सीजन की यह पहली बारिश है। इससे पहले हर दिन तापमान 45 अथवा 46 डिग्री के आसपास रहता था। जिससे आमजन जीवन अस्त व्यस्त था। दोपहर के वक्त सड़कों और सन्नाटा पसरा रहता था।

### हवा चलते ही गुल हुई बिजली

बादल आते ही कन्नौज में तेज हवाएं चलने लगीं। लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली, तब तक बिजली गुल हो गई। इससे उमस और बढ़ गई। बिजली की आंख-मिचौली के कारण लोगों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

## बिल्हौर जीटी रोड किनारे चंडाली गांव के समीप अज्ञात शव मिला, पुलिस ने जांच कर पोस्टमार्टम को भेजा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर कोतवाली से कानपुर की ओर जीटी रोड किनारे बिल्हौर सिटी हॉस्पिटल के आगे अनुज कोल्ड स्टोर व चंडाली गांव के समीप अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना पर बिल्हौर पुलिस ने पहुंचकर छानबीन कर काफी देर तक राहगीरों से पहचान कराने की कोशिश की लेकिन पहचान ना हो सकी पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया गया है। लगभग उम्र 55 वर्ष बताई जा रही है कुछ राज हीरो ने बताया कि गुरुवार की शाम को इधर-उधर भटकता हुआ दिखाई पड़ा था ऐसा लग रहा था कि जैसे कि नशे की हालत में हो लेकिन उसके पास से नशे जैसी कोई वस्तु नहीं मिली है कोतवाल केशव तिवारी ने बताया कि काफी प्रयास के बाद जब शव की शिनाख्त नहीं हो सकी शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है आसपास इलाकों में फोटो भी पहचान के लिए भिजवाई गई है।

## पांडु नदी पर पुल का काम पूरा, संपर्क मार्ग का निर्माण शुरू

जन एक्सप्रेस/उन्नाव/बीघापुर। तहसील क्षेत्र के गंगा व पांडु नदी के बीच बसी दूलीखेड़ा व लालखेड़ा ग्राम सभाओं के मजरों को जोड़ने के लिए बन रहे पुल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। अब संपर्क मार्ग को बनाने का काम शुरू हुआ है। जनपद की तहसील बीघापुर की दो ग्राम सभाएं गंगा व पांडु नदी के बीच में बसी हैं। हर साल नदियों में आने वाली बाढ़ से दोनों ग्राम पंचायतों के मजरों में रहने वाले ग्रामीणों को आवागमन के लिए लकड़ी के पुल या नदी को पार करना पड़ रहा था।

# बिल्हौर थाना दिवस में पहुंचे डीएम ने कहा मेरे कार्यालय तक पहुंची शिकायतें तो खैर नहीं

* डीएम के सामने कुर्सियों पर बैठे थे तहसील कर्मचारी और इंस्पेक्टर खड़े होकर जवाब दे रहे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में डीएम ने शनिवार को सर्किल के चौबेपुर शिवराजपुर और बिल्हौर थाने पहुंचकर समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। शासन के कड़े रूख के बाद शनिवार को समाधान दिवस में डीएम राकेश कुमार सिंह के भी कड़े तेवर देखने को मिले। उन्होंने बारी-बारी से चौबेपुर शिवराजपुर और बिल्हौर थाने पहुंचकर समाधान दिवस में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं और मौके पर मौजूद पुलिस स्टाफ व राजस्व कर्मियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। हालांकि कि मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका। वह किसी भी थाने में 10-15 मिनट से ज्यादा नहीं रुके और बिल्हौर से ही कमिश्नर के साथ होने वाली मीटिंग के लिए कानपुर रवाना हो गये। वहीं डीएम के जाने के बाद चौबेपुर में एसीपी अजय त्रिवेदी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

### मेरे कार्यालय तक शिकायतें पहुंची तो खैर नहीं

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने सभी थानों में कम फरियादी देख कहा कि इससे ज्यादा शिकायतें तो मेरे कार्यालय में पहुंच जाती हैं। आप लोगों के पास फरियादी क्यों नहीं आते, क्यों कि उनका जिम्मेदारी से समाधान नहीं किया जाता। उन्होंने भविष्य में समस्याओं को जिम्मेदारी से निपटाने का निर्देश देते हुए कहा कि आपके यहां की शिकायत मेरे कार्यालय तक पहुंची तो किसी की खैर नहीं।

### जमीन बिक्री में 420 करने वालों पर करें कार्यवाही

बिल्हौर में क्रय की गई जमीन पर कब्जा न मिलने की एक शिकायत पर डीएम ने राजस्व कर्मियों से कहा कि तहसील के ऐसे मामले जिनमें किसी भी भू स्वामी द्वारा एक ही जमीन को कई बार बेंचा गया हो। ऐसे मामलों में विक्रेता को ढूंढ कर कड़ी कार्यवाही करें और यह भी देखें कि किन विक्रेताओं ने अपनी कुछ जमीन की आड़ में हमारी सरकारी जमीन दूसरों को बेंच दी है। उन्होंने ऐसे मामलों पर जल्द ही रिपोर्ट देने की भी बात कही।

### लापरवाही है तो जांच कराई जाएगी

पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चालान पर हो हल्ला कर रहे वकीलों से मांगी लिखित में शिकायत करने को कहा संपूर्ण विमान के साथ में किसका चालान हुआ कितने रुपए का चालान हुआ वह व्यक्ति कहां से कहां जा रहा था और गाड़ी पर कितने लोग बैठे थे अगर उसमें किसी की लापरवाही है तो जांच कराई जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा गाड़ियों के चालान में भ्रष्टाचार की शिकायत लेकर पहुंची अधिवक्ताओं से उन्होंने कहा कि तथ्यों के साथ लिखित में शिकायत करें। उसकी जांच कर कार्यवाही की जाएगी। हवा मे बातों करने से काम नहीं चलेगा हमको पुख्ता सबूत चाहिए हम कार्रवाई करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता संतुष्ट होकर अपने-अपने चेंबर में चले गए और जिलाधिकारी कमिश्नर की मीटिंग में कानपुर वापस चले गए

## इमरजेंसी वार्ड डायरिया व बुखार के मरीजों से फुल

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। इमरजेंसी वार्ड में सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक बुखार, डायरिया व अन्य संक्रामक रोगों से पीड़ित 15 मरीज पहुंचे। इसे सभी बेड फुल हो गए। एक बेड पर दो-दो मरीजों को भर्ती करना पड़ा। मरीजों संख्या बढ़ने से मरीजों को वार्ड नंबर एक में शिफ्ट किया गया। भीषण गर्मी में जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। सीएचसी और पीएचसी में डॉक्टर मरीजों को देखते ही जिला अस्पताल रेफर कर देते हैं।

## आदिशक्ति जगदंबा की कृपा पाने के लिए के चरणों में आश्रित रहने के लिए अग्रेषित किया: पुष्कर शुक्ला

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ग्राम बैंडी अलीपुर में माता देशपति के पावन प्रांगड़ में चल रही श्रीमद देवी भागवत महापुरान् की पावन कथा के अष्टम दिवस में कथा व्यास महाराज श्री पुष्कर शुक्ल जी के पावन मुख से समस्त देवी भक्तों को महिषासुर के वध की पावन कथा का एवं शुम्भ निशुम्भ वध एवं चंड मुंड के वधो की पावन कथा का श्रवण पान कराया जिसमे महामाई की महिमा का वर्णन किया और भक्तों को आदि शक्ति जगदम्बा की कृपा पाने के लिए उनके चरणों में आश्रित रहने के लिये अग्रेषित किया और सुंदर भजनों के साथ माता की पावन आरती कर भक्तों ने आंनद का अनुभव किया समस्त भक्तों ने मिलकर व्यास जी एवं उनके सहयोगी गण सह आचार्य श्री निखिल जी शुक्ल एवं प्रवेश मिश्रा, हेमंत मिश्रा, गोविंद भूषण, सचिन शर्मा, सिद्धशंकर मिश्रा जी की भूरि भूरि प्रशंशा की एवं कथा में , प्रमोद जी, सोनू शुक्ला, मोनू शुक्ला, सुरेश शर्मा, भगवती सिंह ,बादल सिंह आदि समस्त भक्त कथा में उपस्थित रहे सभी ने मिलकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# दो भाइयों की मौत से उजड़ा परिवार, मान जाते बात तो बच जाती जान, मां बोली, अब कौन बनेगा सहारा



* मृतक भाइयों के पिता वंशराज दिल्ली में मजदूरी करते हैं

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव जिले में सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में हादसे का शिकार हुए अभिषेक और अभय दो ही भाई थे। उनकी कमाई से घर चलता था। दोनों भाई मजदूरी कर परिवार चलाते थे। वह तीनों इन दिनों मियागंज चौराहा स्थित फल मंडी में मजदूरी कर रहे थे। शुक्रवार शाम मजदूरी करने के बाद तीनों घर गए थे। कुछ देर बाद मां संतोषी से घूमने जाने की बात कहकर निकले थे। मां ने मना भी किया, लेकिन वह नहीं माने। बाइक से तीनों निकल पड़े। घर से करीब दो किलोमीटर दूर पहुंचे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। कुछ देर पहले जिस मां ने बच्चों को पानी दिया, चाय पिलाई। उसे दोनों बेटों की मौत की खबर पहुंची तो वह बदहवास हो गई और गश खाकर गिर गई। अन्य परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक भाईयों के पिता वंशराज दिल्ली में मजदूरी करते हैं। दोनों बच्चों की मौत की जानकारी पर घर के लिए निकले हैं।

### मजदूरी के साथ पढ़ाई और सेना की कर रहे थे तैयारी

हादसे का शिकार हुए अभिषेक और उसका छोटा भाई अभय दोनों मजदूरी के साथ पढ़ाई भी करते थे। अभिषेक ने इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। वहीं अभय हाईस्कूल का छात्र था। मेहनत करने के बाद पढ़ाई फिर भविष्य संवारने के लिए दोनों भाई सेना में जाने की तैयारी भी कर रहे थे।

### मां बोले जा रही थी अब कौन बनेगा बुढ़ापे का सहारा

इसके लिए वह रोजाना सुबह दौड़ने जाते थे। माता पिता भी दोनों बच्चों की लगन को देखकर उन्हें आगे का भविष्य उज्जवल दिख रहा था। लेकिन एक हादसे ने सब कुछ बदल दिया। भविष्य संवारना तो दूर बुढ़ापे का सहारा भी छिन गया। मृतकों की मां संतोषी यह बोले जा रही थी कि अब कौन बुढ़ापे का सहारा बनेगा।

### हाईस्कूल का छात्र था जय, परिवार का था सहारा

हादसे का शिकार हुआ जय दो भाईयों में बड़ा था। वह हाईस्कूल का छात्र था। पिता बबलू भी मजदूरी करते हैं। घर की आर्थिक स्थिति सही न होने से वह भी अपने ममेरे भाईयों के साथ काम पर जाता था। इस समय छुट्टी होने से वह आम की मंडी में काम करने जाता था। एक ही मोहल्ले में पूरा परिवार रहने से तीनों एक साथ जाते और आते थे। बेटे की मौत से पिता के साथ मां ललिता छोटा भाई सूर्या और अन्य परिजन बेहाल हैं।

### भाइयों को ट्रक ने कुचल दिया

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर देर शाम 7¬20 बजे दो तेज रफ्तार बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई थी। सड़क पर गिरे एक बाइक पर सवार तीन भाइयों को ट्रक ने कुचल दिया। तीनों की मौके पर मौत हो गई थी। दूसरी बाइक पर सवार युवक की हालत गंभीर है।

### पुलिस ने ट्रक व चालक को पकड़ लिया

मौत की सूचना से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। हादसे से आक्रोशित परिजनों ने हंगामे का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने समझाकर शांत करा दिया। थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि बाइकों की टक्कर में सभी सड़क पर गिरे थे। तभी लखनऊ की ओर जा रहे ट्रक से तीन युवकों को कुचल दिया। ट्रक व चालक को पकड़ लिया गया है।

### एक ही बाइक से घूमने के लिए निकले थे तीनों

आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा मियागंज के मोहल्ला नेवातीटोला निवासी वंशराज का पुत्र अभिषेक (20), अपने छोटे भाई अभय (17) और ममेरे भाई जय राठौर (14) के साथ मियागंज चौराहा के पास आम मंडी में मजदूरी करता था। शाम को तीनों एक ही बाइक से घूमने के लिए निकले थे।

### बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई

लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर मियागंज सीएचसी के सामने हरदोई शहर के सुभाषनगर निवासी सौरभ (25) की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। तेज रफ्तार होने से चारों सड़क पर गिर गए। इसी दौरान लखनऊ से बांगरमऊ की ओर से जा रहे ट्रक ने सड़क पर गिरे तीनों भाइयों को रौंद दिया।

### युवकों के पास मिले मोबाइल से परिजनों को दी जानकारी

उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार सौरभ को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर आसीवन पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाकर तीनों शवों को किनारे कराया। युवकों के पास मिले मोबाइल से परिजनों को जानकारी दी गई।

## असोहा में 2.34 करोड़ और पुरवा में 90 लाख से होंगे विकास कार्य

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

दो विकासखंडों में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में तीन करोड़ से ज्यादा के प्रस्तावों पर मुहर लगी। असोहा में 2.34 करोड़ से और पुरवा विकास खंड क्षेत्र में 90 लाख से काम कराने पर सहमति बनी। असोहा ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख आनंद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। सदन में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराए गए विकास कार्यों पर चर्चा हुई। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, सिंचाई, पंचायतीराज और कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों ने प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दी। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बीडीओ मुनेश कुमार ने कहा कि किसानों के लिए कृषि क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। सभी मिलकर पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। इस दौरान क्षेत्र पंचायतों सदस्यों से मिले प्रस्तावों के आधार पर 2.34 करोड़ की कार्ययोजना सदन में पास हुई। बैठक में मोहन सिंह, महेंद्र लोधी, देशराज रावत, बंसल, ललित, सुनील लोधी, अनिल विमल, दिनेश, शिव प्रसाद आदि प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। हीं, पुरवा ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत प्रमुख सतीश चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 90 लाख के विकास कार्यों के प्रस्ताव बीडीसी से लिए गए। प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों के वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे। बीडीओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि 90 लाख के प्रस्ताव में इंटरलाकिंग, वाटर कूलर, खड़ंजा, नाली निर्माण के साथ मवेशियों को पकड़ने के लिए एक कैटल कैचर खरीदा जाएगा। ममरेजपुर के सदस्य राम विनोद कुशवाहा ने बिजली की समस्या उठाई। मुरैता प्राचीन की गीता साहू ने गांव में इंटरलॉकिंग की मांग रखी। कोडरा प्रधान अरविंद कुमार ने प्राथमिक विद्यालय नयागांव में आरओ प्लांट की मांग की। इस दौरान मनमोहन सिंह, राखी द्विवेदी, प्रधान अवधेश चौरसिया, कंचन लोधी, कल्पना चौरसिया सहित अन्य प्रधान व बीडीसी मौजूद रहे।

## बदला 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर, 30 घंटे बाद 12 मोहल्लों में आई बिजली

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

पॉवर हाउस विद्युत उपकेंद्र में लगा 5 एमएवीए का ट्रांसफार्मर खराब होने से 12 मोहल्लों में 30 घंटे तक बिजली नहीं आई। शुक्रवार को नया ट्रांसफार्मर लगवाने के बाद देर शाम बिजली आपूर्ति शुरू कराई जाएगी। बिना बिजली के लोगों के ये 30 घंटे बेचैनी में ही कटे। न तो लोग चैन की नींद ले पाए और न ही खाना खा पाए। पानी का भी संकट बना रहा। बृहस्पतिवार को दोपहर पॉवर हाउस उपकेंद्र में लगा 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया था। निगम के पास ये ट्रांसफार्मर स्टॉक में भी नहीं रहता है। ऐसे में परेशानी होना तय था। ट्रांसफार्मर खराब होने से एक दर्जन के करीब मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई। इसमें खरगजीत नगर, आवास विकास सेक्टर एक और दो, अवध नगर, रेलवे स्टेशन, नगला गोवर्धन, भांवत चौराहा, नगला जुला, बिछिया रोड, मलिक मिल कॉलोनी, न्यू देवपुरा और बंशगोहरा शामिल रहे। इन मोहल्लों में बिजली आपूर्ति ठप हुई तो हाहाकार मच गया। लोगों ने यहां-वहां फोन घुमाए, लेकिन कहीं भी ये पता नहीं चला सका कि आखिर बिजली कब आएगी। इसी बीच विद्युत निगम के अधिकारियों से आगरा से 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर मंगाने के लिए आगरा के अधिकारियों को सूचना दी। शुक्रवार को दोपहर बाद आगरा से 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर पहुंचा तो उसे लगाने का काम शुरू कर दिया। ट्रांसफार्मर लगाने के बाद रात 9 बजे के करीब बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी।

## गबन के शिकार वृद्ध ने पीएमजी कार्यालय को भेजी शिकायत

जन एक्सप्रेस/मैनपुरी। शहर के बालाजीपुरम निवासी वृद्ध बृजेश कुमार मिश्रा ने पीएमजी कार्यालय आगरा को शिकायत भेजी है। इसमें बताया कि प्रधान डाकघर में संचालित उनके दो खातों से 15 लाख रुपये का गबन कर लिया गया था। इसकी एफआईआर भी उन्होंने कोतवाली में दर्ज कराई थी। जांच में भी उन्होंने पूरा सहयोग किया। इसके बाद डाक अधीक्षक ने पीएमजी कार्यालय फाइल भेजकर भुगतान की बात कही। इसके बाद 6 माह का समय बीतने के बाद भी अधिकारियों ने फाइल नहीं भेजी। फाइल न भेजे जाने से उनके खाते से गबन हुई।

# देश में एंटी पेपर लीक कानून लागू हुआ, 10 साल की सजा का प्रावधान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में एंटी-पेपर लीक कानून यानी पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू हो गया है। केंद्र ने नोटिफिकेशन जारी किया। यह कानून भर्ती परीक्षाओं में नकल और अन्य गड़बड़ियां रोकने के लिए लाया गया है। इस कानून के तहत, पेपर लीक करने या आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम 3 साल जेल की सजा होगी। इसे 10 लाख तक के जुर्माने के साथ 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है। परीक्षा संचालन के लिए नियुक्त सर्विस प्रोवाइडर अगर दोषी होता है तो उसे 5 से 10 साल तक की जेल की सजा और 1 करोड़ रुपए तक जुर्माना होगा। सर्विस प्रोवाइडर अवैध गतिविधियों में शामिल है, तो उससे परीक्षा की लागत वसूली जाएगी। नीट और यूजीसी-नीट जैसी परीक्षाओं में गड़बड़ियों के बीच यह कानून लाने का फैसला बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे पहले, केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों के पास परीक्षाओं में गड़बड़ी से जुड़े अपराधों से निपटने के लिए अलग से कोई ठोस कानून नहीं था।




### सरकार ने आनन-फानन में अधिसूचना जारी क्यों की?

दरअसल, मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाली नीट परीक्षा गड़बड़ी को लेकर विवादों में हैं। केंद्र की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस साल 5 मई को यह एग्जाम लिया था। इसमें लगभग 24 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। रिजल्ट 4 जून को आया था। इसमें 67 बच्चे ऐसे हैं, जिन्होंने सौ फीसदी स्कोर किया यानी 720 नंबर की परीक्षा में उन्होंने पूरे 720 नंबर हासिल किए। ऐसा पहली बार हुआ कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों ने पूरे सौ फीसदी नंबर हासिल किए हों। साल 2023 में सिर्फ दो छात्रों को सौ फीसदी नंबर आए थे। इसके बाद पता चला कि 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। फिर परीक्षा का पेपर लीक होने का भी खुलासा हुआ। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जिसके बाद केंद्र ने ग्रेस मार्क्स वाले 1563 स्टूडेंट्स के स्कोर कार्ड रद्द कर दिए गए और 23 जून को दोबारा इनकी परीक्षा लेने की बात कही। नीट में गड़बड़ी और री-एग्जाम की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक 5 याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

### राष्ट्रपति ने 12 फरवरी को कानून को मंजूरी दी थी

पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, इसी साल 6 फरवरी को लोकसभा और 9 फरवरी को राज्यसभा से पारित हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को बिल को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया। इस कानून में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षाएं शामिल होंगी। केंद्र के सभी मंत्रालयों, विभागों की भर्ती परीक्षाएं भी इस कानून के दायरे में होंगी। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे।

### एग्जाम सेंटर में नहीं मिलेगी हर किसी को एंट्री

ये कानून ऑर्गेनाइज्ड गैंग्स, माफिया और इस तरह के कामों में लगे हुए लोगों से निपटने के लिए लाया गया है। इसके साथ ही अगर सरकारी अधिकारी भी इसमें शामिल पाए जाते हैं, तो उनको भी अपराधी माना जाएगा। किसी भी ऐसे व्यक्ति को जिसे पब्लिक एग्जाम या उससे जुड़ा काम नहीं दिया गया है, उसे एग्जाम सेंटर में एंट्री नहीं दी जाएगी।

### 4 साल तक के लिए एग्जाम सेंटर सस्पेंड होगा

एंटी-पेपर लीक कानून के तहत, अगर किसी गड़बड़ी में एग्जाम सेंटर की भूमिका पाई जाती है तो उस सेंटर को 4 साल तक के लिए सस्पेंड किया जा सकता है। यानी उस सेंटर को अगले 4 साल तक के लिए कोई भी सरकारी एग्जाम कराने का अधिकार नहीं होगा। किसी संस्थान की संपत्ति कुर्क करने और जब्त करने का भी प्रावधान है और उससे परीक्षा की लागत भी वसूली जाएगी। कानून के तहत, कोई भी अधिकारी जो डीएसपी या एसीपी के पद से नीचे न हो, परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों की जांच कर सकता है। केंद्र सरकार के पास किसी भी मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने की शक्ति है।

### इन परीक्षाओं में पेपर लीक होने पर होगी सजा

कानून लागू होने के बाद यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं इसके दायरे में होंगी। मेडिकल में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा पर इन दिनों जमकर विवाद हो रहा है. दरअसल 5 मई को हुए नीट के एग्जाम में सभी को चौंकाते हुए एक यो दो नहीं पूरे 67 बच्चों ने टॉप किया है. वहीं यूजीसी नेट में पेपर लीक होने के बाद भी काफी विवाद हुआ। कई परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक होने के बाद शुक्रवार को सरकार ने एंटी पेपर लीक कानून आज से लागू कर दिया है।

### सार्वजनिक परीक्षा में नकल की रोकथाम के लिए दोषियों को 3 साल की सजा होगी

वहीं सार्वजनिक परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने पर तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### धर्मेंद्र प्रधान से सवाल किए जाने के एक दिन बाद लागू हुआ कानून

अधिनियम की अधिसूचना केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से पूछे जाने के ठीक एक दिन बाद आई है। परीक्षाओं के लगातार पेपर लीक होने को लेकर शिक्षा मंत्री से मीडिया ने सवाल किया था कि यह कानून कब लागू किया जाएगा। जिस पर मंत्री ने कहा था कि कानून मंत्रालय नियम बना रहा है, जल्द ही इसे लागू किया जाएगा।

# बिहार में एक और पुल धराशायी

## अब सीवान में नहर पर बना ब्रिज भरभरा कर गिरा, आवागमन ठप



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार में फिर से पुल हादसा हुआ है। चार दिन के अंदर दूसरा पुल भरभरा कर गिर गया। सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया। दरअसल, शनिवार सुबह अचानक पुल का एक पाया धंसने लगा। देखते ही पुल नहर में समा गया। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं।

### कुछ दिन पहले ही नहर की सफाई करवाई गई थी

ग्रामीणों का कहना है कि 30 साल पहले बिहार सरकार ने इस पुल का निर्माण करवायाा। कुछ दिन पहले ही विभाग नहर की सफाई करवाई गई थी। साथ ही नहर की मिट्टी काटकर नहर के बांध पर फेंक दी गई थी। ग्रामीणों का दावा है कि इसी कारण पुल का पाया कमजोर हो गया। आज पाया टूट गया, जिससे पुल नहर में गिर गया। घटना के बाद प्रशासन ने जांच टीम का गठन किया है।

### 18 जून को बकरा नदी पर बना पुल गिरा था

बता दें कि 18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत बने इस पुल की लागत 7.79 करोड़ रुपये थी। 182 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था। शुरुआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का था, लेकिन बाद में नदी की धारा बदलने और एप्रोच सड़क को लेकर कुल 12 करोड़ की लागत का हो गया था।

### 30 साल पुराना था यह पुल

वहीं पुल हादसे के बाद वहां पर दोनों ओर से दोनों गांव के लोग इकट्ठे हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले नहर की सफाई की गई थी, जिसमें यहां से मिट्टी काटकर नहर के बांध में फेंकी गई थी। इस से पुल का पिलर काफी कमजोर हो गया और ज्यादा लोड होने के वजह से यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि 30 फीट चौड़ा और 30 साल पुराना यह पुल था। वही ग्रामीणों का कहना था कि पुल टूटने के बाद भी अभी तक कोई विभाग के लोग जायजा लेने नहीं पहुंचे हैं। इसके टूट जाने की वजह से काफी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा। बच्चे स्कूल नहीं जा पाएंगे और एक गांव से दूसरे गांव में आने जाने के लिए यही एक पुलिया ही सहारा था।

# भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों की आव्रजन प्रक्रिया में आएगी तेजी: अमित शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया। इसके तहत पूर्व-सत्यापित भारतीय नागरिकों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों की आव्रजन प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। गृह मंत्री ने फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (स्नझ्रढ्ढ-ञ्जञ्जक्क) की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य भारतीय नागरिकों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों के लिए यात्रा के अनुभव को तेज, आसान और ज्यादा सुरक्षित बनाना है।

### सरकार की एक दूरदर्शी पहल

एक अधिकारी ने कहा कि फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (एफटीआई-टीटीपी) सरकार की एक दूरदर्शी पहल है। इसे सोच-समझकर भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए तैयार किया गया है। इसके लिए योग्य व्यक्तियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। लोगों को आवेदन पत्र में बताए गए जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और चेहरा प्रमाणीकरण) जमा करना होगा।

### बायोमेट्रिक्स की जानकारी देना जरूरी

उन्होंने कहा कि एफटीआई पंजीकरण अधिकतम पांच साल या पासपोर्ट की वैधता तक वैध माना जाएगा। जिन उम्मीदवारों के आवेदन को स्वीकारा जाएगा, उन्हें अपने बायोमेट्रिक्स की जानकारी देनी होगी। स्वीकृत आवेदनों को उनके बायोमेट्रिक्स विवरण प्रदान करने के लिए एक अपॉइंटमेंट लेने का संदेश मिलेगा। आवेदक पूर्व नियुक्ति कार्यक्रम के अनुसार भारत में नामित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों या निकटतम विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) में अपने बायोमेट्रिक्स दे सकते हैं।

# स्कूल के पीछे झाड़ियों में महिला का नग्न अवस्था में शव मिलने से सनसनी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमरावती

आंध्र प्रदेश के एक गांव में एक युवती का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। दरअसल, लड़कियों के हाई स्कूल के पास झाड़ियों में 21 वर्षीय एक महिला का शव बिना कपड़ों के मिला। पुलिस ने कहा कि उन्हें संदेह है कि महिला की हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बापटला जिले के एपुरुपालम गांव की युवती सुबह स्कूल के पास शौच के लिए गई थी, जो रेलवे ट्रैक के करीब है, लेकिन वापस नहीं लौटी। बापटला जिले के पुलिस अधीक्षक वकुल जिंदल ने बताया कि महिला सुबह साढ़े पांच बजे से पौने छह बजे के बीच शौच के लिए गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। जब काफी समय बीत गया तो परिवार को चिंता हुई और तलाश शुरू कर दी। बाद में युवती का नग्न अवस्था में शव मिला। एक अधिकारी ने कहा कि हत्या की जांच के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। पुलिस को संदेह है कि महिला के साथ दुष्कर्म भी किया गया है।

# वाईएसआरसीपी के दफ्तर पर चला बुल्डोजर

## जगन रेड्डी ने कहा, प्रतिशोध की राजनीति कर रही टीडीपी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

वाईएसआरसीपी का ताडेपल्ली का केंद्रीय कार्यालय शनिवार को ध्वस्त कर दिया गया। वाईएस जगन मोहन रेड्डी का कहना है कि चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। आंध्रप्रदेश के गुंटूर जिले के ताडेपल्ली में विपक्षी पार्टी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को शनिवार को बुल्डोजर से ध्वस्त कर दिया गया है। इसके बाद वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए यह तोड़फोड़ हुई है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर बताया कि चंद्रबाबू नायडू प्रतिशोध की राजनीति कर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालय को ध्वस्त कर प्रतिशोध की राजनीति को अगले स्तर पर ले जाया जा रहा है। उन्होंने टीडीपी नेता को एक तानाशाह बताते हुए कहा कि तानाशाह की तरह उन्होंने वाईएसआरसीपी के केंद्रीय कार्यालय की मशीनों से खुदाई कर बुल्डोजर से ध्वस्त करवा दिया। उन्होंने बताया कि कार्यालय लगभग पूरा बन चुका था। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग 5:30 बजे तोड़फोड़ शुरू कर दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीडीपी, बीजेपी और जनसेना वाली एनडीए सरकार के तहत दक्षिणी राज्य में कानून और न्याय पूरी तरह से गायब हो गया है। उन्होंने कहा कि यह विध्वंस दर्शाता है कि अगले पांच वर्षों में नायडू का शासन कैसा होगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी इस तरह की प्रतिशोध की राजनीति से डरेगी नहीं। उन्होंने वादा किया कि वे लड़ेंगे।

### अदालत के आदेश की अवहेलना कर किया गया ध्वस्तीकरण

वाईएसआरसीपी ने अनुसार सीआडीए की कार्रवाई अदालत की अवमानना के समान है। उन्होंने कहा कि अदालत ने किसी भी प्रकार की ध्वस्तीकरण गतिविधि पर रोक लगाने का आदेश दिया था। जिसकी जानकारी पार्टी के वकील ने सीआरडीए आयुक्त को दी थी। बावजूद प्राधिकरण ने आगे बढ़कर ढांचे को ध्वस्त किया।

# कल्लाकुरिचि घटना में मरने वालों की संख्या 50 पहुंची, स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम मा ने दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में 19 जून को जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 50 पहुंच गई है। यह जानकारी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और डीएमके (द्रविड़ मुनेत्र कड़गम) नेता सुब्रमण्यम मा ने दी। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज और अन्य अस्पतालों में भर्ती जहरीली शराब पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें बेहतर इलाज मुहैया कराने के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया, 'जहरीली शराब पीने के कारण पीड़ित 185 लोगों को चार अस्पतालों अस्पतालों, कल्लाकुरिची अस्पताल, पुडुचेरी में अस्पताल, सलेम सरकारी अस्पताल और विलुप्पुरम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिनमें 50 लोगों की मौत हो चुकी है।

# बंगाल रेल हादसे का असर, मध्य पूर्व रेलवे ने नियमों में किया बदलाव, ड्राइवरों को दी हिदायत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कंचनजंघा एक्सप्रेस हादसे से सबक लेते हुए मध्य पूर्व रेलवे (ईसीआर) ने अपने क्षेत्र के स्टेशन मास्टरों को निर्देश दिया है कि वे स्वचालित सिग्नल सिस्टम में खराबी की स्थिति में ट्रेन ड्राइवरों को सिग्नल पार करने का अधिकार देने वाला फॉर्म टी/ए 912 जारी न करें। कंचनजंगा एक्सप्रेस-मालगाड़ी की टक्कर में 10 लोगों की मौत के कुछ दिनों बाद ही यह निर्देश जारी किया गया है।



### अगले आदेश तक लागू रहेगी रोक

मध्य पूर्व रेलवे द्वारा 21 जून को जारी आदेश के अनुसार, टी/ए 912 पत्र जारी करने पर रोक लगाने का फैसला मध्य पूर्व रेलवे की सुरक्षा बैठक में लिया गया। ईसीआर ने कहा, %मध्य पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा प्रधान विभागाध्यक्ष और डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) के साथ की गई सुरक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया है कि स्वचालित सिग्नल की खराबी के दौरान टी/ए 912 को अगली सलाह तक जारी नहीं किया जाएगा।

### नियमों में बदलाव कर की गई ये व्यवस्था

मध्य पूर्व रेलवे जोन के आदेश में कहा गया है कि %टी/ए 912 के स्थान पर अब दोहरी लाइन के लिए अगले आदेश तक जीएंडएसआर 9.02 का नोट जारी किया जाएगा। जीएंडएसआर 9.02 के अनुसार, स्वचालित सिग्नल सिस्टम की खराबी की स्थिति में ट्रेन चालक प्रत्येक लाल सिग्नल पर दिन के समय एक मिनट और रात में दो मिनट के लिए रुकेंगे, और फिर जब आगे का दृश्य स्पष्ट हो तो 15 किमी प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ेंगे। अगर अगले सिग्नल तक किसी भी वजह से आगे का दृश्य बाधित है तो फिर ट्रेन चालक 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले, पूर्वी रेलवे जोन ने भी 19 जून को इसी तरह का आदेश देकर रेल अधिकारियों को टी/ए 912 फॉर्म जारी करने पर रोक लगा दी थी। हालांकि अगले ही दिन उसने आदेश वापस ले लिया।

### चालक यूनियन ने मालगाड़ी चालक की गलती मानने से किया इनकार

17 जून को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में मालगाड़ी ने यात्री ट्रेन कंजनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। जहां हादसा हुआ वह पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन के अंतर्गत आता है। जांच में पता चला है कि अधिकारियों ने मालगाड़ी और यात्री गाड़ी, दोनों ट्रेनों के ड्राइवरों को टी/ए 912 जारी किया गया था क्योंकि रानीपात्रा स्टेशन-चत्तर हाट जंक्शन पर स्वचालित सिग्नल प्रणाली खराब थी। रेलवे बोर्ड ने अपनी प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा था कि जिस मालगाड़ी ने टक्कर मारी, उसकी गति बहुत अधिक थी, जबकि चालक यूनियनों ने दावा किया है कि नोट पर गति प्रतिबंध का उल्लेख नहीं है और उसके सदस्य की कोई गलती नहीं थी।

### रेलवे लोको रनिंगमैन संगठन के अध्यक्ष का बयान

17 जून की दुर्घटना पर रेलवे बोर्ड ने कहा था कि मालगाड़ी के चालक को हर खराब सिग्नल पर एक मिनट रुकने के बाद 10 किमी प्रति घंटे की गति बनाए रखनी चाहिए थी, लेकिन भारतीय रेलवे लोको रनिंगमैन संगठन (आईआरएलआरओ) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा था, %टी/ए 912 फॉर्म, जीएंडएसआर 9.02 के प्रावधानों को निलंबित करने के लिए ही जारी किया गया, जो चालक को 10 किमी प्रति घंटे की गति बनाए रखने के लिए बाध्य करता है। टी/ए 912 तब जारी किया जाता है जब दो स्टेशनों के बीच सभी लाइनें खाली होती हैं और यह चालक को उस खंड में सामान्य लागू गति सीमा पर चलने के लिए अधिकृत करता है।% किसी भी ट्रेन की लागू सामान्य गति, जिसे बुक की गई गति भी कहा जाता है, 130 किमी प्रति घंटे तक होती है। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न रेलवे जोन और डिवीजनों में निर्देश जारी करना और उन्हें वापस लेना यह बताता है कि रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को आपस में बैठकर तय करने की जरूरत है कि क्या नियम लागू किए जाने चाहिए और क्या नहीं।

# भारत में महिला शोधकर्ताओं की संख्या बढ़ी, जापान-मिस्र को पीछे छोड़ दुनिया में तीसरे नंबर पर आया देश



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में महिला शोधकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और इस वृद्धि में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है। बावजूद, शोध क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर लैंगिक असमानता के चलते पुरुषों के मुकाबले अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वैज्ञानिक सूचना प्रसारक एल्सेवियर ने 'शोध और नवाचार में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति - 2024 की समीक्षा' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। एल्सेवियर इंडिया में अनुसंधान एवं शैक्षणिक मामलों के उपाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप संचेती के मुताबिक, भारत में महिला शोधकर्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि लैंगिक समानता के लिए चल रहे प्रयासों को उजागर करती है और यह वास्तव में उत्साहजनक है। उनका कहना है कि हालांकि, हमने अधिक समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं।

### 10 वर्षों में 2 फीसदी वार्षिक दर से बढ़ी संख्या

भारत में पिछले 10 वर्षों में सक्रिय महिला शोधकर्ताओं की संख्या प्रति वर्ष 2 फीसदी की दर से बढ़ रही है। इस अवधि के दौरान केवल मिस्र और नीदरलैंड्स में महिला शोधकर्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट में 20 वर्षों में कई विषयों और भौगोलिक क्षेत्रों में समावेश और विविधता का विश्लेषण करते हुए पाया गया कि भारत में अब महिलाएं सक्रिय शोधकर्ताओं का 33 प्रतिशत हिस्सा हैं। वहीं, जापान में यह 22 प्रतिशत और मिस्र में 30 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शोध उत्पादक देश है।

### स्वास्थ्य विज्ञान में ज्यादा सक्रियता

स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में भारत में 2022 में शोधकर्ताओं की संख्या में पुरुषों और महिलाओं की संख्या लगभग समान हो गई। सभी सक्रिय शोधकर्ताओं में से 41 प्रतिशत महिलाएं थीं। यह 40-60 प्रतिशत के बीच का संतुलन या लिंग समानता के तौर पर माना जाता है। वहीं,देश में जीवन विज्ञान के शोध क्षेत्र में लैंगिक समानता 2021 में हासिल कर ली गई थी। जीवन विज्ञान में 2022 तक महिला शोधकर्ताओं ने सक्रिय शोधकर्ताओं के 43 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व किया। उधर,वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विज्ञान शोध के क्षेत्र में 2022 तक सक्रिय शोधकर्ताओं में महिला शोधकर्ताओं का हिस्सा 41 रहा। यह महिलाओं का स्वास्थ्य विज्ञान में मजबूत प्रतिनिधित्व था।

### पेटेंट में पीछे है आधी आबादी

रिपोर्ट बताती है कि महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बहुत कम पेटेंट आवेदन भी दायर किए हैं। साल 2022 तक किए पेटेंट आवेदनों में से तीन-चौथाई या तो अकेले पुरुषों ने या केवल पुरुषों वाली टीमों ने दायर किए गए हैं। लगभग सभी पेटेंट दाखिल करने वाली टीमों (97 प्रतिशत) में कम से कम एक पुरुष है। इसके उलट, 2022 तक केवल तीन प्रतिशत पेटेंट आवेदन केवल महिलाओं वाली टीमों ने दायर किए गए हैं।

### यूएन में महिला शोधकर्ता सबसे अधिक

रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर काम करने वाले सक्रिय शोधकर्ताओं में महिलाओं की संख्या सबसे अधिक है। वैश्विक स्तर पर जटिल चुनौतियों को हल करने के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले बहु-विषयक शोध में पुरुषों के मुकाबले में महिलाओं की संख्या थोड़ी अधिक है।

### शोध में 2052 तक समग्र लैंगिक समानता की उम्मीद नहीं

रिपोर्ट बताती हैं कि बीते दो दशकों में महिलाओं ने शोध के क्षेत्र में प्रगति की है, लेकिन सभी क्षेत्रों में समान नहीं रही है। उदाहरण के लिए, भौतिक विज्ञान में सक्रिय शोधकर्ताओं में महिलाओं की संख्या महज 33 प्रतिशत ही है। रिपोर्ट कहती है कि वर्तमान दर पर वैश्विक स्तर पर शोध में लैंगिक समानता अभी दूर की कौड़ी है। अनुमान लगाया गया है कि शोध के क्षेत्र गणित, इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर विज्ञान में महिला शोधकर्ताओं की संख्या बढ़ रही है। बावजूद इसके 2052 तक पूरी तरह से लैंगिक समानता की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)